श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 120, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

बजट 2024

₹ 48.21 लाख करोड़ रुपये का बजट

# निर्मल बजट

## बजट में मध्यम वर्ग को कर राहत, रोजगार सृजन, छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन पर जोर

## सीतारमण ने अपना सातवां और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया

*मंगलवार को पेश आम बजट में आयकर मोर्चे पर मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत देने और अगले पांच साल में रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपये के आवंटन किया गया है। मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव हो गया है।*

## स्टार्टअप में निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी/ ब्यूरो

आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग एवं नौकरीपेशा लोगों को राहत के साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों के शासन वाले राज्यों- बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए कई परियोजनाओं का भी ऐलान किया। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया। वहीं आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है।

सीतारमण ने अपना सातवां और नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करते हुए स्टार्टअप में सभी श्रेणी के निवेशकों के लिए एंजल कर समाप्त करने की घोषणा की। जब कोई गैर-सूचीबद्ध या स्टार्टअप कंपनी शेयर जारी कर पूंजी जुटाती है और उसका मूल्य कंपनी के उपयुक्त बाजार मूल्य से अधिक होता है, तब उस पर एंजल कर लगाया जाता है। बजट में मोबाइल फोन एवं सोने पर सीमा शुल्क में कटौती की गई है और पूंजीगत लाभ कर को सरल बनाया गया है। हालांकि, वित्त मंत्री ने प्रतिभूतियों के वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) को बढ़ा दिया। बिहार के लिए एक्सप्रेसवे, बिजलीघर, हेरिटेज कॉरिडोर और नए हवाई अड्डों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 60,000 करोड़ रुपये का आवंटन करने की घोषणा की। बिहार में भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू राज्य के लिए आर्थिक पैकेज और विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर रही है। इसी तरह, आंध्र प्रदेश के लिए बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय सहायता के रूप में 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) हाल ही में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुई है। सीतारमण ने कहा इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई और मध्यम वर्ग और पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और अन्य अवसर उपलब्ध कराने की योजनाओं और उपायों के लिए पांच साल की अवधि में दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का निर्धारण किया गया है। उन्होंने मध्यम वर्ग के लिए मानक कटौती को 50 प्रतिशत बढ़ाकर 75,000 रुपये करने के साथ नई आयकर व्यवस्था का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए कर स्लैब में बदलाव किया। मानक कटौती के तहत आयकर की गणना करने से पहले वर्ष में अर्जित कुल वेतन में से निश्चित राशि घाटा दी जाती है। उन्होंने कहा कि इससे करदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत सालाना 17,500 रुपये तक की बचत होगी। नई व्यवस्था में कर की दरें कम हैं। हालांकि, इसमें मिलने वाली छूट भी न के बराबर है। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बजट में कंपनियों के लिए प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इसमें पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक महीने के वेतन का भुगतान और रोजगार के पहले चार वर्षों में उनके सेवानिवृत्ति निधि अंशदान के संबंध में नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल के लिए 3,000 रुपये प्रति माह तक का 'रिम्बर्समेंट' शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि कौशल में सुधार के साथ छात्रों के लिए इंटर्नशिप के लिए एक कार्यक्रम चलाया जाएगा। उच्च शिक्षा के लिए रियायती कर्ज भी प्रदान किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में भारत की आधिकारिक बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत आंकी गई है, लेकिन निजी एजेंसियों के मुताबिक इसका स्तर कहीं अधिक है। सीतारमण ने कहा कि सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2024-25 के लिए फरवरी में पेश अंतरिम बजट में अनुमानित 5.1 प्रतिशत से कम है। इसका कारण मजबूत कर संग्रह और भारतीय रिजर्व बैंक से अपेक्षा से अधिक लाभांश प्राप्ति है। उन्होंने सकल बाजार उधारी को मामूली रूप से घटाकर 14.01 लाख करोड़ रुपये कर दिया। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ किफायती आवासों के निर्माण के लिए सहायता, छोटे और मझोले उद्यमों को कर्ज सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, मुद्रा योजना के तहत छोटे उद्यमों के लिए कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये, 12 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में उधारियों को छोड़कर कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ और व्यय 48.21 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया है। शुद्ध कर प्राप्ति 25.83 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है।

### केन्द्रीय बजट 2024-25 (पैसे में)




| आता है | जाता है |
|---|---|
| उधारी एवं अन्य देनदारियां | केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं |
| निगमित कर | केन्द्रीय योजना आयोजना |
| आयकर | ब्याज भुगतान |
| सीमाशुल्क | रक्षा |
| केन्द्रीय उत्पाद शुल्क | आर्थिक सहायता |
| माल और सेवा कर | वित्त आयोद एवं अन्य अंतरण |
| गैर कर राजस्व | कर एवं शुल्कों में राज्यों का हिस्सा |
| गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियां | पेंशन |
| | अन्य व्यय |



**32.07** लाख करोड़ रुपये बजट अनुमान, ऋण को छोड़कर कुल प्राप्तियां

**4.9%** जीडीपी का वित्तीय घाटा

**4.5%** से घाटे को अगले साल तक नीचे लाने का लक्ष्य

**25.83** लाख करोड़ रुपये सकल कर प्राप्ति

**12** लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3 .4 प्रतिशत) का प्रावधान पूंजीगत व्यय के लिए

### बजट की प्राथमिकताएं

- खेती में उत्पादकता
- रोजगार और क्षमता विकास
- समग्र मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय
- विनिर्माण और सेवाएं
- शहरी विकास
- ऊर्जा सुरक्षा
- अधोसरंचना
- नवाचार, शोध और विकास
- अगली पीढ़ी के सुधार

**4.1** करोड़ युवाओं के लिए पांच साल में रोजगार

**15** हजार रुपये तक के एक महीने का वेतन ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को प्रोत्साहन राशि

**32** कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी किसानों की खेतीबाड़ी के लिए

**1.52** लाख करोड़ रुपये का आवंटन कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए

**15,000** करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता आंध्र प्रदेश को मौजूदा वित्त वर्ष में मिलेगी

**3** लाख करोड़ का आवंटन महिलाओं और लड़कियों को फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए

**15,000** से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का प्रस्ताव पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती पर

**1,000** करोड़ की उद्यम पूंजी निधि मिलेगी अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को पांच गुणा बढ़ेगी

**6%** सीमा शुल्क घटा सोने और चांदी पर, प्लेटिनम पर 6 .4 प्रतिशत

**3** दवाइयां कैंसर की ट्रेस्टूजुमाब डिरूक्सटीकेन, ओसिमर्टिनिब और डुर्वालुमैब को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट

**01** करोड़ किसानों को प्रमाण-पत्र और ब्रांडिंग के साथ दो वर्षों में देश में प्राकृतिक कृषि से जोड़ा जाएगा

**10,000** आवश्यकता आधारित जैव-आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे प्राकृतिक खेती के लिए

**21,400** करोड़ रुपये की लागत से विद्युत परियोजनाएं



**500** करोड़ से घटाकर 250 करोड़ की गई खरीददारों को ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कारोबार की सीमा

**50,000** रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक छूट करने का प्रस्ताव

**40%** से घटाकर 35% होगी विदेशी कंपनियों पर कारपोरेट कर दर

**30** लाख से अधिक जनसंख्या वाले 14 बड़े शहरों के लिए कार्यान्वयन और वित्तपोषण रणनीति के साथ आवागमन उन्मुखी विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी

**15%** मूलभूत सीमा शुल्क घटाया मोबाइल फोन, मोबाइल प्रिंटेड सर्किट बोर्ड असेम्बली (पीसीबीए) और मोबाइल चार्जर पर

**5%** टीडीएस दर घट कर 2 प्रतिशत टीडीएस दर विभिन्न भुगतानों पर

**20%** प्रतिशत टीडीएस दर को समाप्त करने का प्रस्ताव म्युचुअल फंडों या यूटीआई द्वारा यूनिटों की पुनः खरीद पर



# सीतारमण ने रिकॉर्ड सातवीं बार लगातार पेश किया बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को देश का आम बजट पेश कर दिया है। यह उनका रिकॉर्ड 7वां बजट था। वह लगातार 7 बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन गई हैं। उन्होंने मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस दौरान उन्होंने कई घोषणाएं कीं। सफेद सिल्क साड़ी में वित्त मंत्री का बजट भाषण 1 घंटा और 25 मिनट तक चला। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सबसे लंबा बजट भाषण देने का रिकॉर्ड भी बनाया था। आइए एक नजर उनके सभी बजट भाषणों समेत अन्य रिकॉर्ड पर डाल लेते हैं।

### पहला पेपरलेस बजट भी पेश कर चुकी हैं सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना पहला बजट साल 2019 में दिया था। उनका यह बजट भाषण पूरे 2 घंटे और 15 मिनट तक चला था। उसके अगले साल ही 2020 में बजट पेश करते हुए उन्होंने भारत के सबसे लंबे बजट भाषण का रिकॉर्ड बना दिया था। उस दौरान वित्त मंत्री 2 घंटे 42 मिनट तक बोली थीं। साल 2021 का बजट भाषण 1 .40 मिनट का था। हालांकि, इसने भारत के पहले पेपरलेस बजट होने का रिकॉर्ड बनाया था। साल 2023 में निर्मला सीतारमण का बजट भाषण 1 घंटा और 30 मिनट चला था। इसके बाद इसी साल फरवरी में उन्होंने अंतरिम बजट के दौरान 57 मिनट का भाषण दिया था।

### मनमोहन सिंह ने बोले थे सबसे ज्यादा शब्द

भारत के इतिहास में शब्दों के हिसाब से सबसे लंबा बजट भाषण मनमोहन सिंह ने साल 1991 में दिया था। उन्होंने अपनी स्पीच के दौरान 18,700 वर्ड बोले थे। उनके ठीक बाद अरुण जेटली का नंबर आता है। उन्होंने 18,604 शब्दों में अपना बजट भाषण दिया था। देश का सबसे छोटा बजट सिर्फ 800 शब्दों का था। इसे साल 1977 में हीरूभाई एम पटेल ने पेश किया था। यह अंतरिम बजट था। निर्मला सीतारमण अपने बजट भाषणों के जरिए देश के आर्थिक विकास के बदलते परिदृश्य का उल्लेख करती रही हैं।







## प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी रकम, पुरानी पेंशन बहाली न होने पर राज्य कर्मियों में निराशा

# उप्र को मिला पांच हजार करोड़ ज्यादा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** देश के आम बजट में इस बार प्रदेश को लगभग पांच हजार करोड़ रुपये ज्यादा रकम की व्यवस्था की गई है। ये रकम प्रदेश की विकास योजनाओं पर खर्च होगी। रोजगार, औद्योगिक विकास, महिलाओं के उत्थान समेत विभिन्न योजनाएं तेजी से आगे बढ़ सकेंगी।

लोकसभा चुनाव के पहले मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था। इस बजट में केन्द्रीय करों में प्रदेश का अंश 2,18,816.84 करोड़ था जो इस बजट में बढ़कर 2,23,737.23 करोड़ हो गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार बजट से सोलर पैनल, सोलर सेल, कैंसर की दवाएं, एक्सरे मशीन, मोबाइल फोन, चार्जर, इलेक्ट्रिक वाहन, चमड़े के जूते, चप्पल, पर्स आदि सस्ते होंगे, इससे आम लोगों को सीधा फायदा होगा। बजट में ग्रामीण विकास के लिये 2.66 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर रू. 20 लाख की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिये 10 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 औद्योगिक पार्क स्थापित किये जायेंगे। 100 शहरों में या उसके आस-पास निवेश के लिये तैयार प्लग एण्ड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जायेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का चौथा चरण शुरू किया जाएगा। बजट में राज्य कर्मियों के पुरानी पेंशन की घोषणा न किये जाने से कर्मियों में निराशा है। ऊर्जा क्षेत्र के वितरण क्षेत्र के विकास के लिए कोई रकम आवंटित नहीं की गई है।



**100** शहरों में या उसके आस-पास निवेश के लिए तैयार प्लग एण्ड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित होंगे

### रोजगार को बढ़ावा देने को ईपीएफओ के जरिये तीन योजनाओं की घोषणा

नई दिल्ली। संगठित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले नये कामगारों के लिए ईपीएफओ के जरिए तीन योजनाओं की घोषणा की। रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से लाई गईं इन योजनाओं के लिए कुल केंद्रीय परिव्यय 1.07 लाख करोड़ रुपये है। ये योजनाएं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार इससे जुड़ने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन देंगी। इनसे कर्मचारियों और नियोक्ताओं को समर्थन मिलेगा। वित्त मंत्री ने बताया सभी संगठित क्षेत्रों में पहली बार ईपीएफओ की योजनाओं से जुड़ने वालों को योजना-क के तहत एक महीने का वेतन सरकार देगी। ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को तीन किस्तों में एक महीने का वेतन दिया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 रुपये तक होगा।

### किसको कितना बजट

रुपया (करोड़ में)

| | |
|---|---|
| रक्षा | 4,54,773 |
| ग्रामीण विकास | 2,65,808 |
| कृषि | 1,51,851 |
| गृह मंत्रालय | 1,50,983 |
| शिक्षा | 1,25,638 |
| सूचना एवं संचार | 1,16,342 |
| स्वास्थ्य | 89,287 |
| ऊर्जा | 68,769 |
| समाज कल्याण | 56,501 |
| वाणिज्य एवं उद्योग | 47,559 |

0 100,000 200,000 300,000 400,000 500,000

## इन बदलावों पर नजर जरूरी

- गिरवी या तृतीय पक्ष गारंटी के बिना मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए एमएसएमई को आवधिक ऋण की सुविधा देने के लिए ऋण गारंटी योजना
- 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता सहित 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से अगले पांच वर्ष में एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास जरूरतों का समाधान
- 100 साप्ताहिक 'हाट' या स्ट्रीट फूड हब के विकास में सहायता अगले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष चुनिंदा शहरों में
- विष्णुपद मंदिर गलियारा, महाबोधि मंदिर गलियारा और राजगीर का व्यापक विकास।
- टैक्स अधिकरणों, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में प्रत्यक्ष करों, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से संबंधित अपीलों को दायर करने के लिए मौद्रिक सीमाओं को क्रमश: 60 लाख रुपये, दो करोड़ रुपये और पांच करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव
- सरकार नियोक्ता को उसके ईपीएफओ योगदान के लिए दो साल तक हर अतिरिक्त कर्मचारी पर 3000 हजार रुपये हर महीना
- पांच साल की अवधि में 20 लाख युवाओं के कौशल विकास के लिए नई योजना
- 7.5 लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना
- सरकार की योजनाओं और नीतियों के तहत किसी लाभ के लिए पात्र नहीं होने वाले युवाओं को घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण
- तीन साल में किसानों और उनकी जमीन को शामिल करने हेतु कृषि में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) को लागू किया जाएगा।
- अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के साथ गया में औद्योगिक केंद्र का विकास
- जनजातीय-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों का सामाजिक-आर्थिक विकास के 63,000 गांवों के पांच करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे।
- उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 शाखाएं खोलना
- तरुण श्रेणी के अंतर्गत मुद्रा ऋणों की सीमा को उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख
- इस वर्ष भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के ब्याज रहित दीर्घावधि ऋण का प्रावधान
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध होगा बिहार में कोसी-मेची अंतर्राज्यीय लिंक और अन्य योजनाओं जैसी परियोजनाओं के लिए 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता
- सरकार बाढ़, भूस्खलन और अन्य संबंधित परियोजनाओं के लिए असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम को सहायता देगी
- ओडिशा के मंदिरों, स्मारक, शिल्प, वन्य जीव अभयारण्य, प्राकृतिक भू-दृश्य और प्राचीन समुद्री तट के विकास हेतु सहायता।
- अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के वित्तीय पूल व्यवस्था
- सभी भू-खण्डों के लिए अनन्य भूखंड पहचान संख्या (यूएलपीआईएन) अथवा भू-आधार
- कृषक रजिस्ट्री से जोड़ना वन स्टॉप समाधान के लिए ई-श्रम पोर्टल को अन्य पोर्टलों से जोड़ना
- नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों के योगदान से एक योजना के रूप में एनपीएस वात्सल्य
- चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के तहत एक्सरे ट्यूब और मेडिकल एक्सरे मशीनों में इस्तेमाल हेतु फ्लैट पैनल डिडेक्टरों पर मूलभूत सीमा शुल्क में बदलाव
- 25 महत्वपूर्ण खनिजों को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट
- सोलर सैल और पैनलों के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाली भारी वस्तुएं सीमा शुल्क के दायरे से बाहर
- लौह, निकेल और ब्लिस्टर तांबे पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- तांबा स्क्रैप पर 2.5 प्रतिशत रियायती मूलभूत सीमा शुल्क
- रेजिस्टरों के विनिर्माण हेतु ऑक्सीजन मुक्त तांबे पर कुछ शर्तों पर मूलभूत सीमा शुल्क हटा
- अमोनियम नाइट्रेट पर मूलभूत सीमा शुल्क को 7.5 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत
- प्लास्टिक पीवीसी फ्लैक्स बैनरों पर मूलभूत सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत
- दूरसंचार उपकरण के पी.सी.बी.ए. पर बीसीडी को 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत
- फ्यूचर्स और ऑप्सन्स के विकल्पों पर सिक्यूरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स को बढ़ाकर क्रमश: 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत करने का प्रस्ताव

# सोना-चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती का उद्यमियों ने किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

रत्न एवं आभूषण उद्योग ने आम बजट में सोने और चांदी पर सीमा शुल्क में कटौती करने के सरकार के कदम का स्वागत किया। उद्योग ने कहा कि इससे आदान (इनपुट) लागत कम होगी, मूल्य संवर्धन बढ़ेगा, निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू विनिर्माण को लाभ मिलेगा।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा, 'देश में सोने और कीमती धातु के आभूषणों में घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ाने के लिए मैं सोने और चांदी पर सीमा शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत और प्लैटिनम पर 6.4 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करती हूं।' पहले सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत था। सोने और चांदी के 'डोर' पर शुल्क पहले के 14.35 प्रतिशत से घटाकर 5.35 प्रतिशत कर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्लैटिनम, पैलेडियम, ऑस्मियम, रूथेनियम और इरीडियम पर सीमा शुल्क 15.4 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया।




रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन विपुल शाह के अनुसार, आयात शुल्क में कमी हमारे उद्योग के लिए एक बड़ा बढ़ावा है, जो कार्यशील पूंजी जारी करके उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य और विनिर्माण क्षेत्र के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाएगा। शाह ने कहा, 'विशेष अधिसूचित क्षेत्रों (एसएनजेड) में बिक्री के लिए कच्चे हीरों पर दो प्रतिशत समानीकरण शुल्क को समाप्त करने और सुरक्षित बंदरगाह नियम की शुरूआत भारत को वैश्विक हीरा व्यापार केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगी।'

उन्होंने कहा कि ये उपाय इस क्षेत्र के विकास को गति देंगे, छोटे पैमाने के हीरा तराशने वालों और पॉलिशरों के लिए लाखों नौकरियां पैदा करेंगे और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने कहा, 'स्वर्ण उद्योग के लिए, सोने पर मूल सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) में कमी से घरेलू आभूषण उद्योग की समग्र प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।' उन्होंने कहा कि यह सोने पर कुल करों को प्रभावी रूप से जीएसटी सहित लगभग 18.5 प्रतिशत से घटाकर नौ प्रतिशत कर देगा। उन्होंने कहा, ''यह सही दिशा में एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह सोने की तस्करी को हतोत्साहित करेगा। यह ईमानदार कारोबारियों को प्रतिस्पर्धा का समान अवसर देगा। सोने की कीमतें स्थानीय स्तर पर भी सही होंगी, जिससे खुदरा सोने की मांग को बढ़ावा मिलेगा, जो भारतीय स्वर्ण उद्योग के लिए एक और प्रोत्साहन है।

### शुल्क में कमी से तस्करी में आएगी कमी

मालाबार समूह के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, 'उम्मीद है कि शुल्क में कमी से सोने की तस्करी में भारी कमी आएगी, जिससे अवैध व्यापार पर अंकुश लगेगा और कर राजस्व में वृद्धि होगी। इस कटौती से संगठित खुदरा आभूषण विक्रेताओं, उपभोक्ताओं और सरकार को लाभ होगा।' अखिल भारतीय रत्न और आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा, 'सीमा शुल्क में कमी से घरेलू आभूषण निर्माताओं, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों को लाभ होगा, जिससे उन्हें धीरे-धीरे औपचारिक चैनल की ओर संक्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।' इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के उपाध्यक्ष अक्ष कंबोज ने कहा, 'हमारा मानना है कि यह फैसला आभूषण और सर्राफा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करेगा, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा और नए अवसर पैदा करेगा।' आयात शुल्क में कमी के साथ, पीएनजी ज्वैलर्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल को 'सोने की खपत में वृद्धि और सोने की कीमतों में नरमी की उम्मीद है, जो हाल ही में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है।'



श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


बुधवार, 24 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 120, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़ 18

फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज 17

# मोदी बोले- मध्यम वर्ग को नई ताकत देने वाला बजट, विपक्ष ने बताया नकलची

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में करेगा उत्प्रेरक का काम

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को नई उर्जा, बेहतर विकास और सुनहरे भविष्य के साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर लेकर आने वाला बताया और कहा कि यह भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में 'उत्प्रेरक' का काम करेगा तथा विकसित भारत की ठोस नींव भी रखेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए 2024-25 के बजट को उन्होंने समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला करार दिया और कहा कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन संबंधी योजना से देश में करोड़ों नए रोजगार पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट नए अवसर, नई ऊर्जा लेकर आया है। ये ढेर सारे नए रोजगार, स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है। ये बेहतर वृद्धि (ग्रोथ) और सुनहरा भविष्य लेकर आया है। आज का बजट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने और उस पूरी प्रक्रिया में उत्प्रेरक का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा। उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है।

मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं और इससे नया मध्यम वर्ग बना है, यह उनके सशक्तीकरण की निरंतरता का भी बजट है। उन्होंने कहा कि यह नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। इस बजट से शिक्षा और स्किल (कौशल) को नई गति मिलेगी। यह मध्यम वर्ग को नई ताकत देने वाला बजट है। यह जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी और इससे छोटे व्यापारियों व लघु उद्योगों को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसमें विनिर्माण और अवसंरचना विकास पर भी बल दिया गया है जिससे आर्थिक विकास को नयी गति मिलेगी और निरंतरता मिलेगी। रोजगार और स्वरोजगार के 'अभूतपूर्व' अवसर को अपनी सरकार की पहचान करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश में करोड़ों नए रोजगार उत्पन्न होंगे और जीवन में पहली नौकरी पाने वाले युवा की पहली तनख्वाह सरकार देगी। उन्होंने कहा कि कौशल विकास और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर एक करोड़ नौजवानों को इंटेंसिव (प्रोत्साहन) की योजनाएं, इससे गांव के गरीब युवाओं को देश की शीर्ष कंपनियों में काम करने का अवसर मिलेगा, उनके सामने संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। हमें हर शहर, हर गांव में घर-घर उद्यमी बनाना है। बिना गारंटी मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे छोटे कारोबारियों विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा।

### देशवासियों की आकांक्षाओं को सिद्ध करेगा बजट : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आम बजट देशवासियों की आकांक्षाओं को सिद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि यह रामराज की अवधारणा को साकार करेगा। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख, 140 करोड़ भारतवासियों की आशा, आकांक्षा और अमृतकाल के संकल्पों को पूरा करने वाला सिद्ध होगा। आम बजट आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों की समृद्धि, कृषि व सहायक सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये और महिला सशक्तिकरण के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इससे सर्वाधिक लाभान्वित देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आधी आबादी होने वाली है।



### बजट में की गई उत्तर प्रदेश की उपेक्षा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आम बजट में उत्तर प्रदेश की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए बिहार व आन्ध्र प्रदेश के विशेष पैकेज या विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। युवाओं को दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण व संविदा नौकरी को लेकर उन्होंने कहा कि युवाओं को एक-दो साल का प्रशिक्षण दिलाकर इस तरह की नौकरी के सपने दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस आधी-अधूरी नौकरी में आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि जो प्रदेश प्रधानमंत्री देता है, उसके किसानों के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं? देश का नौजवान पक्की नौकरी चाहता है। जब तक किसान के मसले हल नहीं होंगे और नौजवानों की पक्की नौकरी नहीं होगी तब तक जनता को कोई बड़ा लाभ नहीं पहुंचेगा।



### घटकों में रेवड़ी बांटकर कुर्सी बचाने का बजट : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बजट 2024-25 को 'कुर्सी बचाए' रखने के लिए गठबंधन के सहयोगियों की बात मानकर उन्हें खुश करने वाला बजट करार दिया और कहा कि इसमें कांग्रेस के न्याय एजेंडे की नकल का विफल प्रयास किया गया है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का यह 'नकलची बजट'। मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बाँट रहा है, ताकि राजग बची रहे। ये 'देश की तरक्की' का बजट नहीं, 'मोदी सरकार बचाओ' बजट है। गांधी ने कहा कि यह 'कुर्सी बचाओ' बजट है। सहयोगियों को खुश करें- अन्य राज्यों की कीमत पर उनसे खोखले वादे। अपने मित्रों को खुश करें- एए को लाभ, आमजन को कोई राहत नहीं। कॉपी और पेस्ट करें : कांग्रेस का घोषणापत्र और पिछले बजट।



## एक नजर

### तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद, दो तस्कर फरार

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को एक स्कार्पियो गाड़ी से तीन क्विंटल डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि कानोड लसाडिया मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान आई स्कार्पियो गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। तलाशी में करीब तीन क्विंटल डोडा चूरा सहित स्कार्पियो गाड़ी को जब्त कर लिया। दो तस्कर भागने में सफल हो गए।

### बलरामपुर में हाथियों का उत्पात, एक की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल है रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के बगरा गांव में सोमवार की रात राजा सिंह अपने दोस्त लक्ष्मण सिंह के साथ किसी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे। इसी बीच दोनों का सामना हाथियों के दल से हो गया। राजा राम को हाथियों ने पटक-पटक कर मार डाला। वहीं लक्ष्मण सिंह को घायल कर दिया।

### मातृत्व अवकाश के नियम पर पुनर्विचार किया जाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अधिकारियों को सीसीएस (अवकाश) नियम पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है, जिसके तहत महिला सरकारी कर्मचारियों को पहले दो बच्चों के जन्म के समय मातृत्व अवकाश दिया जाता है। हाईकोर्ट ने अधिकारियों से पूछा कि तीसरे और उसके बाद के बच्चों का क्या दोष है, जिन्हें उस मातृ देखभाल से वंचित होना पड़ता है, जो पहले दो बच्चों को मिली थी।

# दोबारा नहीं होगी नीट-यूजी

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई परीक्षा को रद कर दोबारा कराने की गुहार

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा- जांच में नहीं मिले प्रश्नपत्रों के सार्वजनिक होने के सबूत
- दोबारा परीक्षा कराने का निर्देश देना करीब 24 लाख छात्रों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा

सुप्रीम कोर्ट ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित 5 मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 रद कर दोबारा आयोजित कराने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाएं ठुकराते हुए कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद आंकड़े प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से सार्वजनिक होने के संकेत नहीं देते हैं।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उपलब्ध आंकड़ों की जांच में कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके की प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने समेत अन्य अनियमितताओं के पीछे परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की प्रणालिगत विफलता है।

पीठ ने कहा कि हमारा विचार है कि रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों के आधार पर इस अदालत द्वारा प्रतिपादित स्थापित सिद्धांतों के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करने का आदेश देना उचित नहीं है।

पीठ ने हालांकि कहा कि यदि जांच में में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि का पता चलने पर काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद किसी भी स्तर पर ऐसे किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कोई भी अभ्यार्थी इस धोखाधड़ी में शामिल पाया जाता है या लाभार्थी है, उसे नामांकन जारी रखने में किसी भी निहित अधिकार का दावा करने का अधिकार नहीं होगा। पीठ ने कहा कि यह सच है कि नीट यूजी 2024 का प्रश्न पत्र हजारीबाग और पटना में सार्वजनिक हुआ था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि हजारीबाग और पटना के केवल 155 विद्यार्थी ही इसके (प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने और अन्य अनियमितताओं) के लाभार्थी थे।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि वर्तमान वर्ष के लिए नए सिरे से नीट कराने का निर्देश देना इस परीक्षा में बैठने वाले करीब 24 लाख से विद्यार्थियों के लिए गंभीर परिणामों से भरा होगा। पीठ ने यह भी कहा कि दाखिले के कार्यक्रम में व्यवधान से भविष्य में योग्य चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता पर प्रभाव समेत अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद फैसला दिया गया। पीठ ने कहा कि नीट परीक्षा 05 मई को आयोजित की गई थी और परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। परीक्षा में लगभग 23 लाख 33 हजार अभ्यर्थी उपस्थित हुए। मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए 1.08 लाख सीटें हैं, जिनमें से 56000 सीटें सरकारी कॉलेजों में और बाकी निजी संस्थानों में हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र और एनटीए का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा, संजय हेगड़े और एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा सहित अन्य की दलीलें चार दिनों तक सुनने के बाद फैसला सुनाया।

### विपक्ष ने अराजकता पैदा करने का प्रयास किया : प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को विपक्ष पर नीट-यूजी मुद्दे का इस्तेमाल कर अराजकता एवं अशांति पैदा करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि विवादों में घिरी परीक्षा से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले से सत्य की जीत हुई। प्रधान ने कहा कि विपक्ष को छात्रों और उनके अभिभावकों को गुमराह करने के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) दो दिनों में नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित करेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की मेधा सूची में शीर्ष अदालत की टिप्पणियों के अनुसार संशोधन किया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी 2024 के असफल अभ्यर्थियों को बड़ा झटका देते हुए मंगलवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें विवादों में घिरी इस परीक्षा को रद कर दोबारा आयोजित कराने की मांग की गई थी।

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 20 लोग गिरफ्तार

- सरकारी योजनाओं में ऋण दिलाने के बहाने ऐंठते थे रुपये

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है और सरकारी योजनाओं के तहत ऋण मुहैया कराने के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में नौ महिलाओं सहित 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने मंगलवार को कहा कि अनुमान है कि 400 से अधिक पीड़ित कॉल सेंटर की धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, जिसके कारण कुल 40 लाख रुपये की ठगी हुई है। पुलिस पहले ही देश भर में 50 से अधिक पीड़ितों की पहचान कर चुकी है। डीसीपी ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली के लाडो सराय इलाके से संचालित यह फर्जी कॉल सेंटर सरकारी योजनाओं के तहत लोन दिलाने के नाम पर लोगों को ठगता था। डीसीपी ने बताया कि वे एकत्रित किए गए विवरणों का इस्तेमाल अपने खातों में पैसे हस्तांतरित करने के लिए करते थे। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को नौ महिला टेली-कॉलर्स समेत 20 लोगों को गिरफ्तार किया गयाा है और उनके पास से कुल 32 मोबाइल फोन, 48 फर्जी सिम कार्ड, चार लैपटॉप और 23 बैंक खाते जब्त किए गए, जांच जारी है।

# बजट में रेलवे के लिए दो लाख 65 हजार 200 करोड़ का प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेल संरक्षा पर खर्च होंगे एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये : वैष्णव

रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि के बीच आए आम बजट में रेलवे के पूंजीगत आवंटन में एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक संरक्षा के लिए व्यय करने का प्रस्ताव किया गया है। रेल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को मीडिया को बजट प्रस्तावों की जानकारी देते हुए कहा कि बजट में रेलवे के लिए रिकॉर्ड दो लाख 65 हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जबकि वर्ष 2014 में रेलवे के लिए पूंजीगत आवंटन 35 हजार करोड़ रुपये के आसपास रहता था। उन्होंने कहा कि इस दो लाख 65 हजार 200 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय में से एक लाख आठ हजार 795 करोड़ रुपये संरक्षा के मद में खर्च किए जाने हैं। संरक्षा के मद में पुरानी रेल पटरियों को बदलना, कवच का नया 4.0 संस्करण लगाना, इंजन एवं कोचों के अनुरक्षण, ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने आदि में यह धनराशि खर्च की जाएगी।

वैष्णव ने कहा कि रेलवे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों की सवारी है। इसलिए जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों की मांग बढ़ी है। पूंजीगत व्यय से करीब 10 हज़ार जनरल एवं गैर एसी स्लीपर कोचों के उत्पादन किया जाएगा। कवच के नए संस्करण के बारे में उन्होंने कहा कि कवच 4.0 में भारतीय रेलवे के सभी तरह की प्रणालियों को समाहित करते हुए नया साफ्टवेयर बनाया गया है। जिसे दो तीन पहले ही आरडीएसओ लखनऊ से स्वीकृति हासिल हुई है। अब इसको तेजी से बड़े पैमाने पर उत्पादन करके अधिक से अधिक लाइनों पर लगाया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि रोज़गार की दृष्टि से देखें तो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के 10 साल के शासनकाल में चार लाख 16 हजार नियुक्तियां हुईं थीं जबकि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पांच लाख से अधिक लोगों को रेलवे की नौकरी मिली है। इस वर्ष भी 38 से 40 हजार लोगों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

## युवक थाईलैंड में बंधक 22 लाख फिरौती मांगी

- पांच अन्य भारतीयों को बनाया गया बंधक

**प्रयागराज।** जिले के एक युवक को थाईलैंड में बंधक बना लिया गया है। परिजनों का कहना है कि करीब दस दिनों से बेटे से बात नहीं हुई है। 22 जुलाई को युवक के फोन से 22 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई। रुपये डॉलर में ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा है। अब युवक का फोन बंद है। परिजनों ने प्रधानमंत्री कार्यालय व गृह मंत्रालय को पत्र लिखने के अलावा विदेश मंत्रालय से युवक को वापस लाने की गुहार लगाई है।

> मामला विदेश से जुड़ा है। परिवार वालों से बातचीत कर जो भी उचित होगा किया जाएगा। -**पुष्कर वर्मा**, एसीपी प्रयागराज

प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र के दरियाबाद निवासी जिया पंजतन (26) दुबई की एक कंपनी में काम करता था। उसके साथ देश के अन्य चार युवक भी थे। जिया पंजतन और अन्य युवक दुबई से थाईलैंड के लिए 10 जुलाई को इंडिगो की फ्लाइट से गए थे। आखिरी बार उनकी 13 जुलाई को परिजनों से बात हुई थी। इसके बाद से जिया का संपर्क टूट गया। घरवालों का कहना है कि युवकों को बैंकॉक के एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया है। जिया की बहन कनीज ने कहा- 22 जुलाई को भाई ने मुझे वॉट्सएप पर कॉल किया कि मुझे बंधक बना लिया गया है। ये लोग मुझसे 22 लाख रुपये डॉलर के रूप में मांग रहे हैं। मेरी तरह 5 लड़के यहां बंधक हैं। 23 जुलाई तक का समय दिया है। कनीज ने विदेश मंत्रालय और पीएमओ को ई-मेल के जरिए बेटे को छुड़ाने के लिए प्रार्थना पत्र भेजा है। जिया के बड़े भाई बक्शीश दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अदालत ने दोषियों पर 9-9 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- 2023 में संभल के थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव में हुई थी घटना

**अमृत विचार :** अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषियों को 20-20 वर्ष के सश्रम कैद के साथ 9-9 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है। संभल के थाना कैला देवी क्षेत्र के एक गांव में 28 जनवरी 2023 को दो लोगों ने नाबालिग से ईख के खेत में दुष्कर्म किया था।

थाना कैला देवी क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के भाई ने सात फरवरी 2023 को थाना कैला देवी पुलिस को तहरीर दी थी कि 28 जनवरी 2023 को उसकी 15 वर्षीय बहन खेत में चारा लेने गई थी। उसी दौरान राजू पुत्र श्रीपाल व सुरेंद्र उर्फ सुलेंद्र पुत्र राजवीर निवासी गांव मढ़ावली थाना कैला देवी वहां आए और उसकी बहन के साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। इसके बाद तमंचा दिखा कर ईख में ले गए, जहां दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक फोटो खींचकर वायरल कर दिए। जब पीड़िता देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजन तलाश करते खेत पर पहुंचे। वहां ईख के खेत में पीड़िता पड़ी मिली। घर आकर पीड़िता ने आपबीती बताई। पीड़िता के भाई का कहना है कि लोकलाज के कारण उसने किसी को घटना नहीं बताई। आपत्तिजनक फोटो वायरल होने के बाद थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजू और सुरेंद्र उर्फ सुलेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर 10 अप्रैल 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मंगलवार को मुकदमे पर फैसला सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप एण्ड पॉक्सो एक्ट) निर्भय नारायण राय ने राजू व सुरेंद्र उर्फ सुलेंद्र को दोषी करार देते हुए धारा 5(जी) 6 पॉक्सो एक्ट सपठित धारा 376डी आईपीसी में 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास व आठ-आठ हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की धनराशि अदा न करने पर प्रत्येक को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 323 आईपीसी में एक-एक वर्ष के कारावास एवं एक-एक हजार रुपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ चलेंगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी। अर्थदण्ड की राशि पीड़िता को दी जाएगी।

## यूट्यूबर एल्विश यादव ईडी के समक्ष पेश हुआ

- कहा, यूके में था इसलिए 10 जुलाई को नहीं पहुंच सका

**लखनऊ।** यूट्यूबर एल्विश यादव मंगलवार को लखनऊ स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचा। एजेंसी ने उससे धनशोधन मामले के साथ ही कई मुद्दों पर पूछताछ की। एल्विश ने कहा कि मुझे जो कहना था, मैं पहले ही कह चुका हूं। जो मुझसे मांगा गया था, मैं उसे दे चुका हूं। अब हर उस सवाल का जवाब दूंगा, जो मुझसे पूछा जाएगा। ईडी ने बीती 10 जुलाई को यूट्यूबर को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन एल्विश ने ईडी से मोहलत मांगी थी।

यूट्यूबर एल्विश यादव लंबे समय से स्नैक वेनम (सांप का जहर) मामले को लेकर सुर्खियों में है। उसे पुलिस एक बार गिरफ्तार भी कर चुकी है। ईडी ने भी एल्विश को बीती 10 जुलाई को नोटिस जारी किया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। मीडिया के सवाल पर एल्विश ने कहा कि मैं यूके गया था, जिसके कारण पेश नहीं हो पाया।

# पुंछ में घुसपैठ की कोशिश हाथरस के सुभाष शहीद



जम्मू, एजेंसी

- सेना के जवानों ने ध्वस्त किए आतंकियों के मंसूबे

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम कर दिया, जिस दौरान एक जवान शहीद हो गया। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सतर्क सैनिकों ने तड़के तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब देकर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। कोर ने कहा कि भारी गोलीबारी के दौरान एक वीर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है।

सूत्रों के अनुसार, सैनिकों को कृष्णाघाटी के बट्टल अग्रिम क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की गतिविधियों का पता चला और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि हाथरस (यूपी) के निवासी लांस नायक सुभाष कुमार भीषण मुठभेड़ में घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सैनिक का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के बाद सेना को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। हाल के महीनों में जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं, जिससे क्षेत्र में आतंकवाद के फिर से सिर उठाने की आशंका बढ़ गई है।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

### असाधारण परिस्थितियों में ही बेल पर लगाएं रोक

- शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को किया खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अदालतों को केवल असाधारण परिस्थितियों में ही जमानत आदेश पर रोक लगानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए यह बात कही, जिसमें धन शोधन के एक मामले में एक आरोपी की जमानत पर रोक लगाई गई थी। पीठ ने कहा कि हालांकि, अदालत के पास जमानत पर रोक लगाने का अधिकार है, लेकिन ऐसा केवल असाधारण परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि अदालतों को यांत्रिक तरीके से और बिना कोई कारण बताए जमानत आदेश पर रोक लगाने से बचना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह फैसला धन शोधन के एक मामले में आरोपी परविंदर सिंह खुराना की याचिका पर सुनाया।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:31 | सूर्यास्त 07:12

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
A healthy heart is the main source of your strength.

डॉ. अपूर्व मित्तल
एम.डी. (मेडिसिन), डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी)
चीफ इण्टरवेंशनल कार्डियोलाजिस्ट, कॉसमॉस हास्पिटल, मुरादाबाद
ओ.पी.डी. समय
12बजे से सायं 4 बजे-कॉसमास हॉस्पिटल
प्रातः 10 से 11 बजे तक व 6 बजे से 8 बजे तक
श्री माधव आई एण्ड हॉर्ट सेन्टर, मुरादाबाद
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# 150 करोड़ की संपत्ति को कराया कब्जा मुक्त

## निगम की टीम ने की कार्रवाई, कटघर थाने के भदौरा में 150 लोगों ने कर रखा था कब्जा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नगर निगम की टीम ने कटघर थाने के भदौरा में अपने स्वामित्व की 8746 वर्ग मीटर की भूमि पर किए अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इसकी कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। यहां वर्षों से चले आ रहे कब्जे को हटवाने के लिए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की सख्ती के चलते टीम ने कार्रवाई कर लोगों को खदेड़ा।

अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन दल की टीम स्थानीय थाने की पुलिस के साथ भदौरा गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंची। कटघर थाने के पश्चिम राजस्व ग्राम भदौरा में नगर निगम के स्वामित्व की भूमि है। जिसका गाटा संख्या 326, 327 और रकबा 4.64 एकड़ है। इसमें से 8746 वर्गमीटर पर अनधिकृत रूप से 150 व्यक्तियों ने टिनशेड, खोखा, पक्की दुकान बनवा कर कब्जा किया था। इसकी कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक है। इस पर किए गए अवैध अतिक्रमण को टीम ने चिह्नित किया था। जिसके आधार पर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी से वहां बने खोखे, दुकानें हटवानी शुरू कर दीं। जिसका कब्जेदारों ने विरोध किया। लोग वहां से हटने को तैयार नहीं हो रहे थे। इस पर स्थानीय थाने के पुलिस कर्मियों और नगर निगम के प्रवर्तन दल के सदस्यों ने उनको सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी देते हुए सख्ती करने के लिए कहा और इसके बाद वहां से अवैध अतिक्रमण हटवाकर निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वहां निगम के स्वामित्व का बोर्ड अधिकारियों ने लगवाया। दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, सहायक अभियंता रईस अहमद, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही और स्थानीय थाने के पुलिस कर्मी और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।


नगर निगम का बोर्ड लगाते निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार


अवैध निर्माण को हटवाने के लिए पहुंचे अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार व अन्य।

### जल निकासी कराई

नगर निगम के निर्माण अनुभाग की ओर से वार्ड 53 जयंतीपुर में मड पंप से जलनिकासी का कार्य कराया गया। पीतल नगरी रोडवेज व हिमगिरी कॉलोनी में मैनहोल की मरम्मत, नाली मरम्मत कराने के साथ ही पुलिया पर ड्रेन कवर रखने का काम टीम ने किया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वार्ड नंबर 62 मुफ्तीटोला में प्रताप सिंह हिंदू गर्ल्स इंटर कॉलेज में नगर निगम की कार्यदायी संस्था एआईआईएलएसजी के साथ छात्राओं व शिक्षकों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक किया। गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा की जानकारी देकर उन्हें अलग करने के तरीके बताए। कहा कि कूड़ा नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों में ही डालें। स्वच्छ महानगर, प्लास्टिक मुक्त शहर व सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के बारे में जागरूक किया गया।

# दुष्कर्म पीड़िता की दुकान में आग लगाने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

शर्मनाक
- विरोध पर की छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी दी
- एसएसपी ने जांच कर दिए कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचारः** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुष्कर्म का मुकदमा वापस न लेने और फैसला न करने से गुस्साए आरोपियों ने पीड़िता की दुकान में आग लगाने की कोशिश की। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस द्वारा सुनवाई न करने पर पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव की रहने वाले महिला ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 27 नवंबर 2023 को गांव के ही गेंदालाल व रामसिंह ने उसके घर में घुसकर तमंचा के बल पर दुष्कर्म किया था। जिसके बाद पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता का कहना है कि तब से आरोपी उस पर मुकदमा वापस लेकर फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि बीती 21 जुलाई की रात आरोपी गेंदालाल व रामसिंह उसकी सिलाई की दुकान में आग लगा रहे है। आवाज सुनकर पीड़िता जब दुकान पर पहुंची तो गेंदालाल, रामसिंह व उनके दो अज्ञात साथियों ने उसे घेर लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। सभी आरोपियों के हाथों में लाठी-डंडे और चाकू थे। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि वह इसकी शिकायत करने चौकी और थाना मूंढापांडे गई थी, लेकिन वहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी सतपाल अंतिल ने मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# करंट से झुलसे लाइनमैन की अस्पताल में मौत, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/छजलैट

दुखद
- मृतक के दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- 19 जुलाई को लाइन ठीक करते समय हुआ था हादसा

**अमृत विचारः** जनपद के छजलैट थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक संविदा लाइनमैन साथी की लापरवाही से करंट से झुलस गया था। झुलसे लाइनमैन की सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। लाइनमैन की मौत से उसके परिवार में मच गया। पुलिस ने साथी कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना छजलैट क्षेत्र के गांव रसूलपुर चौरा निवासी छिद्दा बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन था। उसकी तैनाती रसूलपुर फीडर में चल रही थी। परिवार में पत्नी नसरीन, दो बेटी शबानूर व फातिमा और बेटा रेहान हैं। चाचा दुलहसन ने बताया कि 19 जुलाई की शाम लगभग सात बजे छिद्दा गांव के ही ट्रांसफार्मर पर लाइन ठीक कर रहा था। साथ में एक और कर्मचारी था। वह शट डाउन लेकर लाइन ठीक कर रहा था। उसी समय साथी कर्मचारी बैरमपुर निवासी सुशील और विद्युत उपकेंद्र पर तैनात मोनू ने लापरवाहीपूर्ण कार्य करते हुए आपूर्ति चालू कर दी थी। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। गंभीर हालत में छिद्दा को सिविल लांइस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। लाइनमैन की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं इस मामले में तहेरे भाई मोमीन की तहरीर पर छजलैट थाना पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार और मोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बच्चों के विवाद में पिता पुत्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बच्चों के विवाद में पड़ोसियों ने पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

पाकबड़ा क्षेत्र के मोहल्ला ईदगाह निवासी साबिर हुसैन ने बताया कि उनके बच्चों से पड़ोसी के बच्चों की कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर सोमवार रात पड़ोस के सरफराज, शहादत और उसके पिता फिरोज घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने साबिर और उसके बेटे गुलफान को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। जिसके बाद पीड़ित साबिर ने थाने पर पहुंच कर तहरीर दी। थाना पाकबड़ा प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। तहरीर के आधार पर आरोपी सरफराज, शहादत और उसके पिता फिरोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अपंजीकृत अस्पतालों के विरुद्ध चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय सभागार में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें सभी जिलों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी रहे। मंडलायुक्त ने कहा कि अवैध रूप से संचालित हास्पिटलों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

मंडलायुक्त ने संचारी रोग नियंत्रण और क्षय रोगियों को चिह्नित करने के अभियान में नए मरीजों के बारे में जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधिकारियों की देखरेख में क्षय रोगियों को चिह्नित करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। सीएचओ को पीबीआई के भुगतान के बारे में बेहतर प्रगति न होने पर मंडलायुक्त ने सीएमओ अमरोहा का वेतन रोकने का निर्देश दिया। आशाओं के कार्यों की बेहतर मॉनीटरिंग, समय से मानदेय और इंसेंटिव का भुगतान न करने पर नाराजगी जताई।


मंडलीय समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

संस्थागत प्रसव की स्थिति की समीक्षा में मंडलायुक्त ने कहा कि अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल आमजन के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हर जिले में अवैध हॉस्पिटलों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करें। सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यक्रमों की समीक्षा में खुले में रखे ट्रांसफार्मरों को सुरक्षा घेरे में करने के निर्देश का पालन न होने पर नाराजगी जताई। मुख्य अभियंता विद्युत को स्पष्टीकरण नोटिस भेजने के निर्देश दिए। संभल में स्थित आंबेडकर छात्रावास में सुविधाएं न होने के मामले का मंडलायुक्त ने संज्ञान लेते हुए जरूरी कमियों की जानकारी शासन को भेजने, विद्यालयों में मानकों के विपरीत संचालित स्कूली बसों के विरुद्ध भी अभियान का निर्देश दिया। बैठक में मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा सहित अन्य जिलों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मछली पालकों को चारा तैयार करने वालों से जोड़ें

मंडलायुक्त ने मत्स्य उत्पादन की समीक्षा के दौरान कहा कि अमरोहा में मछली का चारा तैयार किया जाता है। जबकि मंडल के अन्य जिलों में भी मछली पालन विशेष रूप से किया जाता है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मछली पालन करने वालों को मछली का चारा तैयार करने वालों से जोड़ा जाए।

### रामपुर में ग्राम पंचायत में बने शॉपिंग माल की सराहना

मंडलायुक्त ने कहा कि ग्राम पंचायतों में खाली जमीनों पर पंचायत की आय बढ़ाने के दृष्टिकोण से विकास कार्य कराए जाएं। उन्होंने कहा कि रामपुर जिले में ग्राम पंचायत द्वारा बनवाया गया शॉपिंग मॉल इस दिशा में एक बेहतर प्रयास है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राम पंचायत की आय में बढ़ोतरी होगी साथ ही सार्वजनिक महत्व की जमीन को अवैध अतिक्रमण से भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय की स्थापना में मुरादाबाद की प्रगति को मंडलायुक्त ने सर्वाधिक बेहतर बताया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के अध्ययन के लिए पुस्तकालय काफी मददगार हैं। पुस्तकालयों में अध्ययन करने के लिए आने वाली लड़कियों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए।

एक नजर

### एमडीए उपाध्यक्ष को आरएफसी का प्रभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शासन द्वारा आरएफसी कार्यालय के मंडलीय अधिकारी मनोज कुमार को बरेली में अपर आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। जबकि उनके स्थान पर एमडीएम के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार को आरएफसी कार्यालय में मंडलीय अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया है। सोमवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी विधायक पर जमीन कब्जाने के मुकदमे की जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** देहात विधान सभा के सपा विधायक नासिर कुरैशी और उनके परिवार के सदस्यों समेत 23 पर मुकदमा दर्ज हुआ है। यह बात पार्टी हाईकमान तक पहुंच गई है। जिस पर पार्टी नेतृत्व ने जिलाध्यक्ष से बात की। जिलाध्यक्ष ने मुकदमा लिखवाने के पीछे कुछ राजनीतिक लोगों की साजिश बताई है।

सपा विधायक नासिर कुरैशी समेत 23 लोगों पर गलशहीद थाना क्षेत्र में जमीन कब्जाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर गलशहीद थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह ने बताया कि पार्टी के विधायक पर मुकदमा दर्ज होने की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को मैंने फोन पर दे दी है। उनका कहना है कि अध्यक्ष होने के नाते हमारी जिम्मेदारी थी। उन्होंने बताया कि विधायक पर मुकदमा कुछ राजनीतिक लोगों का षड्यंत्र है।

अनदेखी

आजादी के एक साल बाद बना था प्रांतीय रक्षक दल, तीन साल में कम हो गए 21 जवान

# जिले में पीआरडी के 338 जवान, वर्षों से नहीं हुई भर्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पुलिस के साथ कानून व्यवस्था व सुरक्षा में कदम से कदम मिलाकर चलने वाले प्रांतीय रक्षक दल ( पीआरडी ) देश आजाद होने के बाद बना था। लेकिन, आज सबसे खराब हालत भी पीआरडी की है। सीडीओ, बिजली विभाग, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की सुरक्षा के साथ, ट्रैफिक में चौराहों थानों में महिला थाने में एमडीए के उपाध्यक्ष की सुरक्षा करने वाले पीआरडी जवानों की संख्या मुट्ठी भर रह गई है। पीआरडी में पहले 359 जवान थे। इनमें से भी पिछले तीन साल के अंदर 21 जवान और कम हो गए। तीन साल पहले आई भर्ती अचानक रद्द हो गई।


किला तिराहे पर तैनात पीआरडी जवान।

वर्ष 1948 में देश आजाद होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस की मदद करने के लिए प्रांतीय रक्षक दल यानी पीआरडी का गठन किया गया था। आजादी की लड़ाई के नायक सुभाष चंद्र बोस की सेना में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की पूरे देश में पीआरडी में भर्ती की गई थी। उस वक्त पुलिस के बाद सबसे बड़ा रक्षक दल पीआरडी ही रहा था। आज उसकी हालत सबसे दयनीय स्थिति में है। मुरादाबाद में 15 साल पहले 2010-11 में पीआरडी की भर्ती की गई थी। तक 360 जवान भर्ती हुए थे। इसके बाद कुछ जवान सेवाएं देकर सेवानिवृत हो गए। कुछ छोड़ कर चले गए। कुछ लोगों का ड्यूटी पर देहांत हो गया।

जिनके बेटों ने मृतक आश्रित में आवेदन किया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास ने बताया कि सात जवानों की ड्यूटी पर मौत हुई थी। जिसमें चार लोगों के आवेदन को शासन पर स्तर मंजूरी के लिए भेजा गया है। वर्ष 2010-11 के बाद से 21 जवान अब पीआरडी में नहीं रहे। अब जवानों की संख्या घट 338 रह गई है।

इसके बाद 2021 में सरकार ने पीआरडी की भर्ती पर से रोक हटाई और विकास भवन स्थित जिला युवा कल्याण विभाग में भर्ती के फॉर्म आए। जिसके लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रचार प्रसार भी किया गया। इसके बाद कई दिनों तक विकास भवन में हजारों युवाओं की फार्म लेने के लिए भीड़ लगी रही है। अचानक बिना किसी कारण शासन से भर्ती को रद्द कर दिया गया। इसके बाद अब फार्म भरने वाले ग्रामीण क्षेत्र के युवा भर्ती खुलने की आस विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

# युवक को कार ने मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** दिल्ली हाईवे पर सवारी के इंतजार में खड़े युवक को कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल युवक के पिता की शिकायत पर सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अमरोहा के मोहल्ला अफगानान निवासी हिमायूं खान ने थाना पाकबड़ा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 जुलाई की रात उसका बेटा फैजान पाकबड़ा में पुल के पास सवारी के इंतजार में खड़ा था। इसी दौरान कार सवार दो युवतियां व एक युवक आए और उन्होंने फैजान को टक्कर मार दी। हादसे में फैजान का पैर टूट गया। जिसके बाद कार सवार दो युवती व युवक घायल को पाकबड़ा के निजी अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गए। हिमायूं ने बताया कि कार सवार तीनों निजी विश्वविद्यालय के मेडिकल के विद्यार्थी है। पुलिस ने हिमायूं खान की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दवा लेने गई किशोरी लापता, मां ने लगाया अपहरण का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

घटना
- एसएसपी ने मझोला थाना पुलिस को दिया कार्रवाई का आदेश
- 17 जुलाई की दोपहर की है घटना महिला मजदूरी करने गई थी

**अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत घर से दवा लेने गई 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। किशोरी की मां ने एक युवक और उसकी महिला सहयोगी पर बहला फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाया है। इस मामले में एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

थाना मझोला क्षेत्र की मंडी समिति चौकी क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 17 जुलाई को वह मजदूरी करने गई थी। उस समय 15 वर्षीय बेटी घर पर थी। महिला ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे बेटी घर से दवा लेने के लिए निकली थी। आरोप लगाया कि उसी दौरान संभल के हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र निवासी युवक एक महिला के सहयोग से किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ अगवा करके ले गया। पीड़ित के अनुसार जब वह काम पर से घर लौटी तब मोहल्ले वालों से इसका पता चला। जिसके बाद बेटी की काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। पीड़िता के अनुसार उसने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद मंगलवार को एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी ने मझोला पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# केंद्रीय बजट: किसी के पूरे हुए अरमान, तो किसी को लगा जोर का झटका

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोने-चांदी के दामों में कमी कर महिलाओं को रिझाया, सरकारी पेंशनर्स को भी सरकार ने दिया तोहफा

**शहर में आज**

☞ पंजाबी महिला संगठन की बैठक आरएसडी कॉलेज में शाम 4 :30 बजे।

☞ लालबाग काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

**एक नजर**

### मनरेगा श्रमिकों की अनदेखी कर रही सरकार : कमलेश



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकार के बजट से मनरेगा श्रमिकों को इस बार मायूसी हाथ लगी है। सरकार ने हमारे साथ अन्याय कर रही हैं। श्रमिकों को कार्य के अनुसार मानदेय नहीं मिल रहा। घरों से कोसों दूर कार्य रहे मनरेगा श्रमिक के आगे आर्थिक संकट आने लगा है। विकास में जिला ग्राम्य अभिकरण विभाग में मनरेगा पटल देख रहे मनरेगा श्रमिक संगठन के सदस्य कमलेश कुमार ने बताया कि सरकार ने इस बार भी मनरेगा श्रमिकों को धोखा दे दिया। सरकार के बजट मन दुखी है। 2021में लखनऊ में मनरेगा श्रमिक मजदूरों के सम्मेलन में मंच से मनरेगा श्रमिकों में एचआर पॉलिसी लागू करने ऐलान किया था। इसके बाद भी सरकार खुद नियमों की अनदेखी कर रही है। नियमावली के अनुसार नियमावली के अनुसार 10 साल में मनरेगा श्रमिकों को नियमित किया जाना चाहिए था। लेकिन, अब 15 साल बाद भी सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। इस बजट में वित्तमंत्री ने कई बड़े ऐलान किए।

लेकिन, सबसे ज्यादा नजरें इस बात पर टिकी थी कि इस बार क्या सस्ता हुआ है और क्या मंहगा। वित्त मंत्री ने मोबाइल फोन सस्ता करने की घोषणा की तो कैंसर की दवा भी सस्ती कर दी। इलेक्ट्रिक व्हीकल भी सस्ते हो सकते हैं। इसके साथ ही इम्पोर्टेड ज्वेलरी भी सस्ती करने की घोषणा कर वित्तमंत्री ने महिलाओं को रिझाया है। सरकारी पेंशनर्स को भी सरकार ने तोहफा दिया है। हालांकि इस बजट से किसी के अरमान पूरे हुए तो किसी को जोर का झटका धीरे से लगा है। वेतनभोगी वर्ग में किसी ने आयकर के स्लैब को राहत कम बताया तो किसी ने इसे छलावा बताकर नकारा।




कोर्ट रोड स्थित एक दुकान में टीवी पर बजट देखते लोग। ● अमृत विचार



❝ मोदी सरकार ने इस बजट में सभी को फीलगुड कराया है। टैक्स स्लैब में भी थोड़ा बदलाव हुआ है। गठबंधन सरकार के इस बजट में महिलाओं एवं युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के नये रास्ते खुले हैं। इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट और व निर्यात पर भी काफी ध्यान दिया गया है। कुल मिलाकर इस बजट से किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यमवर्गीय लोगों को संतुष्ट करने की कोशिश की गई है।

**–शरमिताभ सिन्हा**, एडवोकेट



❝ इनकम टैक्स में कागजी राहत, पुरानी पेंशन बहाली योजना पर कोई चर्चा बजट में नहीं की गई है। आठवां वेतन आयोग गठन पर कोई सुनवाई नहीं है। सातवें वेतन आयोग ने कहा था 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता मूल वेतन में जोड़ा जाएगा। लेकिन कुछ हुआ ही नहीं। इससे कर्मचारियों की उम्मीद पर पानी फिर गया। सरकार की मंशा है कमाओ, टैक्स दो, सुखी रहोगे।

**–श्रीकांत यादव**, अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, मुरादाबाद



❝ बजट में जन भावनाओं का ध्यान रखा गया है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने बजट के प्रारूप में सबका साथ, सबका विकास पर फोकस किया है। व्यापारी हित में बजट है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। केंद्रीय वित्त मंत्री युवा, उद्यमी, गृहिणी और व्यापारियों को बजट में ख्याल रखा है। उनके हित के कई प्रावधान बजट में किए हैं।

**–विपिन गुप्ता**, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उद्योग व्यापार संगठन



❝ अमृतकाल के आम बजट में मिडिल क्लास और नौकरी पेशा लोगों को निराशा हाथ लगी है। किसी प्रकार की कोई विशेष राहत मिलती नहीं दिख रही है। बढ़ती महंगाई को रोकने की भी कोई योजना बजट में नहीं है। अपितु घरेलू संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए 10 लाख रुपए तक के एजुकेशन लोन का प्रावधान जरूर शिक्षा के क्षेत्र के लिए अहम है।

**–राहुल शर्मा**, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, महानगर मुरादाबाद



❝ बजट में निर्यातकों को कोई राहत नहीं मिली है। सरकार के सामने निर्यातक लगातार अपनी समस्याएं रख रहें है, लेकिन इस बजट से निर्यातकों को मायूसी मिली है। छोटे व्यापारियों के लिए भी कुछ नहीं किया गया। इसके अलावा 45 दिन में निर्यातकों को पैमेंट करने में जो परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है, उसमें भी किसी प्रकार की कोई राहत नहीं मिली।

**– नवेद खान**, निर्यातक

## सत्ता पक्ष ने बताया मील का पत्थर तो विपक्ष ने लॉलीपॉप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में कई घोषणाएं की गई। महंगाई कम करने के उपाय हुए तो कई वस्तुओं के दाम कम हुए। सोने, चांदी के गहने पर इम्पोर्ट ड्यूटी कम करने की वित्तमंत्री ने घोषणा की। हर वर्ग को साधने की कोशिश बजट में की गई। सत्तापक्ष ने बजट को मील का पत्थर और दूरगामी परिणाम वाला बताया तो विपक्ष ने इसे लॉलीपॉप और झुनझुना बताकर खारिज कर दिया। विपक्ष के नेताओं का कहना है कि इस बजट से किसी का भला होने वाला नहीं है। यह उद्योगपतियों के हित में हैं।



❝ बजट सकारात्मक है। 500 कंपनियों के साथ नौजवानों को रोजगार सृजन के लिए उठाए गए कदम से बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक दूर होगी। एमएसएमई के माध्यम से रोजगार सृजन करने के लिए मुद्रा लोन में प्रावधान की सराहना करते हैं। यह बजट विकसित भारत के निर्माण में मजबूत कदम है।

**– विनोद अग्रवाल**, महापौर



❝ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत बजट जलकल्याणकारी है। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। नौकरी पेशा को आयकर में छूट अधिक मिली है। मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर कई प्रावधान बजट में है। कुल मिलाकर यह बजट देशहित में है और अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने वाला है।

**–रितेश कुमार गुप्ता**, नगर विधायक



❝ यह जन कल्याणकारी और जनता को समर्पित बजट है। इसमें किसानों, महिलाओं, युवाओं सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी प्रावधान किए गए हैं। इसमें मध्यम वर्ग का भी ध्यान रखा गया है। औद्योगिक विकास को भी गति दी गई है। देश की अर्थव्यवस्था को इस बजट से और मजबूती मिलेगी।

**– आकाश पाल**, जिलाध्यक्ष, भाजपा



❝ यह बजट जनविरोधी है। इसमें किसानों, नौजवानों, सामान्य जन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। युवाओं के रोजगार का भी ध्यान इसमें नहीं रखा गया है। इस बजट से कुल मिलाकर सभी को निराशा मिली है। इसमें कुछ भी नया नहीं है।

**– जयवीर सिंह यादव**, जिलाध्यक्ष, सपा



❝ बजट में कुछ भी नया नही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र का मजाक उड़ाने वाले ही अब उसी की कॉपी कर रहे हैं। बजट के प्रति जो उम्मीद थी वो वैसा ही निकला। इनकम टैक्स की सीमा में भी इतने सालों बाद मामूली बदलाव तो वहीं मुरादाबाद से दिल्ली के लिए शटल ट्रेन तक न दे पाना मायूस कर गया।

**– मोहसिन खां**



❝ सरकार का बजट तो अच्छा और प्रोग्रेसिव है, लेकिन धरातल पर भी कार्य होना चाहिए। जैसा बजट पेश हुआ है अगर इसी तरह कार्य हुआ तो निश्चित ही एक्सपोर्ट इंडस्ट्री और उद्यमियों को एक नई राह मिलेगी।

**– आकांक्षा गर्ग**, निर्यातक



❝ बजट में कुछ खास नहीं है। हमें जो सरकार से उम्मीद थी, उस अनुरूप निर्यातकों के लिए कुछ नहीं है। निर्यातकों को फोकस एक्सपोर्ट्स इंसेटिव और फैक्ट्रियों के बिजली बिलों और डीजल में सब्सिडी मिलनी चाहिए थी। **–नवेदुर्रहमान**, अध्यक्ष, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्पोर्टर्स एसोसिएशन



❝ केंद्रीय वित्तमंत्री ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है। करीब, कमजोर तबके का भी ख्याल है। 100 साप्ताहिक बाजार का प्रावधान बजट में करने से रेहड़ी वालों को जीविका चलाने में मदद मिलेगी। यह सराहनीय बजट है।

**– पूजा अरोरा**, गौर ग्रेशियस कॉलोनी



❝ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण खुद महिला हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए कौशल विकास योजना के लिए बजट का प्रावधान कर सराहनीय काम किया है। अब अपने हुनर को एक नई पहचान दिलाने में भारतीय नारी सफलता पाएगी।

**–शालिनी गुप्ता**, हरपाल नगर



❝ बजट में मेटल हैंडीक्राफ्ट्स निर्यातकों और विशेष रूप से मुरादाबाद के लिए कोई लाभ नहीं है। लेकिन, कुछ होना, कुछ न होने से बेहतर है। रूफ टॉप सोलराइज़ेशन की संभावनाएं सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना और सेवाओं में व्यापारिक अवसर उत्पन्न होंगे।

**– जेपी सिंह**, चेयरमैन, यस



❝ बोगस बजट है। गरीबों के लिए इसमें कोई प्रावधान नहीं किया गया है। कमजोर तबके को मजबूती देने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस बजट से सभी को मायूसी मिली है। बजट के नाम पर सपने दिखाए गए हैं।

**– असलम खुर्शीद**, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस



❝ देश की जनता के साथ बजट एक छलावा है। इसमें मेहनतकश मजदूरों, युवाओं, किसानों, बेरोजगारों के लिए कोई योजना नहीं है। चुनाव के दौरान जिस गारंटी की बात नरेंद्र मोदी के नाम पर की गई वह बजट में कहीं नहीं दिख रही है।

**– सुनील आजाद**, जिलाध्यक्ष, बसपा



चंद्रनगर में टीवी पर बजट देखतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



❝ बिहार व आंध्रप्रदेश को खुश रखने की जद्दोजहद में कोरोना काल में बंद की गई सहारनपुर–लखनऊ पैसेंजर व पुशपुल पैसेंजर को दोबारा चलाए जाने, मुरादाबाद–गाजियाबाद मेमू के समय परिवर्तन एवं मेट्रो शटल चलाए जाने जैसी उम्मीदें धराशायी हो गईं। **– सुधीर पाठक**, अध्यक्ष, दैनिक रेल यात्री संगठन



❝ इस बजट में छोटे स्टेशनों के आम यात्रियों के दुखों को सरकार कुछ कम कर सकती थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। एक्सप्रेस ट्रेनों में कम से कम आठ या 10 बोगियां लगाये जाने की घोषणा से भी कुछ न्याय अनारक्षित श्रेणी के यात्रियों के साथ किया जा सकता था। लेकिन, बजट में दैनिक रेल यात्रियों की अनदेखी की गई।

**–श्याम कुमार**, दैनिक यात्री



❝ बजट उत्पादकता, रोजगार सृजन, कौशल, मानव संसाधन विकास, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी को प्राथमिकता देकर विकास की क्षमता का दोहन करने पर केंद्रित है।

**– नीरज खन्ना**, उपाध्यक्ष, ईपीसीएच



❝ दलितों के कल्याण के लिए कोई व्यवस्था बजट में नहीं की है। कार्यालयों में आउटसोर्सिंग से कार्य कराएंगे लेकिन, सरकारी नौकरी नहीं देंगे। महंगाई को देखते हुए आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मचारियों का वेतन पैकेज बढ़ाना चाहिए था।

**– राजेंद्र वाल्मीकि**, जिला चैयरमैन, अनुसूचित जाति जनजाति विभाग कांग्रेस कमेटी



❝ बजट में जनता की उम्मीदों को ठेंगा दिखाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। नौकरी पेशा को टैक्स स्लैब में बड़ी छूट की उम्मीदों को झटका लगा है। किसानों, श्रमिकों, गरीबों के उत्थान की कोई बात नहीं है।

**– तुंगीश यादव**, पूर्व जिलाध्यक्ष, समाजवादी शिक्षक सभा

## बजट देखने को टीवी व मोबाइल पर चिपके रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को बजट को लेकर लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला। लोग सुबह से ही बजट को लेकर टीवी के पास बैठने लगे थे तो नौकरी पेशा लोग अपने कार्यालयों में भी बजट पर आखें गड़ाए रहे। वहीं बाजारों में व्यापारी भी महंगाई के बीच आशा व निराशा में गोते लगाते रहे। टीवी के शोरूम में लोग बजट की झलकियां देखने में मशगूल रहे।

बजट देखने के लिए मंगलवार को टीवी और मोबाइल पर लोगों की नजरें टिकी रहीं। कई जगह बजट देखने वालों ने अपने परिवार के लोगों ने भी अपनी पसंद का चैनल नहीं देखने दिया। बजट की स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए लोग अपने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर डटे रहे। बजट से किसी के चेहरे खुशी थी तो बहुत से लोगों को मायूसी हाथ लगी। दोपहर बाद स्थिति स्पष्ट होने के बाद नफा और नुकसान का आकलन होता रहा। वहीं महिलाएं रसोई गैस के सिलेंडर और खाद्य पदार्थों पर चढ़े दामों के उतार की आस लगाए बैठी थीं। वित्त मंत्री ने संसद में बजट को पढ़ना शुरू किया तो उससे पहले ही लोगों की नजरें टीवी स्क्रीन व मोबाइल पर टिक गईं। महानगर के बाजारों व मोहल्लों में लोग टीवी व मोबाइल पर बजट देखते नजर आए।



❝ सरकार का बजट पूरी तरह लॉलीपॉप है। निर्यातकों को बजट में कोई राहत नहीं दी गई है। आप देखिए बजट में आम आदमी के लिए भी कुछ खास नहीं है। पहले तो निर्यातकों को फायदा मिलता था, इस बजट में उन्हें कुछ नहीं मिला है।

**– अंशुल अग्रवाल**, निर्यातक

### टेबल-टेनिस में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आशियाना कालोनी स्थित आरआरके स्कूल में मंगलवार को एक दिवसीय इंटर हाउस टेबल-टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना छाबड़ा ने फीता काटकर की। बालक वर्ग में कक्षा छह से कक्षा आठ तक सफायर हाउस के आदिब खान ने प्रथम, रूबी हाउस के लक्ष्य त्यागी ने द्वितीय, रूबी हाउस के अथर्व कुमार तृतीय, कक्षा नौ से कक्षा 12 तक सफायर हाउस के नवीन सिंह प्रथम, एमेरल्ड हाउस के अंशु चौधरी द्वितीय व सफायर हाउस की हितांशु चौधरी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में कक्षा छह से आठ तक सफायर हाउस की इशिका प्रथम, रूबी हाउस की आयुषी सिंह द्वितीय, रूबी हाउस की दर्शिका चौधरी तृतीय रहीं। इस दौरान प्रधानाचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर बधाई दी।

**सीएनजी वाहन** | **सरकार के फैसले से विभाग का कम होगा राजस्व**

## नये वाहनों के पंजीयन पर टैक्स माफ

- प्रदूषण को कम करने के लिए सीएनजी वाहनों के पंजीयन पर छूट दे रही प्रदेश सरकार
- दूसरी ओर सरकार परिवहन विभाग पर राजस्व बढ़ाने पर दे रही जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरकार ने प्रदूषण को कम करने के लिए अनोखी पहल शुरू की है। सरकार ने संभागीय परिवहन विभाग में सीएनजी से चलने वाले वाहनों के नये पंजीयन पर टैक्स माफ कर दिया है। वाहन की कीमत के 20 प्रतिशत टैक्स के रूप में वाहन स्वामी की ओर से दी जाने वाली धनराशि अब नहीं देनी पड़ेगी। सरकार ने यह फैसला सीएनजी से संचालित वाहनों को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। इससे प्रदूषण तो कम होगा लेकिन, संभागीय परिवहन विभाग को लाखों के टैक्स का नुकसान भी होगा।

चार पहिया व दो पहिया वाहनों को बनाने वाली कंपनियां अब अधिकतर सीएनजी से चलने वाले वाहन बना रही हैं। जिसमें डेढ़ लाख से लेकर 10 लाख तक की बाइक बनाने वाली कंपनी व 08 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये की कीमत के चार पहिया व इस बड़े वाहन बनाने वाली कंपनी अब सीएनजी से चलने वाले वाहन बनाने की होड़ में मैदान उतर रही हैं। वहीं सरकार ने प्रदूषण मुक्त करने के नाम पर इन वाहनों को लोगों तक आसानी से पहुंचाया जा सके इसके लिए संभागीय परिवहन विभाग में नये पंजीयन पर टैक्स खत्म कर दिया है। ऐसे में लोग टैक्स के रूप दी जाने वाली बड़ी धनराशि से बचने के सीएनजी वाहन की बुकिंग करा रहे हैं। वहीं एक तरफ सरकार संभागीय परिवहन विभाग पर राजस्व बढ़ाने पर जोर दे रही है। सरकार के इस फैसले से संभागीय परिवहन विभाग में आने वाले समय में प्रति माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान होना तय है। इसमें पंजीयन शाखा के पटल पर कार्य कर रहे कर्मचारियों के महीने में राजस्व भी घट रहा है। हालांकि विभाग में चर्चा है कि सरकार के इस फैसले हो रहे नुकसान को लेकर परिवहन मंत्रालय में इस पर दोबारा मंथन किया जा रहा है। जल्द ही इसमें संशोधन किया जा सकता है।

❝ सरकार का फैसला हमें मानना है। अभी दो चार वाहनों का ही नया पंजीयन हुआ है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सरकार के इस फैसले से विभाग को हो रहे नुकसान के बारे में भी अवगत कराया जा चुका है। इसमें जल्द कुछ बदलाव होने उम्मीद जताई जा रही है।

**–राजेश सिंह**, संभागीय परिवहन अधिकारी मुरादाबाद मंडल

### 200 लाभार्थियों को निशुल्क मिलेगी टूल किट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** 30 जुलाई को पंचायत भवन परिसर में माटीकला टूल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मंडल के 200 लाभार्थियों को निशुल्क टूल किट वितरित की जाएगी। इसमें एक दिवसीय सेमिनार में तकनीकी, व्यावसायिक और शिल्पकारी क्षेत्र में जानकारी दी जाएगी।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि 30 जुलाई को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंडल के 200 लाभार्थियों को निशुल्क माटी कला टूल किट प्रदान की जाएगी। इसमें मुरादाबाद के 25, रामपुर के 40, बिजनौर के 50, संभल के 40 और अमरोहा के 45 लाभार्थी इस योजना में चिह्नित किए गए हैं। निःशुल्क टूल किट वितरण के साथ ही अपने उद्योग को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए एक दिवसीय सेमिनार में जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञ तकनीकी, व्यावसायिक व शिल्पकारी सत्रों में इस बारे में लाभार्थियों को दक्ष बनाएंगे।



एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

## हेल्दी लाइफ स्टाइल की दी जानकारी

- एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को कांठ रोड स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी सभागार में सीबीएसई देहरादून के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत हैल्थ एंड वेलनेस विषय पर आयोजित की गई। दो दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन हेल्दी लाइफ स्टाइल, सब्सटेंस एब्यूज, हिंसा से बचाव, एचआईवी एड्स तथा यूज एंड मिसयूज आफ सोशल मीडिया विषयों पर गतिविधियों के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कार्यशाला में महानगर एवं आसपास के सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 45 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल ने रिसोर्स पर्सन डॉ. प्रशांत कुमार एवं डॉ. राहुल चावला समेत समस्त प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और अवगत कराया कि विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए लगभग 50 घंटे इस तरह के प्रशिक्षण कार्यशाला में देना अनिवार्य है। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने विद्यालय प्रधानाचार्या एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### पैथोलॉजी लैब संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मैनाठेर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गागन में चल रहे अपंजीकृत पैथोलॉजी लैब पर स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ नरेंद्र चौधरी ने छापेमारी की। संचालक लैब से सम्बंधित कागजात नहीं दिखा पाया। डिप्टी सीएमओ के निर्देश पर लैब को सील कर दिया गया। लैब संचालक आसिफ पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### दस्त और बुखार का प्रकोप

**अगवानपुर, अमृत विचार** : नगर में जगह-जगह सड़क किनारे कूड़े ढेर लगे हुए हैं। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियां पैर पसार रही हैं और मच्छरों का प्रकोप जारी है। इससे उल्टी-दस्त व बुखार के मरीजों में बढ़ोतरी हो रही है। अगवानपुर में कांवड़ पथ पर जगह-जगह फैले कूड़े के कारण मच्छर बढ़ रहे हैं। इससे बुजुर्ग और बच्चों में संक्रामक रोग बढ़ रहे हैं।


मुरादाबाद महानगर की खबरें पेज 13 पर भी पढ़ें


### पाइप लाइन फटने से बंद पड़ी थी सप्लाई, दूर-दराज से पानी भरकर ला रहे क्षेत्रवासी

# दो दिन पानी को तरसे आजाद नगर के लोग

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** पाइप लाइन फटने से संभल रोड स्थित आजाद नगर के लोग दो दिन से पानी को तरस रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिसके कारण लोग दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि दो दिन पहले दोपहर के समय बिजली के खंभे लगाने के लिए गड्ढे खोदे गए थे। इस बीच पानी की पाइपलाइन फट गई। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में पानी बंद हो गया। पानी नहीं मिलने के बाद लोगों ने इसकी जानकारी क्षेत्र के वाटर टैंक कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को दी। लेकिन, उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। जिसके कारण क्षेत्र के लोग दूसरे मोहल्लों से पानी भरकर ला रहे है। इतना ही नहीं क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्ति पानी लाते समय गिर भी गया। गनीमत रही कि उसे कोई चोट नहीं आई। लोगों का कहना है कि वाटर टैंक कार्यालय पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि पाइप लाइन बिजली विभाग के कर्मचारियों ने खराब की है। उन्हीं से सही कराओ। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद मंगलवार शाम को कर्मचारी पाइप लाइन जोड़कर चले तो गए, लेकिन उसके बाद गंदा पानी आ रहा है।




ऑटो में बाल्टी रख कर दूसरी जगह से पानी भरने जाता क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार



"दो दिन से पूरे क्षेत्र में पानी नहीं है। हम सब लोग ऑटो व ई-रिक्शा में बाल्टियां लेकर दूर-दराज से पानी लेकर आ रहे है। हंगामा करने के बाद मंगलवार शाम को पाइप लाइन जोड़ी गई, उसके बाद भी गंदा पानी आ रहा है।

– **मोहम्मद कादिर**, स्थानीय निवासी



"हमारे क्षेत्र में आए दिन बिजली व पानी की समस्या होती रहती है। लेकिन, कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता है। अब कर्मचारी पाइप लाइन जोड़कर तो चले गए हैं। उन्होंने ठीक से काम नहीं किया है। जिसके कारण गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है।

– **फिरोज खान**, स्थानीय निवासी



"पानी की बहुत परेशानी है। वाटर टैंक कार्यालय पर शिकायत करने गए थे, लेकिन वहां तैनात कर्मचारियों ने साफ मना कर दिया कि पाइप लाइन नहीं जोड़ेंगे। उनका कहना था कि बिजलीघर के जेई से शिकायत करो, वही पाइपलाइन ठीक कराएंगे।

– **शाकिर उर्फ छोटे**, स्थानीय निवासी

## जीवन में कुछ भी नया करने से पीछे नहीं हटें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के बुद्धि विहार स्थित आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2024 -25 के छात्र परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा ने छात्र-छात्राओं को बैज एवं सैश पहनाकर अलंकृत किया। जिसमें राधिका शर्मा को परिषद समन्वयक, प्रियांशी चौधरी को हेड गर्ल, अपूर्व त्रिपाठी को डिप्टी हेडगर्ल, आर्यन सिंह को हेड बॉय, आइजक ग्रेवल को डिप्टी हेड बॉय, गौरीश को भाषा समन्वयक, प्रियांशी चड्ढा को सांस्कृतिक सचिव, आर्यन गुप्ता को अनुशासन प्रभारी व सौभाग्य सक्सेना को खेल प्रभारी के बैज से अलंकृत किया गया। चारों सदनों बेनियन, लोटस, पीकॉक व टाइगर के कप्तान क्रमश शांतनु सिंह, रायन कुमार गौतम, उदय प्रभात एवं जतिन कुमार को बनाया गया।

# ओवरब्रिज पर बड़े वाहनों की करें निगरानी

### महानगर के हस्तशिल्पी बाहुल्य क्षेत्रों में गृहकर व जलकर आदि बिंदुओं पर हुई चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व अन्य।

- **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। कांठ रोड पर किले के पास ओवरब्रिज पर रात के समय हाई टावर लगवाना सुनिश्चित करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

बैठक में पाकबड़ा से डींगरपुर को जोडने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क (एसईजेड) की मरम्मत के संबंध में और एसईजेड की एप्रोच रोड की हालत अत्यधिक खराब होने पर जिलाधिकारी ने एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के लिए कहा। वीरपुर की सड़कों की हालत अत्यधिक खराब होने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को सड़क को ठीक कराने के लिए एस्टीमेट सहित प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया। कांठ रोड किले के पास ओवरब्रिज पर रात के समय डंफर और ट्रैक्टर आदि के गुजरने के संबंध में उस स्थान पर एक सप्ताह में हाई टावर लगवाने के लिए लोनिवि व एमडीए के अधिकारियों से कहा।

जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारी को वारसी नगर, करूला, पक्का बाग, असालतपुरा चौराहा क्षेत्रों में कीटनाशक का छिड़काव ठीक से कराने का निर्देश दिया। हस्तशिल्प कलाकृतियों की बिक्री के लिए सोर्सिंग हब, हस्तशिल्प पार्क, डबल फाटक पुल निर्माण, औद्योगिक क्षेत्र वीरपुर /सब्जीपुर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और महानगर के हस्तशिल्पी बाहुल्य क्षेत्रों में गृहकर व जलकर आदि विषयों पर समीक्षा के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों को त्वरित कदम उठाने के लिए कहा।

बीके यादव उप निदेशक भारतीय उद्यम विकास सेवा ने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत एमएसएमई विकास कार्यालय भारत सरकार आगरा के अन्तर्गत आने वाले 22 जिलों में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योजना का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति को पीएम विश्वकर्मा पोर्टल www.pmvishwakarma.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एमडीए की सचिव अंजूलता, डिप्टी कमिश्नर जीएसटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएमओ ने महानगर की आठ आशाओं को बर्खास्त किया

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- **पिछले कई माह से कार्य की प्रगति रिपोर्ट शून्य आने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** कार्य में शिथिलता पर महानगर अर्बन क्षेत्र की 8 आशाओं की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। यह कार्रवाई डीएम के आदेश पर सीएमओ ने की है। सीएमओ के इस आदेश के बाद आशाओं में खलबली मच गई है।

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आशाओं के कार्यों की भी समीक्षा हुई थी। इसमें पता चला कि अर्बन क्षेत्र की आशाओं में 8 आशा का कार्य काफी खराब है। पिछले कई महीने से उनके कार्य की प्रगति सीएमओ ऑफिस में नहीं आ रही है। इसलिए संबंधित आशा क्षेत्र के लाभार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। जिन आशाओं की सेवा समाप्त की गई है, उनमें कांशीराम नगर की आशा मोनी सागर, नीरज व अनीता और फकीरपुरा की आशा उमा पांडेय व अंशु एवं कंजरी सराय की आशा रीना सिंह, मुकर्रबपुर की आशा राजबाला और मझोला क्षेत्र की आशा शिवानी रानी हैं। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि आशा शहर, कस्बा और गांव के स्वास्थ्य विकास के लिए बीमारियों से बचाव तथा स्वास्थ्यवर्धन का कार्य करती हैं। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस को आयोजित करने में आशा की प्रमुख भूमिका है। इस दिन बच्चों को टीकाकरण के लिए केंद्र पर लाना, माता और गर्भवती स्त्रियों को आंगनबाड़ी केंद्र पर लाकर उनकी जांच करना रहता है। उन्होंने बताया कि इस समय विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चल रहा है। जिसमें आशा की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अलावा नियमित टीकाकरण, जन्म से पांच वर्ष के बच्चों का सर्वे करना। इन सभी कार्यों में इन सभी आठ आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका पिछले कई महीने से शून्य रही है। उन्होंने बताया कि अर्बन क्षेत्र में कुल 300 आशा कार्यकर्ता थीं। अब आठ आशा कार्यकर्ताओं को सेवा से बर्खास्त किया गया है तो उनकी जगह पर नई आशा कार्यकर्ता का चयन किया जाएगा।

## हाईवे पर अनियंत्रित कार विद्युत पोल से टकराई, एक की मौत

**संवाददाता, मुरादाबाद/मैनाठेर**



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

**अमृत विचार:** मैनाठेर थाना क्षेत्र में पुराने टोल के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर विद्युल पोल से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को पाकबड़ा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

मंगलवार को दिल्ली के रहने वाले चार दोस्त कार में सवार होकर लखनऊ जा रहे थे। मंगलवार दोपहर जब इनकी कार दिल्ली हाईवे पर मैनाठेर थाना क्षेत्र में पुराने टोल के पास पहुंची तो तेज रफ्तार होने के कारण अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और विद्युत पोल से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार हरकेश, अनमोल, दीपक और आकाश निवासी दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर मैनाठेर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस आनन-फानन में चारों घायलों को लेकर पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने हरकेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य तीनों को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। थाना मैनाठेर प्रभारी निरीक्षक किरणपाल सिंह ने बताया कि हादसे में युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत, कोहराम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट के मामले में समझौता करने के लिए घर से थाने जाने के लिए निकले एक मजदूर की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी प्रेम सिंह (60) मजदूरी करता था। बताया गया कि 21 जुलाई को नाली को लेकर पड़ोसी का उसकी पत्नी से विवाद हो गया था। शाम को जब प्रेम सिंह घर पहुंचा तो पड़ोसियों से उसकी मारपीट हो गई, जिसमें उसके सिर में चोट लग गई थी। मंगलवार सुबह मूंढापांडे सीएचसी में मरहम पट्टी कराई। घर पहुंचने पर उसकी हालत अधिक खराब हो गई। जिसके बाद परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# औषधि निरीक्षक ने जब्त की दवाएं

**संवाददाता, पाकबड़ा**



घर में चल रहे अस्पताल से जब्त दवाओं के साथ औषधि निरीक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** औषधि निरीक्षक ने घर में चल रहे अस्पताल में छापा मारा। छापे से अस्पताल संचालक एवं मरीजों में हड़कंप मच गया। सभी मरीज वहां से चले गए। औषधि निरीक्षक ने 1,65,000 रुपये की दवाएं जब्त की और संचालक को पुलिस के हवाले कर दिया।

कस्बे के डींगरपुर रोड स्थित आजाद नगर में घर के अंदर अस्पताल चलाया जा रहा था। आईजीआरएस की शिकायत पर औषधि निरीक्षक उर्मिला वर्मा ने मंगलवार को अपनी टीम और पुलिस के साथ अवैध रूप से चल रहे अस्पताल पर छापा मारा। छापा पड़ते ही अस्पताल के डॉ. मोहम्मद कमाल एवं स्टाफ में अफरा-तफरी मव गई। सभी लोग वहां से भागने की फिराक में लग गए। भर्ती मरीज वहां से एक-एक कर सब निकल गये। काफी देर बाद डॉ. कमाल वहां पर आये। उसके बाद औषधि निरीक्षक ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ कर दवाओं को जब्त कर एवं डॉक्टर को थाने ले आए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि 165000 रुपये की दवाएं मिलीं हैं। जिनको जब्त कर लिया गया है। ऐसी दवाइयां कोई नहीं मिली हैं जिससे कि अभी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और कोई कार्रवाई की जाए। डॉक्टर को पुलिस के हवाले कर दिया है। सभी दवाइयां अपने साथ ले जा रहे हैं। तभी नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने भी अस्पताल में जाकर देखा। कहा कि घर का एवं अस्पताल का एक ही रास्ता है इसलिए सील नहीं किया गया है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को सम्मानित किया

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



समारोह में मौजूद ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मानित किए मेधावी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

- **पीएमएस स्कूल में हुआ ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह**

**अमृत विचार:** ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी का प्रतिभा सम्मान समारोह पीएमएम स्कूल में आयोजित हुआ। समारोह में समाज के 40 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कर्ष योगदान देने वाले 9 शिक्षकों को मुख्य अतिथि मनोज आहूजा, केके मिश्रा व सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि केके मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज की ओर से किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। सत्य प्रकाश शर्मा ने समारोह में आए लोगों को महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उनके जीवन से प्रेरणा लेकर भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पीएमएस स्कूल, शिरडी साईं पब्लिक स्कूल, केसीएम स्कूल, आरआरके स्कूल, टाइनी टॉट्स स्कूल, गोल्डन गेट स्कूल,आरएसडी स्कूल के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग से ऋचा भारद्वाज, गरिमा शर्मा, डॉ. सचिन शुक्ला, प्रेमलता गौड़, पीएमएस स्कूल की निशिमा पाठक, अश्वनी दुबे, टाइनी टॉट्स टॉट्स के इंदू पारेख ,जीके वेल्हम स्कूल के एमएम शर्मा को स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। पीएमएस स्कूल के प्रधानाचार्य मैथ्यू पी एलेनचेरिल, डॉक्टर सौभाग्य मिश्रा, डॉ. प्रशांत पांडे, राज नारायण दीक्षित, सत्य प्रकाश शर्मा, विपिन श्रोतिय, अतुल शर्मा, नितिन शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन मनराज रस्तोगी व उम्मीद श्रोतिया ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता नरेश भारद्वाज ने की।



रेलवे स्टेशन पर चेकिंग करती जीआरपी की टीम। ● अमृत विचार

## सावन माह में स्टेशन पर बढ़ी सतर्कता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सावन पर्व के मद्देनजर राजकीय रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल पूरी तरह से सतर्क हो गया है। जिसके मुरादाबाद समेत रेल मंडल के अन्य स्टेशनों पर पर चेकिंग अभियान चलाकर चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। राजकीय रेल पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल की टीमें संदिग्धों की चेकिंग कर रही हैं।

सोमवार से सावन पर्व की शुरुआत हो गई है। ऐसे में रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ अधिक होती है। चेकिंग के दौरान सुरक्षबल सरकुलेटिंग एरिया, बुकिंग काउंटर, वाहन स्टैंड, आरक्षण केंद्र, खानपान स्टॉल और प्लेटफार्मों के साथ ही यात्रियों के सामानों की तलाशी ले रहे हैं। मंगलवार को भी यात्रियों के सामान की चेकिंग के दौरान किसी प्रकार की वस्तु नहीं मिली।


ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### राशन कम देने की शिकायत पर दी धमकी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव शेरपुर पट्टी निवासी कई लोगों ने समाधान दिवस में डीलर पर कम राशन देने का आरोप लगाया। कहा कि डीलर प्रति यूनिट दो किलो राशन कम दे रहा है। विरोध करने पर डीलर का पुत्र धमकाता है। इसकी एक वीडियो भी वायरल हो रही है। ग्राम पंचायत के मजरा बढ़ापुर के छप्पाल सिंह ने विरोध किया तो कोटेदार के पुत्र वर्तमान प्रधान ने राशन कार्ड समाप्त करने व जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच करने तथा पूरा राशन दिलाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में छपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, दिवेश कुमार, नरेश सिंह, राकेश कुमार, यशपाल सिंह, नरेश कुमार के हस्ताक्षर थे।

### गाली-गलौज व मारपीट की पुलिस से शिकायत

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम तेलीपुरा निवासी व्यक्ति ने कुछ व्यक्तियों पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम तेलीपुर खालसा का है। जहां पीड़ित कैलाश सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि वह पेड़ के नीचे सोया हुआ था। तभी गांव के कुछ लोग नशे की हालत में आए और मेरे साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान पीड़ित कैलाश सिंह के सिर में गहरी चोट आई। विरोध करने पर आरोपी मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने उक्त सभी लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### घर के बाहर से स्कूटी चोरी, अज्ञात पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला जाटवान निवासी मुकेश कुमार पुत्र रामरत्न सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी कर कमरे में गया था। वापस आकर देखा तो स्कूटी वहां नहीं थी। काफी तलाश के बाद स्कूटी का कोई पता नहीं चल सका। जिस पर स्कूटी स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुरादाबाद देहात की खबरें पेज 14 पर भी

# बस ने वाहन को मारी टक्कर, किशोर की मौत

## हादसे में वाहन में सवार छह अन्य लोग घायल, आरोपी रोडवेज बस चालक को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र के तहत मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर थाना कुंदरकी के समीप रोडवेज बस ने अपने आगे जा रहे सवारियों से भरे टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। हादसे में कुछ यात्री वाहन के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने वाहन को सीधा किया। जिसमें टेंपो के नीचे दबने से घायल हो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस घायल किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। जहां पर चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया, जिसको बाद में पुलिस ने पकड़ लिया।



मृतक अनुज।



घटना स्थल मौजूद भीड़ और वाहनों की लगी कतार। ● अमृत विचार

बताया जाता है कि मोहल्ला पंडाल सिरौली जिला बरेली निवासी होरीलाल अपने रिश्ते के पोते अनुज उम्र 13 वर्ष पुत्र पूरन सिंह के साथ टाटा मैजिक से मुरादाबाद जा रहा था। इसी दौरान थाना कुन्दरकी के पास हादसा हो गया। हादसे में वाहन

● **रिश्ते के दादा के साथ पिता के मुरादाबाद जा रहा था अनुज**

में बैठे हुए छह से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में एक ही परिवार के राशिद हुसैन, वाजिद हुसैन, दिलशाद और राइज निवासी रामपुर और छोटे निवासी मुरादाबाद सहित अन्य लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया है कि रोडवेज बस के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया। मृतक अनुज का पिता पूरन सिंह मुरादाबाद निजी कम्पनी में काम करता है और उन्होंने अनुज को पढ़ने के लिए अपने पास मुरादाबाद बुलाया था। अनुज अपने रिश्ते के दादा होरीलाल के साथ पिता के पास जा रहा था कि सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। हादसे से मृतक के परिजनों का बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में भतीजे की मौत, चाचा घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरादाबाद-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह टेंपो की टक्कर से बाइक दो लोग घायल हो गए। बाद में एक की मौत हो गई। पता चला है कि नूर नबी उम्र करीब 16 वर्ष पुत्र शकील अहमद निवासी ग्राम अहमदनगर जैतवारा रिश्ते के चाचा शमीम अहमद के साथ बाइक से मुरादाबाद जा रहा था। मंगलवार सुबह 8 बजे जैसे ही वह लोग हाईवे स्थित ग्राम हुसैनपुर के समीप पहुंचे तो उनकी बाइक को टेंपो ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक गिर गई और बाइक सवार चाचा भतीजा घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद राहगीरों ने दोनों घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां पर किशोर नूर नबी को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में मां इमराना, बहन गुलेराना और बड़े भाई गुलाम नबी का बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक के परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया। शव को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।



मृतक नूर नबी।





एसडीएम विनय कुमार सिंह का स्वागत करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# एसडीएम का किया स्वागत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में एसडीएम विनय कुमार सिंह का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन की ओर से एसडीएम विनय कुमार सिंह का स्वागत किया गया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बार और बेंच के बीच तालमेल पर बल दिया। इस मौके पर चौधरी रामकुंवर सिंह यादव, कमाल अकबर, चैतन्यपाल सिंह, चौधरी विनय कुमार सिंह, चौधरी अजय पाल सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, भगवान शरण माथुर, मोहम्मद उस्मान, नवाब हुसैन, आशीष शर्मा, परमजीत सिंह, अनोद चौधरी, सुनील कुमार सिंह, अनवार हुसैन, शराफत हुसैन, तेज प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## लोनिवि अधिकारियों ने कांठ रोड के भरवाए गड्ढे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार से शुक्रवार कांवड़ियों की संख्या क्षेत्र में कुछ कम रहेगी। इस दौरान कांठ रोड को गड्ढा मुक्त करने में विफल रहे लोक निर्माण विभाग को मौका मिल गया। विभाग ने कांठ रोड पर गड्ढे भरकर लोगों को राहत देने का प्रयास किया है।

वहीं, श्रावण मास के दूसरे सोमवार को कांवड़ियों के हरिद्वार जाने वाले बड़े-बड़े जत्थे इसी मार्ग से निकलेंगे। छजलैट तक हाईवे की खस्ता हालत है। अभी तक पूर्ण रूप छजलैट तक सड़क के गड्ढों की भरपाई नहीं हो सकी है। मार्ग के बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आने वाले दिनों में कांवड़ियों के साथ हादसा होने का खतरा बना हुआ है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शहर के कांठ रोड पर चार से पांच किलोमीटर की सड़क के गड्ढों को भरकर महानगर के लोगों और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को संतुष्ट करने में लगे है।

# टैंकर में लगी आग से ठाकुरद्वारा के चालक-परिचालक झुलसे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा के ग्राम मसतल्लीपुर कटारमल निवासी चालक व परिचालक जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गए। उनके टैंकर को ट्राली ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद टैंकर में आग लग गई थी। दोनों आग में झुलसने के बावजूद टैंकर से कूद गए। दोनों को पुलिस ने मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से परिजनों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है।

कोतवाली के ग्राम मसतल्लीपुर कटारमल निवासी चालक राहुल कुमार पुत्र हरवीर सिंह और परिचालक रंजीत सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह टैंकर चलाते हैं। मंगलवार सुबह जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में हाईवे पर बछतौला अंडरपास के ऊपर अल्कोहल ईएनए भरा टैंकर ट्राली से टकराकर डिवाइडर जा भिड़ा। टैंकर बरेली से मेरठ जा रहा था। टक्कर लगने के बाद टैंकर में आग लग गई। आग से चालक राहुल कुमार और रंजीत सिंह झुलस गए। पुलिस और अग्निशमन दल ने आग बुझाने के साथ घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को मेरठ रेफर कर दिया था। इस बीच सूचना मिलने पर राहुल के पिता हरवीर सिंह, भाई विशाल समेत परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। घायल राहुल को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उसका उपचार चल रह रहा है। ग्राम प्रधान सूरज बसंत ने बताया कि राहुल की हालत में सुधार है।

# धोखाधड़ी से जमीन बेचने के मामले में दो पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कांठ

● **एक ही जमीन को दो बार बेचने का है मामला**

**अमृत विचार :** थाना पुलिस ने महिला के साथ धोखाधड़ी से दूसरे को बेची गई जमीन का बैनामा करके छह लाख रुपए हड़पने के मामले में न्यायालय के आदेश पर दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस के कस्बा अगवानपुर के मोहल्ला सराय फारूक निवासी समुन्द्रा पत्नी स्व. करण सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर ग्राम मुजफ्फरपुर टांडा निवासी ओमकार व अर्जुन पुत्र जीराज सिंह पर आरोप लगाया कि उन्होंने छह लाख रुपए में महिला को खेती की जमीन खेमपुर सैफुल्लापुर के जंगल में बैनामा कराकर बेची थी। जिसमें पांच लाख 80 हजार रुपए का भुगतान बैंक खाते से ओमकार सिंह के खाते में 16 सितंबर 2022 को किए थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। जब महिला अपने पुत्र के साथ उक्त जमीन पर कब्जा लेने पहुंची तो वहां पता चला कि वह जमीन इन लोगों ने जीत सिंह पुत्र डालचंद मोहल्ला कुरेशियां जिला अमरोहा को 25 नवंबर 2021 को तीन लाख रुपये में बेच दी थी। जब महिला को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ तो उसने अर्जुन आदि से अपने रुपये मांगे तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौज कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस व्यक्ति ओमकार के खाते में विधवा महिला ने रुपए ट्रांसफर कराए थे। उनकी मृत्यु हो चुकी है। महिला के प्रार्थना पत्र पर न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश थाना पुलिस को दिए थे। पुलिस ने मामला दर्ज विवेचना शुरू कर दी है।

## पतनाले के विवाद में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में मकान का पतनाला निकालने को लेकर हुई मारपीट में भाई बहन को मारपीट कर घायल कर दिया था। थाना पुलिस ने इस संबंध में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना के ग्राम ज्ञानपुर निवासी दिनेश पुत्र थान सिंह का गांव के दीपू आदि से मकान के पतनाले को लेकर विवाद चल रहा है। 12 जून को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया था। जिसमें दीपू, गोपी, जगराज, भूरे आदि ने दिनेश एवं उसकी बहन नीलम को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले में पीड़ित ने थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी लेकिन पुलिस ने उस समय कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद दिनेश ने वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए थे, जिसमें दोबारा जांच कराई गई। अब थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के 41 दिन बाद चारों आरोपियों पर मारपीट का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भाकपा ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों ने ऊमरी कलां के ग्रामीणों के साथ तहसील में प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

भाकपा के जिला सचिव रामकिशोर रस्तोगी, प्रदेश सचिव अरविंद, राजस्व स्वरूप, कांठ तहसील सचिव गुफरान उल हक, अब्दुल गफ्फार, रूबी रस्तोगी, उर्मिला, नरेश, चंद शर्मा, सुलेमान, फारुकी आदि ऊमरी कलां के ग्रामीणों के साथ तहसील में पहुंचे। वहां उन्होंने ऊमरी कलां के कुछ लोगों पर गाटा संख्या 38 की भूमि पर धारा 146 का नोटिस लगाने का आरोप लगाया प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त भूमि पर दो-दो मुकदमे कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसके बाद भी हल्का





प्रदर्शन करते भाकपा के कार्यकर्ता व ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाया जमीन पर कब्जा कराने का आरोप**

लेखपाल ने बिना किसी न्यायालय के आदेश के भूमि की पैमाई की गई है और भूमाफिया का कब्जा हल्का लेखपाल द्वारा कराया गया है। ग्रामीणों ने लेखपाल पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया और अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और लेखपाल पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों का आरोप है कि प्रशासन जांच के नाम पर पीड़ित पक्ष को तहसील से समझाकर भेज देता है। चार महीने से अधिक हो चुके हैं और प्रशासन द्वारा धारा 105 की कार्रवाई पूरी नहीं की गई है। उन्होंने अवैध रूप से अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन बिना अनुमति के खरीदकर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**आयोजन** शिक्षण संस्थानों और संगठनों ने मनाई जयंती, क्रांतिकारियों के विचारों को अपनाने की अपील की

# चंद्रशेखर आजाद एवं तिलक की जयंती मनाई

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद ने आजादी के लिए क्रांतिकारियों के साथ बलिदान दिया। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने कहा था स्वाधीनता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर रहूंगा। इस दौरान कार्यक्रम में मेघराज सैनी, विजेंद्र यादव, मीनू यादव, भावना यादव, वंदना, मोहम्मद अर्श, रमन ठाकुर, हर्षित यादव, सिद्धार्थ सागर ने पुष्प चढ़ाए। कार्यक्रम में आदित्य चौहान को पुरस्कृत किया गया।

वहीं, कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज में भी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य आशीष जादौन, मुकुट सिंह, अशोक गुप्ता, प्रियंका सिंह, अजय सिंह, महेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, आदित्य कुमार, विनोद कुमार, गोपाल मौर्य, उदय पाल, जगदीश शर्मा, नेहा पाल, हर्षित यादव, गौरव गुप्ता, सुलभ चौहान, अरविंद कुमार, हितेंद्र पाल सिंह के साथ विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया।



कृषि इंटर कॉलेज में आजाद के चित्र के समक्ष नमन करते शिक्षक।





चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाते मजदूर सभा के कार्यकर्ता।

### चंद्रशेखर आजाद की 119वीं जयंती मनाई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के शिविर कार्यालय रामूवाला गणेश में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के 119वें जन्मदिवस पर विचार गोष्ठी हुई। संगठन के जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह ने आजाद के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि हमें उनके विचारों को आगे बढ़ाना होगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद निडर क्रांतिकारी और देशभक्त थे। इस दौरान जिला महासचिव कैलाश सिंह, जगदीश सिंह पांडे, दयाराम साहनी, हर स्वरूप सिंह, सुरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रापं सदस्य के पांच रिक्त पदों पर निर्विरोध चयन तय

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों में रिक्त ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन किया गया। इसमें पांच पदों के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय है।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेंद्र कुमार के अनुसार चार ग्राम पंचायतों में पांच सदस्यों के पद मृत्यु होने के चलते रिक्त थे। खंड विकास कार्यालय में मंगलवार को चुनाव के लिए नामांकन प्रकिया की गई। जिसमें ग्राम पंचायत भायपुर में वार्ड-2 के लिए रामजानी पुत्र फकीरा, वार्ड 6 के लिए मिस्कीन जहां पत्नी रहीसुद्दीन ने नामांकन कराया। ग्राम पंचायत पीपली अहीर में वार्ड 1 रिक्त पद के लिए कौशर पत्नी कासिम ने नामांकन कराया। ग्राम पंचायत कुआखेड़ा खालसा में वार्ड 4 रिक्त सदस्य पद के लिए महेंद्र पाल सिंह पुत्र करन सिंह ने नामांकन कराया है। ग्राम पंचायत असालतपुर में वार्ड 1 में संदीप कुमार पुत्र दिनेश सिंह ने नामांकन कराया।

### हस्ताक्षर में अंतर मिलने पर पर्चा निरस्त

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत मीरपुर मोहनचक और कुंडेसरा के क्षेत्र पंचायत वार्ड 61 के रिक्त पद पर मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। ग्राम कुंडेसरा निवासी कुसुम देवी और स्वाति देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। एआरओ राजकुमार ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच में कुसुम देवी के नामांकन पत्रों में शपथपत्र पर प्रत्याशी के हस्ताक्षर में अंतर पाया गया। प्रस्तावकों के हस्ताक्षर भी अलग थे। उसके नामांकन पत्र को निरस्त कर दिया गया।

## सार संक्षेप

### कांवड़ियों के लिए भंडारे की तैयारी की

**कांठ, अमृत विचार :** 26 जुलाई से कांवड़ियों की सेवा के लिए शुरू होने वाले विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के भंडारे के लिए कार्यकर्ताओं ने तैयारी की। बताया कि कांवड़ियों के लिए 10वें भंडारे का प्रारंभ गांधी आश्रम में 26 जुलाई दिन शुक्रवार को होगा। भंडारा गांधी आश्रम में लगाने को लेकर सभी कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए हैं। शिविर में जलपान, भोजन, रात्रि विश्राम, चिकित्सा व्यवस्था होगी। बैठक में जिला धर्म प्रसार प्रमुख मोनू बिश्नोई, नगर अध्यक्ष अजय पाल तोमर, जिला सहसंयोजक हर्ष बिश्नोई, नगर संयोजक मोहित पाल, सचिन अग्निहोत्री, निपेन्द्र प्रजापति, गजेंद्र, कमल सैनी, राहुल सैनी आदि कार्यकर्ता रहे।

### घर में घुसकर दंपति से मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दंपति से मारपीट करने व महिला के कुंडल छीनने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्ला पुर लेदा निवासी शशी पत्नी परम सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर में बैठी थी। उसी समय गांव के सदर खान, जुनैद, नदीम व दानिश पुत्रगण शौकीन उसके घर में घुस आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इस दौरान उसको बचाने आये उसके पति को भी आरोपियों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया व उसके कानों से कुंडल खींच लिए। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर सदर खान, जुनैद, नदीम व दानिश पुत्रगण शौकीन पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एसडीएम का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने एसडीएम को बताईं नगर की समस्याएं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी का स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर की समस्याओं से एसडीएम को अवगत कराकर निस्तारण की मांग की है। मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को नगर की विभिन्न समस्याओं जैसे कुड़का नदी पर स्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त करवाने, तालाब व नदियों के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाने, नगर में प्रवेश करने वाले रेत बजरी के डंपर तथा राख की ट्रालियों को सुबह सात से रात्रि नौ तक प्रवेश करने पर रोक लगाने, शनिवार बाजार को मुंडो रोड पर लगवाने व नगर में आबादी के बीच बने केमिकल व कृषि दवाओं के गोदाम को हटवाने, पशुपति फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाले कार्बन पर रोक लगवाने की मांग की है। जिस पर उपजिलाधिकारी मनी अरोड़ा ने सभी समस्याओं पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मंडल महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति, आशुतोष अग्रवाल, कमलेश कुमार, नागेंद्र लांबा, पंकज सिंह, देवेंद्र सिंह, अंकित शर्मा, अरुण प्रताप सिंह, मुकेश चौधरी, आदि मौजूद रहे।



पदयात्रा का स्वागत करते सपाई। ● अमृत विचार

### सपा की पदयात्रा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**छजलैट, अमृत विचार :** जिला मुजफ्फरनगर से निकली समाजवादी पार्टी की पदयात्रा का छजलैट क्षेत्र में पहुंचने पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी की एक पदयात्रा आस मोहम्मद पुत्र निसार अहमद निवासी पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर से लखनऊ तक जा रही है। जिसका मंगलवार को छजलैट पहुंचने पर सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। सपा की पदयात्रा का उद्देश्य जनता में वर्तमान सरकार द्वारा जनविरोधी कार्य एवं बेरोजगारी, गरीबी के खिलाफ एकजुट होकर विरोध करना है तथा 2027 में मौजूदा सरकार को हटाकर समाजवादी की सरकार लाना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक फुरकान अली, विधान सभा अध्यक्ष नाजिम अली सैफी, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग विक्रम सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष अतीकुर्रहमान, पूर्व विधान सभाध्यक्ष राशिद मलिक, अमजद अली, प्रधान मुकेश यादव, मनोज चौधरी, कावेन्दर गुर्जर व भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर मारपीट करने की शिकायत

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम विलायतनगर निवासी व्यक्ति ने कुछ व्यक्तियों पर घर में घुस कर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम विलायतनगर निवासी ओमप्रकाश ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रात को गांव के 10 से 12 लोग मेरे घर में घुस गए और मेरे परिवार को मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर सभी आरोपी घर से भाग गए। पीड़ित ने बताया कि अंधेरे में कुछ लोगों की तो पहचान हो गई, परंतु कुछ की नहीं हो पाई। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री कक्षा 12 में पढ़ती है। गांव के कुछ लड़के उसे परेशान करते हैं। इस मामले को लेकर एक बार गांव में बैठकर पंचायत भी हुई थी। पंचायत के कुछ समय बाद फिर से आरोपी बेटी को परेशान कर रहा है। पीड़ित ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### दुष्कर्म मामले में पंचायत का दो बीघा जमीन देने का फैसला

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में अधेड़ ने नाबालिग से कई महीनों तक दुष्कर्म किया। बाद में समझौते के नाम पर दो बीघा जमीन देकर चुकानी पड़ी। क्षेत्र के गांव निवासी 55 वर्षीय अधेड़ ने पड़ोस की 13 वर्षीय किशोरी को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद भी महीनों तक जंगल में कई बार दुष्कर्म करता रहा। इसी दौरान किशोरी गर्भवती हो गई। तब किशोरी ने घटना के बारे में परिजनों से बताया। इसको लेकर पंचायत में कई दिनों तक समझौते का सिलसिला चलता रहा। अंत में पंचायत में लोगों ने दो बीघा जमीन पीड़ित पक्ष को देने का फरमान जारी कर दिया। थाना प्रभारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि घटना की कोई जानकारी नहीं है। थाने में कोई शिकायत नहीं आई है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फिर भी घटना की जांच पड़ताल कराई जाएगी।

IS 15700 : 2018 सेवोत्तम प्रमाणित

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)**
**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
ऑफिस काम्पलेक्स, भूतल, सेक्टर-5, मझोला योजना सं.-4 भाग-2 मुरादाबाद
Email: emombd@upavp.com

पत्र सं0- 1286/स0प्र0-मुरादाबाद — **सर्वसाधारण को सूचना** — दिनांक- 20/07/2024

परिषद की **जिगर विहार योजना, मुरादाबाद** में स्थित **स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या बी-6** प्रदेशन पत्रांक 947 दिनांक 10.04.1987 द्वारा **श्री अरविन्द कुमार सक्सेना पुत्र श्री भूप स्वरूप सक्सेना** के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने दिनांक 03.08.1987 को अपने पक्ष में पट्टा विलेख/विक्रय-विलेख निष्पादित कराकर उक्त **भवन** का भौतिक कब्जा दिनांक 22.08.1987 को प्राप्त कर लिया था। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 05.01.2000 को निष्पादित कराकर अपने पक्ष में फ्रीहोल्ड डीड दिनांक 10.01.2000 को पंजीकृत करा ली गई की थी। **श्रीमती माधुरी रस्तोगी पत्नी स्व० श्री अरविन्द कुमार सक्सेना ने अपने पति श्री अरविन्द कुमार सक्सेना** की दिनांक **19.03.2008** को मृत्यु होना सूचित करते हुए **स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या बी-6, जिगर विहार योजना, मुरादाबाद** का अपने पक्ष में मृत्योपरान्त नामान्तरण किये जाने हेतु अपना प्रार्थना पत्र निम्नलिखित तथ्य उल्लिखित करते हुए कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. स. | आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या, सेक्टर/खण्ड व योजना का नाम | आवंटी की मृत्यु दिनांक | आवंटी के जीवित आश्रितों के नाम | नामान्तरण हेतु आवेदनकर्ता का नाम एवं उसका आवंटी से सम्बन्ध | आवेदनकर्ता के पक्ष में अनापत्तिदाताओं के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री अरविन्द कुमार सक्सेना पुत्र श्री भूप स्वरूप सक्सेना | स्व. वित्त पोषित भवन सं० बी/6, जिगर विहार योजना, मुरादाबाद। | 19.03.2008 | श्रीमती माधुरी रस्तोगी (आवंटी की पत्नी), श्री मनु अरविन्द एवं श्री मयंक अरविन्द (आवंटी के पुत्रगण) | श्रीमती माधुरी रस्तोगी (आवंटी की पत्नी) | श्री मनु अरविन्द एवं श्री मयंक अरविन्द पुत्रगण स्व० श्री अरविन्द कुमार सक्सेना |

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी अग्रेतर कार्यवाही कर दी जायेगी।

आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक

## एक नजर

### डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में 31 को आ सकता है फैसला

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के मामले में मंगलवार को अभियोजन पक्ष ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। इस मामले में 31जुलाई को फैसला आ सकता है। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। कुछ मुकदमों में फैसला आ चुका है। डूंगरपुर से जुड़े एक मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। अब 31 जुलाई को फैसला आ सकता है।

### पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

**रामपुर, अमृत विचार :** पत्नी की हत्या में ईसी एक्ट की कोर्ट के पीठासीन अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने दोषी को आजीवन कारावास और तीन लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के डिबडिबा निवासी जयदीप सिंह का पत्नी से विवाद होता रहता था। 10 अक्टूबर 2022 को भी दंपति के बीच विवाद हो गया था। इस पर जयदीप ने पत्नी को पीट दिया था। उसने मायके वालों को बुला लिया था। महिला के भाई ने विरोध किया तो जयदीप ने उसके सामने ही पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई ईसीएक्ट कोर्ट में चल रही थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुमार सौरभ ने बताया कि दोषी जयदीप सिंह को आजीवन कारावास और तीन लाख रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

# वित्त मंत्री सीतारमण के बजट को किसी ने नकारा तो किसी ने सराहा

## बिहार में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए 26,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव, उत्तर प्रदेश के लिए बजट में कुछ खास नहीं

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार का पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में बिहार में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिए 26,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि सरकार बिहार में हवाईअड्डे, मेडिकल कॉलेज और खेल संबंधी बुनियादी ढांचा भी स्थापित करेगी। उन्होंने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए 'पूर्वोदय' योजना लाने की बात भी कही। उत्तर प्रदेश के लिए बजट में कुछ खास नहीं है।

बजट में कहा गया है कि सरकार हर साल एक लाख छात्रों को सीधे ई-वाउचर उपलब्ध कराएगी। इसमें ऋण राशि का तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान भी शामिल होगा। इसके अलावा बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाना, रोजगार और कौशल विकास, इंक्लूसिव मानव संसाधन विकास, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स को प्राथमिकता दी गई है।

वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट में एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों के लिए टर्म लोन की नई योजना की घोषणा की। इसके लिए बिना किसी कॉलेटरल सिक्योरिटी के प्लांट एंड मशीनरी के लिए लोन मिल सकेगा। इससे उद्योगों को अपनी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। बहुत से लोगों ने इस बजट को अच्छा बताया तो नौकरीपेशा लोगों ने बजट को सही नहीं बताया। उनका कहना है कि जिस तरह के बजट की उम्मीद थी वैसा बजट नहीं आया है। इसमें बढ़ती महंगाई पर फोकस नहीं किया गया है।

वित्त मंत्री ने इस बार के बजट में सात चीजों पर कस्टम ड्यूटी घटाई और दो पर बढ़ाई है। 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री गहनों की शौकीन महिलाओं पर मेहरबान हुई हैं। उन्होंने सोना-चांदी सस्ता किया है। इसके अलावा फोन चार्जर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, एक्स-रे ट्यूब और कैंसर की दवाओं को सस्ता किया है। जबकि, सोलर ग्लास, सुपारी, प्लास्टिक प्रोडक्ट और टेलीकॉम इक्विपमेंट महंगे हो जाएंगे।



जनता ने भाजपा सरकार को भारत को मजबूत विकास और सर्वांगीण समृद्धि के पथ पर ले जाने का अनूठा अवसर दिया है। यह बजट युवाओं, महिलाओं, गरीबों व दलित पिछड़ा वर्ग के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। इसमें मोदी सरकार की नौ प्राथमिकताओं कृषि, रोजगार, सामाजिक कल्याण, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, गरीब, महिला, किसान युवा पर फोकस किया है।
**- घनश्याम सिंह लोधी, पूर्व सांसद**



बजट गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है। मुद्रा लोन के तहत छोटे उद्यमियों को कम ब्याज पर 20 लाख रुपये तक ऋण मिल सकेगा। इससे रोजगार के नए अवसर तो सृजित होंगे। गरीबों को पांच वर्ष तक नि:शुल्क राशन देने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ आवास बनाने का भी प्रावधान किया गया है।
**- आकाश सक्सेना, नगर विधायक**



बजट में एनपी कर्मचारियों का भी पैसा डूबा है। बजट के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को अब अपने वेतन का 10 प्रतिशत नहीं बल्कि 14 प्रतिशत डुबोने को तैयार रहना होगा। इसका भविष्य में मिलने का भी कोई अता-पता नहीं है। बजट में पुरानी पेंशन बहाल होनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ है।
**- डॉ. राजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ**



सभी वर्गों को इस बजट से बहुत उम्मीदें थीं। लेकिन यह बजट आशाओं के विपरीत है। वेतन भोगी कर्मचारियों को उम्मीद थी की इनकम टैक्स का दायरा बढ़ाया जाएगा लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। आयकर की नई रिजीम में दी गई छूट बहुत कम है। लंबे समय से चली आ रही सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों की पुरानी पेंशन की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।
**- रामचन्द्र, जिला मंत्री, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन**



बजट प्रस्तुत करने से पहले सरकार को शिक्षकों के बीच सर्वे कराना चाहिए था। शिक्षकों की सरकार से क्या अपेक्षाएं हैं उनका समाधान बजट में होता तो लगता कि सरकार लोकतंत्र के अनुसार कार्य कर रही है। यह सरकार द्वारा जनता पर थोपा गया बजट है। इसका उद्देश्य आम आदमी से अधिक से अधिक कर की वसूली करना है।
**- आनंद प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ**



सरकार से जिस तरह के बजट की उम्मीद थी, उस तरह का बजट नहीं आया है। महिलाओं के लिए इसमें कुछ खास नहीं है। रसोई गैस के दामों के अलावा रोजाना उपयोग होने वाली वस्तुओं में कोई छूट नहीं दी गई है। काफी दिन से सोच रहे थे कि इस बार बजट काफी अच्छा होगा। **- निकिता, गृहणी**



पांच लाख तक की इनकम टैक्स फ्री एवं 12 लाख तक की इनकम पर 10 प्रतिशत टैक्स कटौती की शिक्षक कर्मचारियों को उम्मीद थी। बजट उम्मीद के अनुरूप नहीं है। शिक्षक कर्मचारियों में बजट को लेकर निराशा है। स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार किया गया है। यह एक लाख रुपये होना चाहिए था।
**- रवेन्द्र गंगवार, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ**




बजट में किसी भी लांग टर्म, नॉन फाइनेंसियल (प्रॉपर्टी, गोल्ड और अनलिस्टेड शेयर्स) संपत्ति को बेचने पर अब 12.5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। पहले यह 20 प्रतिशत था। इसका करदाता को सीधा फायदा मिलेगा। लेकिन इस पर मिलने वाले इंडेक्सेशन बेनिफिट को खत्म कर दिया गया है। संपत्ति पर होने वाले कैपिटल गेन को निकालने की जटिलता खत्म हो जाएगी। **- सजल अग्रवाल, सीए**



सरकार की तरफ से 5000 महीना स्टाइपेंड एक वर्ष के लिए दिया जाएगा। वर्क फोर्स में महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने की बात की गई है। महिला वर्कर्स के लिए हॉस्टल बनाने का भी ऐलान इस बजट में किया गया है। नई कर प्रणाली के टैक्स स्लैब में मामूली बदलाव किया गया है। इसमें वेतन भोगियों को अधिकतम सालाना 17,500 रुपये टैक्स की बचत हो सकती है। गैर वेतन भोगियों के लिए अधिकतम बचत 10,000 रुपये होगी।
**- अंकित अग्रवाल, सीए**



बजट उद्योगपतियों के हित को ध्यान में रखकर बनाया गया है। गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं व मेहनतकश लोगों को इस बजट से निराशा मिली है। अगर जनता के हित में बजट पेश किया होता तो देश के लिए अच्छी बात थी। लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इससे जनता में निराशा हुई है। **- प्रमोद सागर निरंकारी जिलाध्यक्ष, बसपा**



बजट ऐतिहासिक है। इससे पता चलता है कि भारत विश्व स्तर पर आगे बढ़ रहा है। भारत एक आर्थिक शक्ति और दुनिया का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बनकर उभरा है। बजट में महिलाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। युवा व गरीबों के लिए एक लाख घरों का प्रावधान किया गया है।
**- हंसराज पप्पू, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी**



आम आदमी को बजट से कोई राहत नहीं मिली है। चुनावी घोषणा का बजट पास किया गया है। बेरोजगारों का ध्यान नहीं रखा गया है। महंगाई को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इस बजट से लोगों को काफी उम्मीदें थीं। किसानों और गरीबों का भी ध्यान नहीं रखा गया है।
**- अजय सागर, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**



प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत एक करोड़ युवाओं को टॉप कंपनी में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। इसके लिए सरकार 5000 रुपये महीना स्टाइफंड देगी। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन से इंडेक्सेशन खत्म कर दिया है। अब बिना इंडेक्सेशन के 12.50 प्रतिशत टैक्स देना होगा। इन्कम टैक्स अपील दायर करने की लिए मौद्रिक सीमा आईटीएटी के लिए 60 लाख रुपये, हाई कोर्ट के लिए दो करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए पांच करोड़ रुपये कर दी गई है।
**- श्रीष गुप्ता, अध्यक्ष, आईआईए**



भाजपा सरकार के बजट में किसान, नौजवान और बेरोजगार लोगों के लिए कुछ नहीं है। जबकि लोगों को सरकार से बहुत उम्मीद थी। बजट में पूंजीपतियों के अतिरिक्त किसी भी वर्ग के लिए कुछ नहीं है। किसान, मजदूर महंगाई के बोझ तले दब रहा है।
**- धर्मेंद्र देव गुप्ता जिलाध्यक्ष, कांग्रेस**

# अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ युवक का अंतिम संस्कार

**संवाददाता, भोट**

**अमृत विचार :** मंगलवार को युवक के शव के अंतिम संस्कार के मौके पर प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। शव को श्मशान घाट तक ले जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद था। अधिकारियों की मौजूदगी में शव श्मशान घाट तक पहुंचा।



ग्रामीणों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

थूनापुर गांव निवासी कुन्दन लाल लोधी के 35 वर्षीय पुत्र सुभाष लोधी की सोमवार को पटवाई थाना क्षेत्र के मदारपुर में करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद युवक का शव मंगलवार को परिजनों सौंप दिया था। इसके बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगे। कुछ लोगों ने केशोनगली में बवाल होने का अंदेशा जताया। इसके बाद उप जिलाधिकारी मोनिका सिंह और सीओ बिलासपुर रवि खोखर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया। इसके बाद अपनी मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया।

## पुलिस ने महिला समेत तीन वारंटी पकड़े

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने कोर्ट की तारीखों पर हाजिर नहीं हो रही महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि सिरसखेड़ा गांव निवासी कृष्णावती, मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी रईस बंजारा व महबूब को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी लंबे समय से अदालत में हाजिर नहीं हो रहे थे। इसके कारण कोर्ट ने इनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे।

# पुलिस ने परिजनों को सौंपा प्रेमी युगल

**संवाददाता, स्वार**

- पंद्रह दिन पूर्व फरार हो गए थे युवक और युवती, निकाह पर बनी सहमति

**अमृत विचार :** प्रेमी के साथ फरार हुई युवती को पुलिस ने 15 दिन बाद बरामद कर उसके प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों पक्षों में निकाह का समझौता होने पर पुलिस ने उन्हें परिजनों को सौंप दिया।

कोतवाली के एक गांव निवासी युवती का गांव के ही मुजफ्फर अली से प्रेम प्रसंग था। इसकी भनक लगने पर युवती के परिजनों ने उस पर पाबंदी लगा दी थी। इस पर दोनों शादी की जिद पर अड़ गए थे। लेकिन युवती के परिजन मानने को तैयार नहीं थे। पन्द्रह दिन पूर्व प्रेमी युगल घर से भाग गया था। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने नगर पंचायत नरपतनगर के अड्डे पर सवारी के इंतजार में खड़े प्रेमी युगल को पकड़ लिया। जानकारी मिलते ही उनके परिजन भी कोतवाली पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास शुरू हो गए। दोनों पक्षों में प्रेमी युगल के निकाह पर सहमति बन गई। इस पर पुलिस ने प्रेमी युगल को उनके परिजनों के हवाले कर दिया।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# कब्रिस्तान की हदबंदी को प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सफाई मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने कब्रिस्तान की हदबंदी कराने के लिए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन करने के बाद उन्होंने एडीएम हेम सिंह को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि दिनेश का परिवार लंबे समय से बिलासपुर में रह रहा है। यहां वाल्मीकि कब्रिस्तान भी है। यहां लंबे समय से शव दफनाए जाते हैं और अन्य क्रियाकर्म भी होते हैं। यहां पहले भी दूसरे समुदायों द्वारा कब्रिस्तान पर कब्जा करने को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस ने मामले को शांत करा दिया था। लेकिन अब फिर से कब्रिस्तान पर कब्जा करने की नीयत है। उन्होंने कब्रिस्तान की हदबंदी करा कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में धर्म कुमार वाल्मीकि, मनोज, दिनेश, बब्बू, नन्हें आदि शामिल रहे।

# महिला आरक्षण बिल लागू करे सरकार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता एवं पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष रेशमा बी ने महिला आरक्षण लागू न करने पर मोदी सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। कहा कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की नीति और नियत दोनों में खोट है। मोदी सरकार के महिला आरक्षण बिल में साफ लिखा है कि महिला आरक्षण, जनगणना और परिसीमन के बाद ही हो सकता है। कहा कि 2029 से पहले महिला आरक्षण संभव नहीं है। कांग्रेस चाहती है कि तत्काल महिला आरक्षण बिल को लागू किया जाए।

महिला कांग्रेस की बैठक मोहल्ला सराय कला स्थित शहर महिला कांग्रेस के कार्यालय में हुई। इसमें महिलाओं के लिए आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग उठाई गई। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण करने का मुद्दा भी उठाया। कहा कि इसके लिए 2021 में होने वाली जनगणना को अब तक क्यों नहीं कराया गया। तत्काल प्रभाव से जनगणना कराकर महिला आरक्षण बिल को इसी वर्ष लागू किया जाना चाहिए।



बैठक को संबोधित करती पूर्व पालिकाध्यक्ष रेशमा बी। ● अमृत विचार

- मोहल्ला सराय कला में हुई महिला कांग्रेस की बैठक

महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष शमनाज बी ने कहा कि सरकार को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर देना चाहिए। महिलाएं आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस मौके पर राज चौहान, अंजुम आरा, फूल बी, सुमन जैदी, मिथलेश, गीता देवी, आरजू, रेशमा परवीन, नूरुल निशा, कौसर जहां, शाइस्ता बी, नुसरत जहां, शम्मो बी, हाजरा बी, नाजमा बी, उर्मिला, बब्बो बानो आदि मौजूद रहीं।

## पैसों के लेनदेन को लेकर ई-रिक्शा चालक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** पैसों के लेनदेन को लेकर युवक ने ई-रिक्शा चालक को पीटकर घायल कर दिया। ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गंज थाना क्षेत्र के पीपलटोला निवासी जाहिद खां का कहना है कि कुछ दिन पहले वह दोपहर को ई-रिक्शा लेकर बच्चों को लेने ग्रीनवुड स्कूल गया था। स्कूल के पास फराज मिल गया। उसने पैसों को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर उसने जाहिद को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने फराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# डीजे पर डांस को लेकर चले धारदार हथियार, चार घायल

**संवाददाता, स्वार**

- पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- बालिका के नामकरण पर बज रहा था डीजे, एक आरोपी का शांति भंग में किया चालान

**अमृत विचार :** बालिका के नामकरण के अवसर पर बज रहे डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में धारदार हथियार व लाठी-डंडे चल गए। इसमें तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी का शांति भंग में चालान कर दिया है।

गांव फाजलपुर निवासी ओमप्रकाश के घर रविवार की रात बालिका के नामकरण पर डीजे बज रहा था। डीजे पर डांस करने को लेकर बंटी व बाबू आपस में भिड़ गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को किसी तरह शांत किया। इसके कुछ देर बाद ही दोनों पक्षों के लोग धारदार हथियार व लाठी-डंडे लेकर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें विमलेश, पप्पू, राजकली व शीला घायल हो गए। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार को दोनों पक्षों में पुनः लाठी-डंडे चलने की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। मंगलवार को पुलिस ने बाबू को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया है।

## शत्रु संपत्ति मामले में छह अगस्त को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां पर दर्ज शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर जौहर यूनिवर्सिटी में मिलाने के मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को कानूनगो की गवाही हुई। छह अगस्त को सुनवाई होगी।

सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने आजम खां के खिलाफ 2019 में अजीमनगर थाने में शत्रु संपत्ति कब्जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच पूरी कर आजम खां, उनके दोनों बेटों, पत्नी, चमरौआ विधायक नसीर अहमद खां, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुख्ताक अहमद सिद्दीकी, निकहत अखलाक, जेडआर सिद्दीकी, फसी जैदी, सैयद गुलाम रिजवी, रहमत हुसैन जैदी, वसीम रिजवी, उबैद उल हक, मसूद खां गुड्डू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। अभियोजन अधिकारी अमर नाथ तिवारी ने बताया कि मंगलवार को कानूनगो के बयान दर्ज हुए।

**सुविधा** वर्तमान में 10 एमवीए है सैजनी नानकार बिजलीघर की क्षमता

# पांच एमवीए बढ़ेगी बिजलीघर की क्षमता

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** एक सप्ताह में सैजनी नानकार बिजलीघर में पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर रखवाया जाएगा। मुरादाबाद सिविल कार्यालय के अधिकारियों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सैजनी नानकार के अलावा शहर के कई अन्य बिजलीघरों की क्षमता वृद्धि भी होनी है। अभी फिलहाल सैजनी नानकार बिजलीघर में कार्य कराया जाएगा।

सैजनी नानकार बिजलीघर 10 एमवीए का है। यहां पांच फीडर हैं। इनमें नई बस्ती, जौहर बगी और नानकार से 3132 उपभोक्ता जुड़े हैं। दो अन्य शेष फीडरों से क्षेत्र में लगी फैक्ट्रियों को आपूर्ति दी जाती है। 33 केवीए की लाइन में खराबी और अत्याधिक लोड के कारण आए पैनल खराब होते रहते हैं। ऐसे में घंटों तक बिजली ठप रहती है। उमस भरी गर्मी में बिजली न आने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपभोक्ताओं की समस्या को ध्यान में रखते एसडीओ तृतीय संजीव कुमार रवि ने बिजलीघर में क्षमता वृद्धि कराने के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा था। सर्किल ऑफिस से इस प्रस्ताव को मुरादाबाद सिविल कार्यालय भेजा गया। वहां से पिछले दिनों इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल चुकी है। सैजनी नानकार बिजलीघर के जेई राम सिंह ने बताया कि बिजलीघर में क्षमता वृद्धि कराने के लिए लिखा गया था। एक सप्ताह में क्षमता वृद्धि होने पर उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युापूर्ति मिलेगी।

उधर मंगलवार को बिजलीघर में 33 केवीए लाइन के तारों में आई खराबी को सही करने की वजह से सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक आपूर्ति बंद रही। कर्मचारी इसे सही करने में जुटे रहे।



सैजनी नानकार बिजलीघर में काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

बिजनेस प्लान के तहत सैजनी नानकार बिजलीघर में की क्षमता बढ़ाई जानी है। इसके तहत पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। इसके बाद उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली मिलेगी और ओवरलोड की समस्या भी खत्म हो जाएगी।
**-संजीव कुमार रवि, एसडीओ**

## होटल में चले लात-घूंसे व कुर्सियां, तीन पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** फूड प्लाजा होटल में युवक को किसी से फोन पर वीडियो कॉल करना भारी पड़ गया। वहां मौजूद कुछ युवकों ने युवक और उसके दोस्तों को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव इमरती निवासी शानू 22 जुलाई की दोपहर अपने दोस्त शाकिब व यासीन के साथ शौकत अली रोड स्थित फूड प्लाजा में खाना खाने गया था। इस दौरान वह किसी से वीडियो कॉल पर बात कर रहा था। मौजूद बैठे शयान, शाद, ओरिशन को लगा कि वह उनकी वीडियो बना रहा है। उन्होंने विरोध करते हुए शानू और उसके दोस्तों शाकिब तथा यासीन को लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस दौरान कुर्सियां भी चलीं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वुशु में दक्ष ने मोहम्मद रेहान को 8-4 से दी मात

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** राजकीय रजा इंटर कालेज में वुशु इंडोर कोर्ट पर अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग की जनपदीय वुशु प्रतियोगिता हुई। 17 वर्ष आयु वर्ग में 45 से 48 किलोग्राम वजन में जैन इंटर कॉलेज के शेखर जैन ने शिवम जैन को 6-3 से पराजित किया। अंडर-17 के फाइनल मुकाबले में 49-52 किलोग्राम में जैन इंटर कॉलेज के दक्ष ने राजकीय रजा इंटर कालेज के मोहम्मद रेहान को 8-4 से पराजित कर फाइनल जीत लिया।

माध्यमिक विद्यालयों के खेलों के तहत राजकीय रजा इंटर कालेज में वुशु इंडोर कोर्ट पर अंडर-17 एवं अंडर-19 जनपदीय वुशु प्रतियोगिता बालक वर्ग का आयोजन हुआ। इसमें जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मंगलवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल प्रभारी अरविन्द भास्कर और प्रधानाचार्य राजकीय रजा इंटर कालेज अभिलाष कुमार ने किया। 49 से 52 किलोग्राम भार में रजा इंटर कॉलेज के मोहम्मद रेहान ने जैन इंटर कॉलेज के केशव को 6-3 से पराजित किया। इसके अलावा 49-52 किलोग्राम भार में जैन इंटर कॉलेज के दक्ष ने रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज के अंशु को 10-7 से पराजित किया।





वुशु प्रतियोगिता में हिस्सा लेती टीमें। ● अमृत विचार

### तीन अगस्त को मुरादाबाद में होगी मंडलीय प्रतियोगिता

19 वर्ष आयु वर्ग में राजकीय रजा इंटर कालेज के फहद का चयन किया गया। 57-60 किलोग्राम वजन में राजकीय रजा इंटर कालेज के अजीम का चयन किया। 76 किलोग्राम से ऊपर के भार वर्ग में बख्तियार खां का चयन किया गया। जिला खेल प्रभारी अरविन्द भास्कर ने बताया कि वुशु खेल की मंडलीय प्रतियोगिता तीन अगस्त को मुरादाबाद में होगी। इस अवसर पर तुषार शर्मा, प्रातेश श्रीवास्तव, प्रभु दयाल, सलीम यूसुफ जैदी, फैजान सईद, अतुल कुमार, बीएस पाल, रविशंकर, देव वीर सिंह, मुनाजिर हक, आशुतोष कश्यप आदि उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका व्यायाम शिक्षक मनोज कुमार ने निभाई।

## एक नजर

### सावन के मद्देनजर पुलिस ने बंद कराईं मीट की दुकानें

**मसवासी, अमृत विचार :** सावन के मद्देनजर पुलिस ने मीट की दुकानों को बंद कराया। हालांकि मीट विक्रेताओं को सावन माह में दुकानें बंद रखने के आदेश पहले ही दिए गए थे। परंतु कुछ दुकानदारों ने मंगलवार को मझरा मार्ग पर दुकानें खोलकर मांस की बिक्री शुरू कर दी। किसी ने वीडियो बनाकर मामले की शिकायत पुलिस से कर दी। इस पर चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने कार्रवाई की चेतावनी देकर मीट की दुकानों को बंद करा दिया। पुलिस ने एक मीट विक्रेता को हिरासत में भी लिया है। खबर लिखे जाने तक मामले में कार्रवाई नहीं की गई है।

### जयाप्रदा के मामले में दो अगस्त को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के मामले मंगलवार को अधिवक्ताओं की बहस हुई। अब इस मामले में दो अगस्त को सुनवाई होगी। जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा स्वार थाने में दर्ज हुआ था। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि मंगलवार को इस मामले में सुनवाई हुई। अब इस मामले में दो अगस्त को सुनवाई होगी।

# रायपुर व ज्वालानगर में आठ घंटे ठप रही बिजली

## गर्मी में बिजली नहीं मिलने से लोगों का हुआ हाल-बेहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अजीतपुर प्रथम बिजलीघर के फीडर रायपुर, ज्वालानगर की बिजली मंगलवार को आठ घंटे ठप रही। इससे उमस भरी गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल हो गया। काफी देर तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने निगम के अधिकारियों से संपर्क किया। मगर अधिकारी उन्हें जल्द ही बिजली आने का आश्वासन देते रहे।

एक तरफ विद्युत निगम के अधिकारी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली देने की बात करते हैं। मगर दूसरी ओर लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। मंगलवार की सुबह 10 से शाम छह बजे तक अजीतपुर प्रथम बिजलीघर के दोनों फीडरों से आपूर्ति बंद कर दी गई। इससे उमस भी गर्मी में उपभोक्ताओं के घरों में लगे इनवर्टर भी ठप हो गए। अजीतपुर प्रथम रायपुर, ज्वालानगर


रायपुर में एचटी लाइन के तार बदलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

की 11 हजार केवीए की जर्जर लाइन को बदलवाने के लिए काम कराया गया। इस लाइन के तार जर्जर हो चुके थे। इसकी वजह से आए दिन घंटों बिजली ठप रहती है। उपभोक्ताओं को इस समस्या ने निजात दिलाने के लिए विभाग ने लाइन के जर्जर तारों को बदलवाया। इसके चलते विष्णु विहार, अजीतपुर व मिलक चिकना के उपभोक्ताओं को आठ घंटे तक बिन बिजली के रहना पड़ा। जेई राम सिंह ने बताया कि एचटी लाइन के जर्जर तारों को बदलवाने का काम अभी दो-तीन तक चलेगा।

**बिना सूचना दिए ही कर दी कटौती**

बिजली से संबंधित किसी भी काम को करने से पहले ग्रुप में सूचना दी जाती है। मगर इस बार अधिकारियों ने ग्रुप में सूचना नहीं दी और तार बदलवाने का काम शुरू कर दिया। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ा।

> अजीतपुर प्रथम बिजलीघर के फीडर रायपुर व ज्वालानगर की 11 हजार केवीए की जर्जर लाइन को बदला गया। सुरक्षा के लिहाज से शटडाउन लिया गया। शाम छह बजे आपूर्ति को सुचारु कराया दिया गया।
>
> -सचिन रस्तोगी, एसडीओ प्रथम


ग्राम पंचायत में सदस्यों की कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# सदस्यों के नहीं पहुंचने पर ग्राम पंचायत समिति की बैठक स्थगित

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत किशनपुर मौलागढ़ में सदस्यों के उपस्थित न होने पर सहायक विकास अधिकारी ने बैठक स्थगित कर दी। 27 जुलाई को होने वाली अगली बैठक के लिए एजेंडा जारी कर दिया गया है।

ग्राम पंचायत किशनपुर मौलागढ़ में ग्राम प्रधान इकबाल हुसैन द्वारा विकास कार्यों में धांधली करने पर प्रशासन ने उसके अधिकार सीज कर दिए थे। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत में बैठक कर तीन सदस्य कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी गांव पहुंचे और ग्राम पंचायत समिति को लेकर बैठक की। इसमें 11 सदस्यों को बुलाया गया था। लेकिन बैठक में मात्र छह सदस्य ही पहुंचे। जबकि समिति के लिए आठ सदस्यों का बैठक में होना अनिवार्य था। अन्य सदस्य नहीं आने पर सहायक ग्राम विकास अधिकारी सुरेश कुमार ने बैठक स्थगित कर दी।

इस दौरान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धर्मा नन्द, ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार, रोजगार सेवक टीकाराम मौजूद रहे।


टांडा क्रिकेट लीग का उद्घाटन करते हाशिम बंजारा एवं मोहम्मद नईम।

# टांडा लीग ने किंग कलंदर को पांच विकेट से हराया

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** टांडा लीग ने किंग कलंदर को पांच विकेट से हरा दिया। एकता क्लब के कप्तान शाहिद ने 20 गेंद पर 57 रन बनाकर जीत हासिल की। बगिया ग्राउंड पर मंगलवार को दो मैच हुए।

दौकपुरी टांडा में टांडा क्रिकेट लीग का शुभारंभ अतिथि टीसीएल के अध्यक्ष हाशिम बंजारा एवं उपाध्यक्ष मोहम्मद नईम ने किया। पहला मैच किंग कलंदर और टांडा क्रिकेट लीग के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग कलंदर ने 101 रन बनाए। जवाब में टांडा क्रिकेट लीग ने 10 ओवर में ही जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे मैच में एकता क्लब के कप्तान मोहम्मद शाहिद ने 20 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शाहिद रहे। इस मौके पर प्रधान सगीर अहमद, हाशिम बंजारा, मोहम्मद नईम, जफर फारूकी आदि मौजूद रहे।

## एसडीओ व जेई को बताईं बिजली की समस्याएं

**टांडा, अमृत विचार :** मंगलवार को पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने एसडीओ शिवम कुमार व अवर अभियंता विजयपाल सिंह को पालिका कार्यालय बुलाकर बिजली की समस्याओं से रूबरू कराया।

एसडीओ व जेई ने पालिकाध्यक्ष को आश्वासन दिया कि मोहल्ला यूसुफ चौक, पड़ाव और आलिम होटल वाले क्षेत्र में विद्युत लोड कम करने के लिए अलग से ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। मोहल्ला पुराना बाजार बरगद, सेंटाखेड़ा, मनिहारान और गोल्डन राइस मिल पर भी नए ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे। पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। विद्युत लाइन को भी 15 दिन में बदले जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान तस्लीम पहलवान, एम सगीर, मुल्ला मुशर्रफ, मोहम्मद जकी, मोहम्मद शफीक, मोहम्मद रईस उर्फ भूरा, महामूद नायक, मोहम्मद अकील उर्फ राणा आदि मौजूद रहे।


डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** एससी-एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम 20 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के नहीं मिलने पर स्टेनो को सौंपा।

ज्ञापन में सुप्रीम कोर्टद्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश तत्काल जारी करने, पदोन्नति में आरक्षण का 117वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पास कर 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की गई। इसके अलावा समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के डिमोशन वापस करने, 2005 के बाद भर्ती हुए शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने आदि की मांग भी शामिल है। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम, जगदीश सरन, रमेशपाल सिंह, चमन सिंह गौतम, सरदीप गौतम, वीर सिंह, प्रेमचन्द, जबर सिंह, जंग बहादुर, ओम प्रकाश, राहुल कुमार, हरीश बाबू आदि के हस्ताक्षर हैं।

## जर्जर मकान खाली कराने को चस्पा किए नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार:** चादरवाला बाग स्थित ड्रग वेयर हाउस के पीछे बने मकानों को खाली कराने के लिए सीएमओ ने नोटिस चस्पा कराए हैं। इन लोगों को तीन दिन का समय दिया गया है। खाली नहीं करने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

ड्रग वेयर हाउस के पीछे पुरानी आवासीय इमारत है। यह काफी जर्जर हो चुकी है। यहां बाहरी लोग अनाधिकृत रूप से रह रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि यहां रहने वालों को मकान खाली करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। इमारत के आगे का हिस्सा काफी जर्जर है। लिंटर का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। इसलिए कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि खाली कराने के बाद इमारत को ध्वस्त कराया जाएगा। मकानों पर नोटिस चस्पा होने से लोगों में खलबली मची है।

# हरदीप हेड ब्वाय, दिव्यांशी बनीं हेड गर्ल

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** नगर के हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी में 2024-25 के लिए स्टूडेंट काउंसिल बॉडी का गठन किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे, प्रबंधक मनोज कुमार पांडे और कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

सरस्वती वंदना के साथ चुने गए स्टूडेंट काउंसिल बॉडी के विद्यार्थियों की मार्च पास्ट संपन्न होने के बाद दायित्वों का दृढ़ता से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। स्कूल की इलेक्शन कमेटी के विनोद कुमार, दीपांकर सिंह, नीरज कुमार सक्सेना और रोहित चंदन ने नवगठित स्टूडेंट काउंसिल में हरदीप सिंह को हेड ब्वाय व दिव्यांशी को हेड गर्ल नियुक्त किया। आयुष कुमार


स्टूडेंट काउंसिल बॉडी में चुने गए विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● **हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी में हुआ स्टूडेंट काउंसिल बॉडी का गठन**

को स्पोर्ट्स कैप्टन, काव्य गंगवार को कल्चरल इंचार्ज, नेहा गंगवार को डिसिप्लिन इंचार्ज नियुक्त किया गया।

प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे ने काउंसिल बॉडी को उनके दायित्व एवं निर्वहनों के पत्र सौंपे। प्रबंधक ने कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व की क्षमता व आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया है। इस दौरान गिरजेश सैनी, विनोद कुमार, दीपांकर सिंह, नीरज कुमार सक्सेना, रोहित चंदन, फरहत उल्ला खान, महेंद्र कुमार पांडे, सरफराज आलम खान, दुर्गा प्रसाद मौर्य, दीपांशु शर्मा, हिमांशु शर्मा, एहतेशाम मियां आदि उपस्थित रहे। संचालन विनोद कुमार ने किया।

## टांडा में आज लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पन्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक युवा को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार संगम पोर्टल लांच किया गया है।

जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा बुधवार की सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन तहसील टांडा स्थित महाराजा पृथ्वीराज चौहान स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्राम सरकथल पीपली नायक में होगा। इसमें निजी क्षेत्र की दो कंपनी भाग ले रही हैं। दोनों कंपनी वेलनेस एडवाइजर एवं सेल्स एक्जीक्यूटिव पदों के लिए भर्ती करेंगी। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। इसमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है।


पोस्टर दिखातीं प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रियांशी कश्यप रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रियांशी कश्यप प्रथम, ॠषिका तुरैहा द्वितीय और इफरा तृतीय स्थान पर रहीं।

राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में नई शिक्षा नीति के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दूसरे दिन टीएलएलएम निर्माण, मैथमेटिक्स एक्टिविटी, विभिन्न गणितज्ञों से संबंधित पुस्तकों को छात्राओं को पढ़ाया गया। गणित की एक्टिविटी में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की आकृति बनाने के बारे में सीखा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल, शमीम खान, कल्पना सिंह, रेणु देवी, पूजा, सल्तनत खान, सुरेंद्र कुमार, राशिद खान, बाबू, राधा, सुनीता, राधा रानी आदि उपस्थित रहे।


शाहबाद-रामपुर मार्ग पर जेसीबी से अवशेष हटवाते उपजिलाधिकारी सुनील कुमार।

# दुर्गंध फैला रहे अवशेष हटाए

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद-रामपुर रोड पर मुर्गी दाना बनाने का कारखाना है। इसमें बियर बनाने के बाद सड़े-गले अवशेषों का इस्तेमाल किया जाता है। इन अवशेषों से उठने वाली दुर्गंध से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने अवशेषों को हटवा दिया है।

कुछ लोगों ने शिवा शुगर मिल के लिए प्रस्तावित भूमि पर कब्जा कर मुर्गी दाना बनाने वालों को किराए पर दे दी थी। यह लोग मुर्गी दाना बनाने के लिए बियर बनाने के बाद सड़े-गले अवशेषों को मिल की भूमि पर सुखाते हैं। इससे दुर्गंध तो उठती ही है हानिकारक गैस भी निकलती है। आसपास के लोगों को दुर्गंध से परेशानी हो रही रही थी। बारिश के बाद इसकी भयंकर दुर्गंध से लोग बेहोश भी हो गए थे। इससे परेशान ग्रामीणों ने पुष्पेंद्र यादव के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस में अवशेष हटवाने की मांग की थी। इस पर मंगलवार को उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने जेसीबी से अवशेषों को हटवा दिया।

**आस्था** सावन के दूसरे सोमवार को कांवड़ में गंगाजल लाकर करेंगे भोलेनाथ का अभिषेक

# बृजघाट-हरिद्वार से कांवड़ लाने रवाना हो रहे शिवभक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सावन का दूसरा सोमवार 29 जुलाई को है। बृजघाट और हरिद्वार से गंगा जल लाने के लिए कांवड़ियों के जत्थे ट्रैक्टर-ट्राली और डीसीएम से रवाना होने शुरू हो गए हैं। मंगलवार को पूरे दिन हाईवे भगवा रंग में रंगा रहा। हाईवे पर जगह-जगह भगवा रंग के कपड़े भी खूब बिक रहे हैं।

सावन माह चल रहा है। पंडित संदीप कौशिक का कहना है कि सावन में भगवान शिव की पूजा करने से सारी नकारात्मकता दूर हो जाती है। भक्तों की मुरादें पूरी हो जाती हैं। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से न केवल भक्ति की प्राप्ति होती है, बल्कि जीवन की समस्याओं का समाधान भी


हाईवे किनारे बिक्री के लिए लगे झंडे। ● अमृत विचार

होता है। इसी को देखते हुए भारी संख्या में भक्त बृजघाट और हरिद्वार से जल लाकर भगवान भोले का जलाभिषेक करते हैं। पहले सोमवार को भारी संख्या में भक्तों ने डाक कांवड़ लाकर जल चढ़ाया था। अब दूसरे सावन को काफी संख्या में भक्त कांवड़ लाने की तैयारी कर रहे हैं। जिले से काफी संख्या में भक्त ट्रैक्टर-ट्राली और डीसीएम से जत्थों के साथ जल लाने के लिए रवाना होने लगे हैं। मंगलवार को हाईवे से काफी संख्या में भक्तों के जत्थे बम-बम भोले के जयकारों के साथ बृजघाट और हरिद्वार के लिए रवाना हो गए।

**शुक्रवार को हो सकता है रूट डायवर्ट**

सावन का दूसरा सोमवार 29 जुलाई को है। इसलिए माना जा रहा है कि शुक्रवार को कांवड़ियों की भीड़ अधिक होने के कारण भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया जा सकता है। ताकि शिवभक्तों को हाईवे पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सुरक्षा के लिहाज से कोसी पुल से मिलक की सीमा तक मुख्य चौराहों पर पुलिस तैनात रहती है।

> कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए शुक्रवार को रूट डायवर्ट किया जाएगा।
>
> -आरपी सिंह, सीओ, ट्रैफिक

## सार संक्षेप


राजकीय इंटर कालेज में आयोजित क्रिया-कलाप में शामिल छात्र। ● अमृत विचार

### गणित क्रिया-कलाप में हुआ संवादात्मक सत्र

**शाहबाद, अमृत विचार :** रेवड़ी कलां राजकीय इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शिक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को द्वितीय दिवस में गणित क्रिया-कलाप का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा नौ से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने गणितीय क्रिया-कलापों के संबंध में शिक्षकों के उपयोगार्थ नवाचारी शिक्षण पद्धतियों एवं आनंदमय शिक्षण पर परस्पर संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.अरशद अली, संदीप भारती, मुजीब उर रहमान खान, वीरपाल, मनोज कुमार, फात्मा बी, दुर्गा प्रसाद, मोहम्मद आरिफ, रंजीत सिंह, मेहराज बानो, पूनम आदि उपस्थित रहे।


चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### चन्द्रशेखर आजाद की मनाई जयंती

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर संग्रहालय एवं पुस्तकालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई। शहीद चंद्रशेखर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संग्रहालय के कर्मचारियों ने चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण किया। इस मौके पर कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीएचसी में एक पुरुष व 13 महिलाओं की हुई नसबंदी

**स्वार, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विश्व जनसंख्या पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पांच बच्चों के पिता व 13 महिलाओं की नसबंदी की गई। विश्व जनसंख्या पखवाड़ा परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष जुलाई में मनाया जाता हैं। इससे प्रेरित होकर एक गांव निवासी 34 वर्षीय युवक मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। उसने अपनी नसबंदी करने को कहा। स्टाफ ने एक पुरुष व 13 महिलाओं की नसबंदी की। नसबंदी कराने वाले युवक की परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां है। चिकित्साधीक्षक डॉ. देवेश चौधरी ने बताया कि हर वर्ष जुलाई में परिवार नियोजन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विश्व पखवाड़ा मनाया जाता है।


नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### नरेंद्र जिला उपाध्यक्ष व वाहिद बने जिला सचिव

**शाहबाद, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव खरसौल में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव का स्वागत किया गया। मंगलवार को जिलाध्यक्ष ने गांव में सदस्यता अभियान चलाया। इसके तहत नरेंद्र यादव को जिला उपाध्यक्ष एवं वाहिद खान को जिला सचिव बनाया गया। इस दौरान नरेंद्र ने कहा कि वह यूनियन के नेताओं के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाकियू के जिला सचिव नवेद खान, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर यादव आदि मौजूद रहे।

### ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के महासचिव बने दानिश



**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर दानिश अली अंसारी को महासचिव नियुक्त किया गया। दानिश अली अंसारी ने कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की विचारधारा, नीतियों का प्रचार-प्रसार करके संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। पसमांदा समाज की गरीबी, पिछड़ेपन का सबसे बड़ा कारण शिक्षा की कमी है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

### शिक्षकों के अवकाश के मामले में उदारता अपनाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों के अवकाशों के निस्तारण में उचित दृष्टिकोण अपनाने की मांग की है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राघवेंद्र सिंह को भेजे ज्ञापन में शिक्षक संघ का कहना है कि शिक्षक विषम परिस्थिति में ही अवकाश के लिए आवेदन करता है। उसका प्रार्थना पत्र विद्यालय और खंड शिक्षाधिकारी से सत्यापित होकर जिला मुख्यालय पर आता है। यहां बड़ी संख्या में आवेदनों के निरस्त होने से शिक्षकों ( विशेषकर महिला शिक्षकों ) में रोष है। निरस्त किये जाने वाले आवेदन पत्रों में मातृत्व अवकाश, बाल्य देखभाल और चिकित्सीय अवकाश शामिल हैं। शिक्षक संघ ने इन अवकाशों के निस्तारण में सहानुभूति व उदारतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, छत्रपाल सिंह यादव, दिलशाद वारसी, मोहम्मद खालिद खान आदि शामिल रहे।

### 27 को मनाएंगे एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा 27 जुलाई को भारत रत्न मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की 9वीं पुण्यतिथि के मौके पर अभियान चलाएगा। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में देश भर में श्रद्धांजलि अभियान चलेगा। जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने की संभावना है। मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने बताया कि अभियान का आगाज 27 जुलाई को रामेश्वरम तमिलनाडु स्थिति एपीजे अब्दुल कलाम के घर से लेकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल तक बाईक रैली निकाल कर किया जाएगा।

### नाबालिग बेटी को बरामद करने की लगाई गुहार

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में अपनी नाबालिग बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार उसकी 17 वर्षीय बेटी 19 जुलाई की सुबह 10 बजे दवाई लेने मिलक गई थी। तब से वह घर नहीं पहुंची। पता चला कि उसकी पुत्री को ग्राम रठौंडा निवासी एक युवक ले गया।

### ग्राम समाज की तीन बीघा जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**स्वार, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर चुन्नावाला निवासी अय्यूब खां ने एसडीएम से शिकायत की थी कि असलम खां व उसके पुत्रों ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर रखा है। एसडीएम ने नापतौल कर इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को कानूनगो व लेखपाल पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने पैमाइश करा कर ग्राम समाज की करीब तीन बीघा जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।

### पंद्रह दिन से लापता युवक का सुराग नहीं

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव हसनपुर-उत्तरी के मझरा ज्वालापुर निवासी आनंद सिंह 15 दिन पहले घर से चला गया। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका। आनंद सिंह के छोटे भाई हरपाल सिंह ने बताया कि करीब पांच साल पहले उसके भाई की शादी हुई थी। दो साल पहले आनंद सिंह की पत्नी उसे छोड़कर चली गई। हरपाल सिंह ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर भाई की बरामदगी की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### सपा विधायक पिंकी ने बजट को निराशाजनक बताया



संभल, अमृत विचार : असमोली विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी की विधायक पिंकी यादव ने कहा है कि बजट बेहद निराशाजनक और नाउम्मीदियों से भरा है। आम आदमी के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। बजट में किसानों, मजदूरों, युवाओं व महिलाओं के हाथ कुछ भी नहीं आया है। जिन दो बैसाखियों के सहारे सरकार चल रही है उस बिहार और आंध्र प्रदेश को बजट में विशेष सहयोग देना ठीक है लेकिन उत्तर प्रदेश और देश के बाकी प्रदेशों के साथ भेदभाव गलत है।

### पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आज

संभल, अमृत विचार : आजाद अधिकार सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के निर्देश पर प्रदेश महासचिव खिजर गौस उर्फ गौस भैया के नेतृत्व में 24 जुलाई को दोपहर दो बजे शहीद भगत सिंह पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम होगा। पार्टी की बैठक में कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मनीष यादव, जरीफ मिर्जा, नौशाद शेख, किशनपाल सैनी, सुदेश कुमार, देवानंद वाल्मीकि, इकराम वारसी, नाजिर पठान आदि रहे।

### एआरटीओ ने दो स्कूल वाहनों पर की कार्रवाई

संभल, अमृत विचार : परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता ने चंदौसी पब्लिक स्कूल एवं सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल चंदौसी के वाहनों को चेक किया। एआरटीओ ने बताया कि चंदौसी पब्लिक स्कूल के दो टाटा मैजिक में सीट क्षमता के डेढ़ गुना से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाया जा रहा था। दोनों वाहनों का चालान किया गया। वाहन चालकों और परिचालकों को बताया कि विद्यालय के नाम से पंजीकृत वाहन में सीट क्षमता से डेढ़ गुना तक ही बच्चों को बैठा सकते हैं। अपने वाहन को मानक के अनुरूप कराकर वाहन का संचालन किया जाए। ई रिक्शा द्वारा स्कूल के बच्चों को बैठाकर परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

### सोने-चांदी के जेवरों के सस्ते होने से महिलाएं व कारोबारी खुश, कृषि के विकास को बड़ा बजट आवंटित होने की हो रही सराहना

# कृषि विकास को बड़े बजट से किसानों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- तीन लाख आय पर टैक्स नहीं दिए जाने के प्रावधान को सराहा
- मोबाइल फोन, चार्जर को सस्ता किए जाने के ऐलान भी अच्छा

अमृत विचार : केंद्र सरकार के बजट को लेकर कई वर्गों की उम्मीदें पूरी हुईं। नौकरीपेशा लोगों ने आयकर में छूट की सीमा बढ़ाने को अच्छा कदम बताया है। बोले, इससे एक बड़े वर्ग को राहत मिलेगी। वहीं सोने-चांदी के जेवरों समेत कई वस्तुओं के सस्ते होने को भी लोगों ने सराहा है। कृषि के विकास में बड़ा बजट आवंटित किए जाने को अच्छा कदम बताया गया।

केंद्र सरकार के बजट पर लोगों की निगाहें टिकी थीं। मंगलवार को जैसे ही बजट पेश किया जाने लगा तो लोग भी टीवी और मोबाइल से जानकारी प्राप्त करने लगे। किस वर्ग के लिए क्या मिल रहा है, इसकी जानकारी हासिल करने के लिए लोगों में उत्सुकता रही। सरकार ने आयकर स्लैब में बदलाव किया। तीन लाख की आय पर कोई टैक्स नहीं दिए जाने के प्रावधान को लोगों ने सराहा। क्योंकि अभी तक ढाई लाख की आय को टैक्स फ्री रखा गया था। टैक्स के अन्य बिंदुओं को लेकर भी सराहना की गई। मोबाइल फोन, चार्जर को सस्ता किए जाने के ऐलान को लेकर अच्छा कदम बताया गया तो चमड़े का सामान सस्ते होने की बात से भी लोग संतुष्ट नजर आए।

कस्टम ड्यूटी कम किए जाने के कारण सोने-चांदी के जेवर सस्ते हो जाने से जहां महिलाओं के चेहरों पर रौनक दिखाई दी, वहीं कारोबारियों में भी खुशी का माहौल है। अमृत विचार ने जिले में विभिन्न वर्गों के लोगों से बात की तो उन्होंने बजट में शामिल कई बिंदुओं को लेकर प्रतिक्रिया दी।



कृषि संबंधित क्षेत्रों के विकास को 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए जाना किसानों के लिए तोहफा है। कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के प्रयास किए हैं। फसलों को नई किस्मों को विकसित करने की योजना बनाई है।
-प्रदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष संभल बार एसोसिएशन



कृषि क्षेत्र को जो रकम आवंटित की गई है वह किस रूप में किसानों को मिलेगी यह नहीं पता। एमएसपी खरीद गारंटी कानून बनाने के साथ फसल का वाजिब मूल्य मिलना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।
-चौधरी संजीव गांधी, प्रभारी पउप्र. भाकियू असली



केंद्र सरकार ने बजट को लेकर युवाओं को रोजगार के लिए दरवाजे खोले है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में बेरोजगारों को भत्ता देना अच्छा कदम है। बजट शिक्षित युवाओं, आम आदमी के लिए राहत देने वाला है।
-शरद कुमार, बहजोई



केंद्र सरकार ने बजट में मिडिल क्लास के लोगों को राहत दी है। चाहें आयकर स्लैब में छूट हो या फिर कैंसर की दवा को सस्ता करना जैसा हो, यह लोगों के लिए ठीक बजट है। बजट का स्वागत करते है।
-सोम प्रकाश वार्ष्णेय, बहजोई




केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत की अर्थ व्यवस्था की परिकल्पना, इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के साथ ही किसानों एवं युवा वर्ग के साथ नए भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप है।
-अभिनीत माथुर, जीएसटी अधिवक्ता



बजट में आयकर स्लैब में बड़े वर्ग को राहत देने का काम हुआ है। अब तीन लाख तक कोई टैक्स नहीं दिए जाने के ऐलान से नौकरीपेशा और अन्य लोगों को राहत मिलेगी। यह बजट काफी अच्छा रहा है।
-विनम्र सिंह, डीबीए परिवहन विभाग



कैंसर की दवा, सोना-चांदी के जेवर, मोबाइल फोन, चार्जर सस्ता होने का लाभ आम आदमी को मिलेगा। मोबाइल और चार्जर पर कस्टम ड्यूटी घटाना अच्छा कदम है। यह बजट लोगों को राहत देगा।
-आकाश कुमार, बबराला



केंद्रीय बजट से गरीब, किसान समृद्धि होंगे। मिडिल क्लास को फायदा होगा। आयकर में छूट की सीमा बढ़ाए जाने से बड़े वर्ग को राहत मिलेगी। केंद्र का यह बजट काफी अच्छा रहा।
- रमेश चंद्र, लोहा व्यवसाई, बबराला

## मतदान कार्मिकों का पारिश्रमिक देने की मांग

बहजोई, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर लोकसभा चुनाव में मतदान कार्मिकों का पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है।

जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर कहा कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संपन्न हो चुका है। परिणाम भी घोषित हुए काफी समय बीत गया है। परंतु काफी मतदान कर्मियों का अभी तक चुनाव पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हुआ है। काफी संख्या में ऐसे कार्मिक है जिन्हें चुनाव पारिश्रमिक की प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है। कुछ कर्मचारी ऐसे हैं एक भी किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मतदान कार्मिकों का पारिश्रमिक में शीघ्र ही भुगतान किया जाए। इस दौरान डॉ. राजू गुप्ता, सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# ससुर को अगवा कर पकड़वाए बहू के पैर, रात भर पीटा भी

### सोमवार शाम बाइकों पर सवार आठ लोगों ने ससुर समेत दो को किया अगवा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- सारे मामले की बनाई वीडियो पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- मनमुटाव के चलते मायके में रह रही है बहू, एक साल पहले हुई थी शादी

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र से बाइकों पर सवार आठ लोगों ने महिला के ससुर समेत दो लोगों को अगवा कर ससुर से महिला के पैर पकड़वाये। इतना ही नहीं ससुर के साथ मारपीट भी की गई। पीड़ित ससुर की तहरीर पर पुलिस ने महिला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव उमेदपुर डांडा निवासी छोटेलाल ने बताया कि उसके बेटे कोसेन्द्र की शादी करीब एक साल पहले थाना क्षेत्र के ही गांव जमालपुर डांडा की पप्पी से हुई थी। मनमुटाव के चलते बहू मायके में रह रही है। सोमवार शाम छोटेलाल गांव के ही दीपक के साथ बाइक से गुन्नौर से वापस अपने घर लौट रहा था।

आरोप है कि गांव सिहावली के पास तीन बाइकों पर आए बहू के मायके पक्ष के आठ लोगों ने छोटेलाल को रोक लिया। मारपीट करते हुए छोटेलाल व बाइक चला रहे दीपक को अगवा कर हमलावर जंगल में ले गए। जंगल में ससुर छोटेलाल की रातभर पिटाई की गई। इतना ही नहीं ससुर छोटेलाल से पुत्रवधू पप्पी के पैर पकड़वाकर वीडियो बनाई गई।

बाद में छोटेलाल और दीपक के साथ बहू पप्पी को ससुराल भेज दिया। छोटेलाल ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।

पुलिस ने पप्पी, उसके पिता महेंद्र, भाई पप्पू और सतेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

# बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने बताया छलावा

**प्रतिक्रिया**

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में मुख्य रूप से गरीबों, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कल्याणकारी योजनाएं पेश की हैं। युवा आसानी से लोन लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे एवं इंटर्नशिप योजना का लाभ ले सकेंगे। वहीं किसानों को प्राकृतिक खेती से परिचित कराने की पहल की है। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए टैक्स स्लैब में कुछ राहत प्रदान की है। कैंसर के उपचार की दवाएं सस्ती होंगी। साथ ही सोना, चांदी, मोबाइल, चमड़ा निर्मित सामान सस्ता किया गया है। वहीं बजट को लेकर लोग अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। किसी ने बजट को कल्याणकारी बताया तो किसी ने छलावा बताते हुए निराशा जाहिर की है।



मोदी सरकार का ये बजट कल्याणकारी, सर्व समाज के हित में है। बजट युवाओं, गरीबों, महिलाओं, किसानों व मध्यम वर्ग के हित में है। मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए टैक्स स्लैब में राहत मिली है। बजट सराहनीय है।
-गुलाब देवी, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री



मध्यम श्रेणी के लिए टैक्स स्लैब बढ़ाया गया है, लेकिन वह भी ऊंट के मुंह में जीरा है। ऑर्गेनिक खेती के लिए बढ़ावा देने के लिए जो कदम उठाया है वह सराहनीय है। इसके साथ ही ऑर्गेनिक प्रोडक्ट की बिक्री के लिए बाजार भी देना सरकार का दायित्व है।
-माधव मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता



गरीबों, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके कल्याण के लिए बजट पेश किया। युवा आसानी से लोन लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे एवं इंटर्नशिप योजना का लाभ ले सकेंगे। किसानो को प्राकृतिक खेती से परिचित कराने की पहल की है।
-डॉ. टीएस पाल, सामाजिक कार्यकर्ता



बजट में व्यापारियों को दो बड़ी राहत प्रदान की हैं। वित्तीय वर्षों में देरी से नक्शे दाखिल होने पर टैक्स तो जमा हो गया लेकिन आईटीसी नहीं मिल पाई, लेकिन इस बजट में सेक्शन 16(5) के तहत आईटीसी की राशि मिलेगी। देर से नक्शे दाखिल होने पर बकाया टैक्स पर ब्याज व जुर्माना को माफ कर दिया है। बजट स्वागत योग्य है।
-अरविंद कुमार गुप्ता, भाजपा नेता



किसानों, नौजवानों को निराश करने वाला बजट है। नौकरी की कोई घोषणा नहीं की गई है। महिलाओ की रसोई महंगाई से जूझ रही है। कर्मचारियों के एनपीएस में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी से उनका माह का बजट प्रभावित होगा। दो राज्यों को कुर्सी बचाने के कारण अधिक देना और बाकी राज्यों की अनदेखी करना भी पक्षपात पूर्ण है।
-विजय कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस



सरकार एक करोड़ बेरोजगारों को पांच हजार रुपये महीने देने का वादा कर रही है जो की जमीन स्तर पर पूरा होता नजर नहीं आता। अगर पूरा होता भी है तो क्या पांच हजार रुपये में आज इस महंगाई में आदमी अपने परिवार का गुजारा कर लेगा। अगर देना है तो नौकरी दें।
-विमल चौधरी, सपा नेता

# शैक्षणिक गतिविधियों को पूरा करने में शिथिलता नहीं बरतें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- नानक चंद इंटर कालेज में स्पोर्ट्स फॉर स्कूल के अंतर्गत वार्षिक खेलकूद व पठन पठान समीक्षा का कार्यक्रम

अमृत विचार: नानक चंद आदर्श इंटर कालेज में स्पोर्टस फॉर स्कूल के अंतर्गत वार्षिक खेल कार्यक्रम सत्र 2024-25 एवं पठन पाठन की समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों को पूरा करने में शिथिलता न बरतने को कहा।

जिला क्रीडा सचिव मेजर शशिकांत गुप्ता ने वार्षिक खेल आयोजन के संबन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका व बालक वर्ग में 31 खेल प्रतियोगिताएं होंगी। खिलाड़ियों की पात्रता के नियम बताते हुए सभी प्रधानाचार्यों से इनका पालन करने पर जोर दिया। बताया कि खिलाड़ियों की पात्रता सात प्रतियों में तैयार की जाएगी। राजकीय इंटर कालेज लहरावन के प्रधानाचार्य सीपी सिंह ने सत्र 2024-25 हेतु विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी एवं शैक्षणिक गतिविधियों को छात्रहित में समय से पूरा करने का निर्देश दिया। अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों को पूरा करने में शिथिलता न बरती जाए। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य सुषमा उपाध्याय की देखरेख में हुआ।



प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार



कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

# यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- जिले की टॉप टेन सूची में छठा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को मिली साइकिल

अमृत विचार : रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज सौंधन मोहम्मदपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

मंगलवार को रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में कक्षा 12 के छात्र अरबाज ने जनपद की टॉप टेन सूची में छठा स्थान प्राप्त किया था। मुख्य अतिथि असमोली विधायक पिंकी यादव, गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने अरबाज को साइकिल देकर सम्मानित किया। हाईस्कूल की छात्रा नीशू को विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने साइकिल देकर सम्मानित किया गया। वहीं हाईस्कूल की सलौनी, सुधा यादव, मुस्कान तथा पायल को अच्छे अंक लाने पर उपहार दिए गए। इंटर के जगतपाल, चंचल सैनी, पलक गर्ग, नंदकिशोर यादव को सम्मानित किया गया। विद्यालय में अनुशासन एवं अच्छी शिक्षा प्रदान करने में मुख्य योगदान देने वाले प्रधानाचार्य रामभरोसे राणा को विद्यालय अध्यक्ष होराम सिंह यादव ने स्कूटी देकर सम्मानित किया। इस बीच छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय संरक्षक यशवीर सिंह यादव, प्रबंधक ओमकार सिंह यादव, शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं और अभिभावक रहे। अध्यक्षता होराम सिंह यादव ने तथा संचालन राम प्रकाश यादव ने किया।

## सार संक्षेप

### भाकियू असली ने महापंचायत को लेकर की चर्चा

संभल/बहजोई, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक की पंचायत बहजोई में कलेक्ट्रेट के पास पार्क में हुई। जिसमें एक सितंबर को जिले में होने वाली महापंचायत की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक से अनुपस्थित पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी, प्रदेश सचिव आशिक रजा, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष युवा चौधरी दिनेश सिरोही, मंडल उपाध्यक्ष वीरेश यादव, मंडल सचिव बाबूराम प्रजापति, युवा मंडल प्रभारी मोरध्वज यादव, ब्लाक अध्यक्ष बहजोई ओमप्रकाश राणा, ब्लाक अध्यक्ष पंवासा ब्रह्मचारी यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहर सिंह यादव, रामसेवक लोधी, सत्यपाल राणा, चौखे सिंह राणा व साबिर खां आदि रहे।



सैदपुर जयराम गांव में सफाई अभियान चलाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### संचारी रोग नियंत्रण को गांव में हुई विशेष सफाई

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली विकास खंड के गांव सैदपुर जयराम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नाले नालियों की विशेष साफ शुरू कराई गई। सफाई के बाद दवा का छिड़काव भी किया गया। गांव सैदपुर जयराम में पंचायत सचिव ओमवीर सिंह और ग्राम प्रधान सुनीता चंद्रा ने मंगलवार को कई सफाई कर्मचारी लगाकर गांव में सफाई कराई। कर्मचारियों ने पसीना बहाते हुए नाले और नालियों की सफाई की। जिसके बाद दवा का छिड़काव भी किया। । ग्रामीणों का कहना रहा कि इस कदम से संचारी रोग को नियंत्रण में किया जा सकेगा।

### पानी की बर्बादी रोकने को ग्रामीणों को करें जागरूक

संभल, अमृत विचार : जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण की देखरेख में संस्था एप्पइन्वेनटिव टेक्नोलॉजी की ओर से संभल विकास खंड की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक सभागार में हुए प्रशिक्षण में महिलाओं को बताया कि किस तरह से पानी को बर्बाद होने से बचाना है। कहा गया कि महिलाएं गांवों में ग्रामीणों को पानी की बर्बादी रोकने के लिए जागरूक करें ताकि आगे चलकर किसी तरह की कोई परेशानी न हो। ग्रामीण अनावश्यक तरीके से पानी को न बहाएं। पानी की बर्बादी रोकने से ही आने वाले समय में पानी का संकट सामने नहीं आएगा। इस दौरान रघुवीर सिंह, राहुल कुमार आदि रहे।

### नशे की गोली खिलाकर चार वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में चाचा के घर खेल रहे बालक को बुलाकर युवक ने पड़ोसी की छत पर ले जाकर नशे की गोली खिलाकर बालक के साथ कुकर्म किया। मामले की जानकारी होने पर परिजन थाने पहुंचे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी मजदूर का चार वर्षीय बेटा मंगलवार की शाम चार बजे अपने चाचा के घर खेल रहा था। गांव का ही युवक बालक के पास पहुंचा और दुकान से खाने की चीज दिलाने के बहाने अपने साथ बुलाकर युवक बच्चे को पड़ोसी की छत पर ले गया। यहां ने युवक ने बालक को किसी चीज में मिलाकर नशे की गोली खिलाई । नशा होने पर बालक के साथ युवक ने कुकर्म किया। दो घंटे बाद होश आने पर बालक के रोने व दर्द से चीखने की आवाज सुनकर परिजन छत पर पहुंचे। देखा तो बालक के अंगों से खून निकल रहा था। पूछताछ की तो बालक ने सारी बात परिजनों को बताई। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि बालक का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। तहरीर के आधार पर साहिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टैबलेट के साथ छात्र छात्राएं व मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# ज्ञान हासिल कर आगे बढ़ें छात्र छात्राएं

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हुए कार्यक्रम में 65 छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। टेबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे।

आईटीआई में आयोजित टेबलेट वितरण समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम तरह की योजनाएं चला रही है। इसमें एक कौशल विकास योजना भी है। इसके तहत स्नातक और तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के जरिये टैबलेट, स्मार्टफोन दिया जा रहा है, ताकि किताबी शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर आत्मनिर्भर बन सकें। आईटीआई के प्राचार्य नरेंद्र पाल ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और आज वे मेधावी तब बन सकते हैं जब वे हर क्षेत्र की आधुनिक तकनीक की जानकारी रखें। कार्यक्रम में 65 छात्र छात्राओं को टैबलेट बांटे गए। इस दौरान शुभांकर मिश्रा, जयवीर सिंह, गोविन्द मित्र, लोकेश व बिजेंद्र पाठक आदि रहे। संचालन अनूप चौरसिया ने किया।

## बाइक मिस्त्री का दुकान में फंदे पर लटका शव मिला

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में मानसिक रुप से परेशान 22 वर्षीय बाइक मिस्त्री का शव उसकी दुकान में रस्सी के फंदे पर लटका मिला।

थाना क्षेत्र क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी नरेश का 22 वर्षीय बेटा सुनील सैनी थाने के पास बाइक मरम्मत करने का काम करता था। सोमवार की रात दो बजे सुनील सैनी परिजनों को घर में सोता छोड़कर दुकान पर आया था। मंगलवार की सुबह सुनील सैनी घर वापस नहीं आया तो परिजन दुकान पर पहुंचे। शटर उठाकर दुकान में सुनील सैनी को फंदे पर लटका देखकर परिजनों की चीख निकल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदा खोलकर शव उतारा और पंचनामा भरकर सुनील सैनी का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने बताया कि सुनील कई दिनों से मानसिक रुप से परेशान था।

# डीजे बजाने के विवाद में मारपीट व पथराव, कई कांवड़िये घायल

संवाददाता, संभल

- एक ही बिरादरी के दो पक्षों के बीच हुआ विवाद

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद कावड़ लेने हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों के साथ उन्हीं की बिरादरी के दर्जनों ग्रामीणों ने लाठी डंडों से मारपीट करने के साथ ही पथराव भी किया। जिसमें कई कांवड़िये घायल हो गए। सूचना पर पुलिस अधिकारी गांव पहुंचे।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता निवासी लक्ष्मण, कपिल, बाबू, अरुण, नीरज, निक्की, अनुज, अंतरेश, अमित, रोहित, शिवा सहित 18 लोग मंगलवार की शाम कावड़ लेने हरिद्वार जा रहे थे। गांव से डीजे पर भोले के भजन बजाते हुए सभी लोग चंदौसी मार्ग पर पहुंच रहे बाईपास से होते हुए सभी लोग सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोविंदपुर पहुंचे तो डीजे खड़ाकर किराना की दुकान से पीने के लिए पानी की बोतल खरीदने लगे। लक्ष्मण ने बताया कि उसी समय ग्राम प्रधान मौके पर आया और डीजे बजाने का विरोध करने लगा।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दर्जनों ग्रामीण हाथों में लाठी डंडे लेकर आ गए और मारपीट करते हुए पथराव कर दिया। मारपीट होने की सूचना मिलने पर गांव लहरा कमंगर से अन्य लोग आनन फानन में मौके पर पहुंचे और किसी तरह से कांवड़ियों को बचाया। जिसके बाद परिजन घायलों को लेकर जिला अस्पताल आ गए। जिसमें लक्ष्मण व रोहित सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इस मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू टिकैत ने किया एसई कार्यालय का घेराव

## नारेबाजी कर धरना-प्रदर्शन किया, ग्रामीण अंचलों की गड़बड़ाई बिजली व्यवस्था को लेकर जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



धरने को संबोधित करते भाकियू के प्रांतीय प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव।



घेराव के बाद एसई से वार्ता करते भाकियू पदाधिकारी।

- अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंप कर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की

**अमृत विचार:** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने कार्यकर्ताओं व किसानों संग मुरादाबाद रोड विद्युत वितरण खण्ड चन्दौसी स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया। जनपद की तीनों तहसीलों के ग्रामीण अंचलों की गड़बड़ाई बिजली व्यवस्था को लेकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार को ज्ञापन सौंप कर समस्या समाधान की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जनपद की तीनों तहसीलों के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बिजली घर पर ओवरलोडिंग दिखाया जा रहा है। जिससे किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। जनपद के कुछ बिजली घर ऐसे हैं जिनका क्षमता वृद्धि किसानों को बिजली पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही है। तहसील चंदौसी के कैला देवी, खिरनी, पवांसा, नरौली फीडर व अन्य बिजलीघर पर ओवरलोडिंग के कारण नियमानुसार विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों को फसल की सिंचाई में दिक्कत उठानी पड़ रही है। ज्ञापन सौंप कर मांग की कि तहसील चन्दौसी के अंतर्गत आने वाला किरारी बिजलीघर पर क्षमता वृद्धि को लेकर छह माह से झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। 10 केवीए का ट्रांसफार्मर तत्काल रूप से लगाया जाए।

तहसील गुन्नौर के अंतर्गत आने वाले धनारी, छपरा, जुनावई, रजपुरा फीडर व अन्य फीडरों पर भी नियमानुसार बिजली न आने के कारण किसान बर्बादी की कगार पर हैं। किसानों को केवाईसी हेतु परेशान न किया जाए। 11 हजार की लाइनों के लोहे के जर्जर तार तत्काल बदलवाए जाएं। ग्राम खिरनी में जसवीर के ट्यूबवेल से कलावती के ट्यूबवेल तक 400 मीटर की जर्जर लाइन व लोहे के जर्जर पोल तत्काल बदले जाएं। पवांसा बिजली घर के गांव अजीमाबाद में होकर जा रही 11 हजार की लाइन हटाई जाए। ग्राम सौंदन मोहम्मदपुर की सप्लाई ढबारसी से हटा कर सेंडा बिजली घर से जोड़ी जाए। अवैध वसूली को रोका जाए। विद्युत उपकेंद्र बेरनी व डारनी को विद्युत वितरण खंड प्रथम मुरादाबाद से हटा कर चन्दौसी डिविजन से जोड़ा जाए।

घेराव के दौरान प्रदेश प्रमुख महासचिव समेत जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह यादव, डॉ. नौ सिंह, डॉ. दिनेश कुमार, अमर सिंह राजपूत, शिशुपाल सिंह यादव, रामवीर सिंह यादव, मुकेश यादव, जबर सिंह यादव, आशू चौधरी, प्रधान वीरेंद्र सिंह समेत तमाम किसानों की भागीदारी रही।



मोहल्ला लोधियान में जर्जर सड़क को लेकर जाम लगाते लोग। ● अमृत विचार

# घटलेश्वर गेट की जर्जर सड़क को लेकर प्रदर्शन, जाम लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर खुलवाया जाम
- जाम लगने से लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना

**अमृत विचार:** घटलेश्वर गेट की सड़क जर्जर होने से आसपास के लोगों ने नगर पालिका के विरुद्ध प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी टूटी सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है।

नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 घटलेश्वर गेट की सड़क दो वर्षों से जर्जर है। जिससे आवागमन के दौरान हादसे का खतरा बना रहता है। यह सड़क घटलेश्वर गेट से आवास विकास व गैस गोदाम से होते हुए सीधे बहजोई रोड पर जाकर खुलती है। कई बार नगर पालिका परिषद से शिकायत के बाद भी जर्जर सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। मंगलवार की सुबह 11 बजे लोगों ने विरोध स्वरूप घटलेश्वर गेट मार्ग पर जाम लगा दिया और नगर पालिका परिषद के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि आए दिन टूटी सड़क पर गुजरने से हादसे होते रहते हैं। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाया। जाम लगाने वालों में सभासद उमेश सैनी, संजय सैनी, कुलदीप सैनी, अजय जैन, जगदीश सैनी, टिंकू सैनी, श्याम सैनी, गिरिराज सैनी, विनोद सैनी, दौलत सैनी, दुर्गा दास सैनी, संजय अग्रवाल, राजीव सिंह, नरेश सैनी, कमलेश देवी, शांति देवी, मीरा देवी, कांति देवी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ई रिक्शा की टक्कर से दो भाई घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव करछली निवासी नीरेश मंगलवार को बाइक पर सवार होकर अपने मुमेरे भाई विकास के साथ संभल गवां मार्ग पर जा रहा था। थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे नीरेश व विकास घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने टक्कर मारकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़ लिया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर परिजन नीरेश को लेकर जिला अस्पताल आ गए। जबकि मामूली रुप से घायल विकास का निजी डॉक्टर से इलाज कराया।

### बाइक देने से मना किया तो की मारपीट

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव धनारी लालसिंह पट्टी निवासी वीरपाल ने मंगलवार की शाम चार बजे थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही दो सगे भाई कहीं जाने के लिए बाइक की मांग कर रहे थे। वीरपाल ने घर पर बाइक नहीं होने की बात कही तो सगे भाई गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो दोनों ने लात घूसों व लाठी डंडे से वीरपाल के साथ मारपीट की। जिससे वीरपाल चोटिल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर सगे भाई धमकी देते हुए भाग गए।

### ई रिक्शा की टक्कर से ग्रामीण घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता निवासी रामफल मंगलवार की दोपहर एक बजे मुहल्ला चौधरी सराय में बहजोई मार्ग पर पैदल संभल की ओर आ रहा था। चौधरी सराय चौराहे के पास ई रिक्शा ने सामने से रामफल में टक्कर मार दी। जिससे रामफल सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने चालक को पकड़कर रामफल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा कब्जे में ले लिया।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवक झुलसे

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मुरादाबाद मार्ग स्थित प्रगति विहार में एक मकान की छत से टिन की शीट उतारते समय ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से कबाड़ खरीदने वाले दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हाता समीर पुत्र बाबू व कासिम पुत्र इब्राहिम कबाड़ खरीदने व बेचने का कार्य करते हैं। मंगलवार की सुबह 10 बजे दोनों युवक कबाड़ खरीदने के लिए प्रगति विहार में घूम रहे थे। तभी एक युवक ने दोनों से कहा कि छत पर लोहे का कबाड़ पड़ा है। उसे बेचना है इसलिए छत से नीचे उतार लाओ। यह दोनों छत पर चढ़ गए और टिन की शीट को नीचे उतारने के प्रयास में हाईटेंशन लाइन से वह छू गई और दोनों युवक करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए।

# किसान ने राइफल से खुद को गोली से उड़ाया, मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



अरविंद का फाइल फोटो।



घटनास्थल पर मृतक के साले से पूछताछ करते सीओ।

- छत पर खून से लथपथ मिला शव, ठोड़ी से सिर के पार हो गई गोली, पुलिस को घटनास्थल से लाइसेंसी राइफल बरामद नहीं हुई

> पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली है। प्रथमदृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। छानबीन की जा रही है।
>
> –प्रदीप कुमार सिंह, सीओ चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गुमथल रोड स्थित फायर स्टेशन के निकट आनंद कालोनी में मंगलवार की रात किसान ने खुद को गोली से उड़ा कर आत्महत्या कर ली। हालांकि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है? सूचना पाकर मौके पर कोतवाली पुलिस और थाना बनियाठेर पुलिस के साथ सीओ भी पहुंच गए और जानकारी की। पुलिस को घटनास्थल पर राइफल नहीं मिली। जिससे प्रथमदृष्टया छानबीन में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पहुंच कर नमूने लिए हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर मौजूद रही। जिला हापुड़ के थाना बहादुरपुर क्षेत्र के गांव जखेड़ा निवासी अरविंद कुमार ठाकुर (45) पुत्र स्व. मित्रपाल सिंह करीब दो-तीन माह से गुमथल रोड फायर स्टेशन के निकट स्थित आनंद कालोनी में मकान बना कर परिवार के साथ रह रहे हैं। अरविंद की ससुराल मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव में है। अरविंद जरगांव में जमीन लेकर खेती कर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। मंगलवार को किसान अरविंद किसी मुकदमे की तारीख पर मुरादाबाद गए थे। दोपहर में 12 बजे मुरादाबाद से लौट आए। रात करीब आठ बजे अरविंद घर की छत पर राइफल लेकर पहुंच गए। जबकि पत्नी अलका रानी नीचे थीं। जबकि बेटे चन्दौसी की लायंस कालोनी निवासी अपनी नानी संतोष देवी के घर पर थे। कुछ देर बाद जब पत्नी छत पर पहुंची तो अरविंद खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे। गोली ठोड़ी में लगी थी और सिर के पार निकल गई। शोर मचने पर पास पड़ोस के लोग आ गए। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह व सीओ प्रदीप कुमार भी पहुंच गए। मामला बार्डर का होने पर थाना बनियाठेर प्रभारी मोहित काजला भी पहुंच गए। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी की। घटनास्थल के पास से पुलिस को राइफल नहीं मिली। मृतक के बेटे ने बताया कि राइफल ग्राउंड फ्लोर पर है। वहीं साले मुनीश ने बताया कि वह आठ बजे से पहले अपनी कार खड़ी करके स्कूटी ले गया था। उस समय सबकुछ ठीक ठाक था। देर रात फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही थी।

## सार संक्षेप

### डकैती के मामले में दोषी को दो वर्ष तीन माह की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** डकैती के मामले में एक दोषी को दो वर्ष तीन माह के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 2007 में थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव में हुई थी। थाना कुढ़फतेहगढ़ में इमरान उर्फ इरमान पुत्र जुल्फकार निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से एसपीओ धनंजेय पाण्डेय ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। मंगलवार को मुकदमे पर फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने इमरान उर्फ इरमान को दोषी करार देते हुए धारा 395 आईपीसी में दो दो वर्ष तीन माह के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल सचिन कुमार थाना कुढ़फतेहगढ़ का भी सहयोग रहा।



एसडीएम से शिकायत करते लोधियान मोहल्ले के लोग। ● अमृत विचार

### पुलिया ठीक कराने को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सड़क पर पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आए दिन हादसे होने से नाराज मोहल्ला लोधियान के लोगों ने तहसील पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खुर्जा गेट आंबेडकर पार्क से मोहल्ला लोधियान को जाने वाला मार्ग पर मौर्य धर्मशाला के पास दो पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त हैं। जिसमें गहरे गड्ढे हो गए हैं। नगर पालिका से शिकायत के बाद दोनों पुलिया को दुरुस्त नहीं कराया गया है। जिससे आए दिन वृद्ध महिलाएं, स्कूली बच्चे आवागमन के दौरान घायल होते रहते हैं। एसडीएम ने शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने आश्वासन दिया। वहीं शिकायत के बाद पालिका की टीम ने मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया है। ज्ञापन देने वालों में ललित, श्याम, गोपाल सैनी, किशन, आदित्य कुमार, सतवीर सिंह, लक्ष्मी देवी, नन्हीं वर्षा, शिवानी, पिंकी, भगवती आदि मौजूद रहे।



आंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने छात्रावास का किया निरीक्षण, मिली गंदगी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बहजोई रोड स्थित ग्राम मौलागढ़ के आंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया। जिसमें शौचालय व छात्रावास में सफाई नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही संबंधित कर्मचारी को शीघ्र ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंगलवार की शाम जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत बहजोई रोड स्थित गांव मौलागढ़ के आंबेडकर छात्रावास पहुंचे। जहां रहने वाले छात्रों से बातचीत कर हालचाल पूछा। बताया गया कि शौचालय व छात्रावास परिसर में गंदगी का अंबार लगा है। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने छात्रावास व शौचालयों का निरीक्षण किया। जिसमें गंदगी मिलने से डीएम व एसपी ने नाराजगी जताई। साथ ही ओवरहेड टैंक भी जर्जर स्थिति में मिला।

### अलग अलग जगह से चार वारंटी गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में अलग अलग जगह से न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मंगलवार को चार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी मोहम्मद हसन व अनिल और थाना क्षेत्र के गांव सुनवर सराय निवासी राकेश व गांव छपरा निवासी उमेश न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर पैरवी नहीं कर रहे थे। जिसकी वजह से न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर मोहम्मद हसन, अनिल, राकेश व उमेश को गिरफ्तार करने के आदेश पुलिस को दिए थे।

### फल विक्रेता और युवक में मारपीट के बाद तनातनी

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** कस्बा रजपुरा निवासी सलमान पुत्र शरीफ फल बेचने का काम करता है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के ही गांव ब्यौरा निवासी मंजीत सलमान से फल खरीद रहा था। इसी दौरान मोल भाव को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों में जमकर मारपीट हुई। आसपास के लोगों ने दोनों का बीच बचाव किया। फिर दोनों पक्षों के लोग आमने–सामने आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों के लोगों को खदेड़ दिया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

# तिलक और चंद्रशेखर आजाद को किया याद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाते समिति के सदस्य।

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से महान स्वतंत्रता सेनानी, भारतीय क्रांति के जनक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक एवं क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती सीता रोड स्थित निजी हॉस्पिटल में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई। दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। देश को आजादी दिलाने में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है मैं इसे लेकर रहूंगा का नारा देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक भारतीय क्रान्ति के जनक कहे जाते हैं। उनका जन्म महाराष्ट्र के जिला रत्नागिरी के चिखली गांव में 23 जुलाई 1856 को हुआ। आपके पिता गंगा धर राव थे, माता पार्वती बाई थी। लोकमान्य तिलक ने भारतीयों को एकजुट करने के लिए सबसे पहले मुंबई में गणेश उत्सव तथा शिवाजी उत्सव मनाना शुरू किया। आगे कहा कि स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भावरा गांव में 23 जुलाई 1906 को हुआ था। जलियां वाला बाग हत्याकाण्ड का बदला लेने के लिए क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव ने जेपी सांडर्स की हत्या कर दी। बाद में दिल्ली असेंबली पर बम फेंके। एक दिन अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेज पुलिस ने घेर लिया। रिवाल्वर में जब आखिरी गोली बची तब अपनी कनपटी पर यह कहते हुए दाग दी आजाद हूं आजाद ही रहूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नितिन कौशिक ने की। संचालन डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह आदि ने विचार रखे। विकास यादव, सीता कश्यप, अवधेश कुमार, वीकेश, इमरान मौजूद रहे।

## दुकान में कूमल लगाकर 42 हजार रुपये ले गए चोर

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बहजोई रोड स्थित टायर की दुकान में सोमवार की रात चोरों ने कूमल लगाकर गल्ला तोड़ा और 42 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुई। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

वैष्णो विहार के फेस वन निवासी अक्षय कुमार पुत्र गुलाब सिंह की बहजोई रोड पर शिवा इंटर प्राइजेज के नाम से टायर की दुकान है। वह सोमवार की रात आठ बजे दुकान बंद करके घर चले गए। मंगलवार की सुबह साढ़े नौ बजे नौकर अजीत ने दुकान खोली तो दीवार में कूमल लगा देखा। साथ ही गल्ला टूटा पड़ा था। यह देख नौकर ने दुकान स्वामी अक्षय कुमार को सूचना दी। कुछ देर बाद वह भी दुकान पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि चोर गल्ले में रखी 42 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा जा रहा है।

# नए सर्किल रेट की कवायद शुरू 29 तक दाखिल होंगी आपत्ति

कार्यालय संवाददाता, संभल

- 29 जुलाई तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण 30 जुलाई को सक्षम स्तर से किया जाएगा

**अमृत विचार :** संभल जिले में नए सर्किल रेट को लेकर कवायद शुरू हो गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने सर्किल रेट से संबंधित प्रक्रिया को लेकर आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार प्रस्तावित सर्किल रेट सूची पर आईं आपत्तियों का निस्तारण 30 जुलाई को करते हुए सर्किल रेट की नई सूची जारी की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश संपत्ति का मूल्यांकन नियमावली 1997 एवं संशोधन नियमावली 2013 व 2015 के प्रावधानों के अनुसार संभल जिले में जारी मूल्यांकन की पुनरीक्षित वार्षिक दरें निर्धारित की जाएंगी। जिसकी प्रस्तावित एक-एक प्रति एडीएम कार्यालय, सहायक महानिरीक्षक संभल कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। एक प्रति संबंधित उप निबंधक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी।

यदि किसी व्यक्ति को रेट लिस्ट की प्रस्तावित दर के संबंध में आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति एवं सुझाव विधिक रूप से साक्ष्य सहित किसी भी कार्यालय में व्यक्तिगत या प्रतिनिधि के माध्यम से 24 जुलाई से 29 जुलाई तक दर्ज करा सकता है। इसके बाद आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं होगा। 29 जुलाई तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण 30 जुलाई को सक्षम स्तर से किया जाएगा। जिसके बाद सर्किल रेट की सूची जारी की जाएगी।

# लूटे गए ई रिक्शा और ऑटो बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में चालकों को नशीला पदार्थ सुंघाकर ई रिक्शा व ऑटो लूटने वाले तीन लोगों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने ई रिक्शा व ऑटो बरामद किया। इस मामले में एक व्यक्ति फरार है।

थाना क्षेत्र के गांव सूरपुर निवासी कोमिल, जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लतीपुर धीर निवासी श्यामलाल, गुन्नौर में रह रहे अलीगढ़ के मुहल्ला संजय नगर निवासी राजेश वार्ष्णेय और बरेली जिले के गांव रजपुर निवासी शाकिर चारों मिलकर सवारी बनकर ई रिक्शा व ऑटो चालकों को नशा सुंघा देते थे। नशा होने के बाद चालकों वहीं फेंक कर ई रिक्शा व ऑटो लूटकर भाग जाते थे। जिसमें नौ जुलाई को श्यामलाल, कोमिल, राजेश वार्ष्णेय व शाकिर ने बरेली जिले के थाना सुभाष नगर क्षेत्र में ऑटो और गुरुवार को धनारी बस स्टैंड निवासी छत्रपाल का गांव हिरोनी के पास रुमाल से नशा सुंघाकर ई रिक्शा लूट लिया था। मंगलवार को सूचना मिलने पर पुलिस गुन्नौर में स्थित राजेश की दुकान पर पहुंची और ई रिक्शा व ऑटो बरामद कर श्यामलाल, कोमिल, राजेश वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट और पथराव करने में तीन गिरफ्तार

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने के विरोध में मारपीट व पथराव करने के आरोप में मंगलवार को पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव चंदवार निवासी कैलाशचंद शर्मा ने रविवार को ग्राम प्रधान पति अनवर से ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण कराने का विरोध जताया था। पुलिस ने सालिम, इमरान व जाबिर को गिरफ्तार कर लिया।

## ओवर रेट बिकती मिली कोल्डड्रिंक, हुआ चालान

**संभल, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर बाट माप निरीक्षक ने जांच की तो दुकान पर ओवर रेट कोल्ड ड्रिंक बिकने की बात सामने आई। बाट माप निरीक्षक ने संबंधित दुकान पर चालान की कार्रवाई की। वहीं डीएम ने कहा कि जिले में कोई भी दुकानदार ओवररेट सामान न बेचे। उन्होंने बाट माप निरीक्षक को रोजाना 10 दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया को शिकायत मिली तो दुकानदार मोहम्मद आसिफ एवं शाने आलम मैसर्स इंडियन टी स्टाल गुन्नौर बस स्टैंड पर ओवर रेट थम्स अप कोल्ड ड्रिंक बेच रहे हैं। डीएम ने जांच के लिए बाट माप निरीक्षक को दुकान पर भेजा। मौके पर दुकानदार मोहम्मद कासिम 40 रुपये के स्थान पर 5 रुपये अधिक 45 रुपये में थम्स अप कोल्ड ड्रिंक बेच रहा था। शिकायत सही पाए जाने पर बाट माप निरीक्षक ने दुकान पर थम्स अप कोल्ड ड्रिंक ओवररेटिंग को लेकर चालान किया।

# पुलिस की पूछताछ से किशोरी की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, संभल

- साथ गई युवती के गायब होने को लेकर पुलिस ने बंद कमरे में की थी पूछताछ
- किशोरी की मां का आरोप, पुलिस ने की बेटी के साथ मारपीट

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में साथ गई युवती के गायब हो जाने को लेकर पुलिस ने किशोरी से बंद कमरे में पूछताछ की तो किशोरी की हालत बिगड़ गई। मां का आरोप है कि पुलिस वालों ने बेटी को डराया और उसके साथ मारपीट की। किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी आशा कार्यकत्री का कहना है कि शनिवार को गांव की युवती सरायतरीन बाजार से कपड़े खरीदने के बहाने उसकी 16 वर्षीय पुत्री को घर से बुलाकर ले गई थी।

सरायतरीन पहुंचने के बाद किशोरी युवती के साथ कोचिंग सेंटर पहुंची और यहां बैग रखने के बाद किशोरी व युवती बाजार चली गई। इसके बाद बेटी से तबीयत खराब होने का बहाना कर युवती गायब हो गई। आरोप है कि सोमवार की देर शाम थाना पुलिस किशोरी से पूछताछ करने उसके घर पहुंची।

परिजनों को कमरे से बाहर निकालकर अकेले में पूछताछ की गई। मां का आरोप है कि महिला पुलिस ने उसकी बेटी के साथ मारपीट की जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

मंगलवार को किशोरी को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं थाना पुलिस इस मामले को लेकर कुछ भी कहने से बच रही है।

## मौसम बदला तो शुरू हुई बारिश, मिली राहत

**संभल, अमृत विचार :** संभल में मंगलवार को दिनभर भीषण गर्मी के बाद देर रात मौसम का मिजाज बदल गया। रिमझिम बारिश शुरू हुई तो लोगों को राहत मिलने लगी। तमाम लोगों ने बारिश में भीगते हुए घरों का रुख किया।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी का माहौल बना रहने के कारण लोग दुश्वारियों को जूझे। मंगलवार को भी सुबह से ही चिलचिलाती धूप के कारण लोग परेशान रहे। दोपहर में तो गर्मी अहसनीय हो गई। उस वक्त पंखे और कूलर भी फेल हो गए। इस बीच लोग ऊपर वाले से बारिश के लिए प्रार्थना करने लगे। हालांकि आसमान में काले बादल उमड़े लेकिन बारिश नहीं हुई। रात में जाकर मौसम का मिजाज बदला। देर रात नौ बजे अचानक ठंडी हवा चली और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। उस वक्त तमाम लोग बाजारों में थे। कुछ लोगों ने बारिश में भीगते हुए घरों का रुख किया। लोगों को बारिश से मिली।

## एक नजर

### डीसीएम की टक्कर से संभल के ग्रामीण की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर डीसीएम ने स्कूटी सवार ग्रामीण को टक्कर मार दी। हादसे में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। चालक डीसीएम को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद संभल में हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी शब्बीर (55) दो दिन पहले दिल्ली किसी काम से गए थे। मंगलवार सुबह वह स्कूटी से घर लौट रहे थे। जैसे ही नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित नोबल पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे तो पीछे से डीसीएम ने उनकी स्कूटी को रौंद दिया। इससे स्कूटी सवार शब्बीर की मौके पर ही मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीसीएम को भी कब्जे में ले लिया गया है।

### दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को पीटा, वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में दुकानदार को लोगों ने चप्पलों से पीटकर पुलिस को सौंप दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नगर के एक मोहल्ले में दुकानदार ने छात्रा से दुष्कर्म करने के प्रयास किया था। शक होने पर मोहल्ले के लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसे चप्पलों से दुकान के बाहर पीटा। इस दौरान किसी ने आरोपी की पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि वीडियो की सच्चाई पता की जा रही है।

### अभा तेली महापंचायत के प्रदेश सचिव बने अकरम

**अमरोहा, अमृत विचार :** गुलड़िया निवासी अकरम अली को अखिल भारतीय तेली महापंचायत का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रभारी मोहम्मद अहमद ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव अकरम अली को मनोनयन पत्र में निर्देश दिया है। वह समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए काम करें। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समाज में भाईचारा, संघर्ष करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। प्रदेश सचिव ने कहा कि तेली मलिक समाज में दो दशक से शिक्षा का स्तर तेजी से बढ़ा है।



# गंगा में डुबाकर दोस्त की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## छह हजार का जुर्माना भी लगाया, सादपुर उर्फ शाहिदपुर गांव का मामला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**निर्णय**
- नौकरी के नाम पर लिए रुपये हड़पने के लिए की थी हत्या
- अनूपशहर में गंगा के पुल से छह किमी दूर बरामद किया था शव

**अमृत विचार :** गंगा में डुबाकर दोस्त की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

यह मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सादपुर उर्फ शाहिदपुर का था। यहां किसान उदयभान सिंह का परिवार रहता है। 19 मई 2022 को उनके बेटे हेमंत कुमार को गांव बीवड़ा खुर्द में रहने वाला दोस्त सुखवीर घर से अपने साथ ले गया था। देर रात तक हेमंत घर नहीं लौटा था। परिजनों ने जब संपर्क करने का प्रयास किया तो मोबाइल बंद मिला। पिता उदयभान ने मामले में सुखवीर पर बेटे का अपहरण करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

सीडीआर में हेमंत और सुखवीर के फोन की लोकेशन अनूप शहर में गंगा पुल के पास की मिली। इसके बाद पुलिस सुखवीर को लेकर अनूपशहर के गंगा पुल पर पहुंची थी। जहां उसकी निशानदेही पर पुलिस ने लापता हेमंत के जूते बरामद किए थे। जांच में पता चला कि सुखवीर ने हेमंत कुमार की गंगा में डुबाकर हत्या की है। चार दिन बाद 23 मई को गोताखोरों ने घटनास्थल से करीब छह किमी दूर हेमंत का शव बरामद किया था। पुलिस ने आरोपी सुखवीर सिंह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। पूछताछ में उसने नौकरी के नाम पर लिए रुपये हड़पने की नीयत और तकादा करने पर हत्या की बात स्वीकार की थी। गिरफ्तारी के बाद से सुखवीर जेल में है। इस मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम संजय चौधरी की अदालत में हुई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंदर गर्ग ने मजबूत पैरवी की। मंगलवार को कोर्ट में मामले की आखिरी सुनवाई हुई। इसमें पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने सुखवीर को दोषी करार दिया। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# खनन अधिकारी ने एक मशीन और दो डंपर पकड़े

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बालू रेत के अवैध खनन की सूचना पर खनन अधिकारी ने दो डंपर और एक पोकलेन मशीन पकड़ ली। खनन अधिकारी की तहरीर पर खनन करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।



कोतवाली में खड़े रेत से भरे डंपर।

तहसील क्षेत्र में बगद नदी की खोदाई के नाम पर अवैध खनन का धंधा चल रहा था। शिकायत के बाद खनन अधिकारी ने अलीगढ़ मार्ग पर मंगरौला गांव में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के पास रेत से लदे दो डंपर पकड़ लिए। इन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया गया कि क्षेत्र में बगद नदी की खोदाई की जा रही है। खनन करने वालों ने इस मौके का फायदा उठाते हुए अवैध खनन करना शुरू कर दिया। डंपर व अन्य वाहनों में लादकर रेत को आसपास के इलाकों में बेचा जा रहा था। कोई अधिकारी पूछता तो उससे कह देते कि बगद नदी की खोदाई से निकली मिट्टी को डंप करने जा रहे हैं। किसी ने सोमवार रात जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी से इसकी शिकायत कर दी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला खनन अधिकारी मनीष यादव ने देर रात छापा मारकर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे से दो डंपर जब्त कर लिए। पता लगा कि मिट्टी रहरा थाना क्षेत्र के तरौली गांव के पास अवैध खनन करके लाई जा रही थी। अवैध खनन में लगे कई अन्य डंपर व जेसीबी को लेकर चालक मौके से भाग निकले। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में एक बड़ा खनन करने वाले धंधे में शामिल हैं। कई महीने से अवैध खनन करके करोड़ों रुपये कमा लिए गए। खनन अधिकारी ने बताया कि डंपर कोतवाली पुलिस को दे दिए गए हैं। कार्रवाई की जा रही है।

## बजरंग दल के कार्यकर्ता से अभद्रता का आरोप, हंगामा

**गजरौला, अमृत विचार :** रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पर बजरंग दल कार्यकर्ता से अभद्रता करने का आरोप लगा है। इसे लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें शांत कराया।

शहर के रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में दो जुलाई को नए प्राचार्य ने कार्यभार ग्रहण किया है। बताया गया कि कुछ दिन पहले बजरंग दल के जिला विद्यार्थी प्रमुख पीयूष चौधरी कॉलेज पहुंचे थे। वहां उन्होंने काउंटर पर अंदर से नियम विरुद्ध फीस जमा करने की शिकायत की थी। पीयूष का आरोप है कि तब वहां प्राचार्य एमए गौरी ने हाथ में कलावा व माथे पर तिलकर लगाकर कॉलेज नहीं आने की बात कही थी। वह संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं को लेकर मंगलवार को कॉलेज पहुंचे और विरोध जताया। प्राचार्य से उनकी नोकझोंक भी हुई। हालांकि बाद में समझा बुझाकर उन्हें शांत कर दिया।

# धरने में शामिल हों सभी शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अमरोहा के एक प्रतिनिधि मंडल ने 25 जुलाई को होने वाले धरने में शामिल होने के लिए विद्यालयों में भ्रमण किया। उन्होंने शिक्षकों से धरने में पहुंचने की अपील की।

प्रदेशीय मंत्री और जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. जीपी सिंह ने कहा कि धरनास्थल पर समस्याओं का मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपना है। प्रत्येक शाखा से सभी साथी निष्ठा और एकता के साथ धरने में दोपहर 1.30 बजे पहुंचेंगे। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने बताया कि शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की विभिन्न मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा जाएगा। जिला मंत्री बालक राम ने संगठन से जुड़े शिक्षक और शिक्षिकाओं से धरने में पहुंचने की अपील की है। प्रदेश



जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में अध्यापकों से संपर्क करते माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

- जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपेंगे जिलेभर के शिक्षक

कार्यकारिणी के सदस्य अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार को कुंदन मॉडल इंटर कालेज, एकेके इंटर कॉलेज, आले अहमद गर्ल्स इंटर कॉलेज, शर्मा देवी इंटर कॉलेज, एडब्ल्यू फैज-ए-आम इंटर कॉलेज, श्रीराम चंद्र खत्री हाईस्कूल, आईएम इंटर कॉलेज और जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में भ्रमण किया गया। प्रतिनिधि मंडल में जिला कोषाध्यक्ष केपी सिंह, जिला उपाध्यक्ष आसिम अब्बासी, दानिश हबीब खान, हसनैन नवाज, मनोज गौड़, पंजेश कुमार, आदिल अब्बासी, डॉ. केआरके सूरी, सुहाना मंजूर, पिंकी शुक्ला, चारु शर्मा, ममता अग्रवाल, अनवर हुसैन, एजाज हसन, डॉ. प्रतिभा यादव, सुनीता सिंह, डॉ. जमशेद कमाल, डॉ. मुनव्वर हुसैन आदि रहे।

## युवक से 1.61 लाख रुपये हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपी ने युवक से 1.61 लाख रुपये हड़प लिए। न तो नौकरी लगी और न ही उसकी रकम वापसी की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

रजबपुर क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी विवेक सिंह की मुलाकात संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव भवालपुर निवासी नितिन चौधरी से हुई थी। आरोप है कि एक साल पहले नितिन ने विवेक को मालदीव में नौकरी लगवाने की बात कह कर उसे 1,61,000 रुपये मांगे। विवेक ने नितिन को 61,500 पेटीएम कर दिए। इसके बाद घर बुलाकर 1,00,000 रुपये दिए। लेकिन विवेक की नौकरी नहीं लगी। उसने जब अपने रुपये मांगे तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कही। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नितिन के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया है।

## सार संक्षेप

### वाहन की टक्कर से आगरा का युवक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पार करते समय वाहन की टक्कर से युवक घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगरा के छोरंगार निवासी आशीष भारद्वाज दिल्ली में काम करता है। सोमवार को वह किसी काम से अमरोहा आया था। रात में काम निपटाने के बाद वापस जा रहा था। वह गजरौला के पास नेशनल हाईवे किनारे एक ढाबे पर बैठा था। ढाबे से उठकर वह सड़क पार करने लगा। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायल के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सांड़ से टकराई बाइक, स्वास्थ्य फाइनेंसर का मैनेजर जख्मी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में ब्लॉक कार्यालय के सामने स्थित नुमाइश ग्राउंड के पास स्वास्थ्य फाइनेंसर के मैनेजर की बाइक सांड़ से टकरा गई। इससे वह घायल हो गए। लोगों ने उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। सहारनपुर में मल्हीपुर निवासी प्रवीण कुमार नगर में स्वास्थ्य फाइनेंसर मैनेजर के पद पर तैनात हैं। मंगलवार सुबह वह अपनी बाइक से आंबेडकर पार्क की ओर आ रहे थे। जैसी ही इनकी बाइक नुमाइश ग्राउंड के पास पहुंची तो सांड़ से टकरा गई। इससे वह सड़क पर दूर जा गिरे और घायल हो गए।




स्कूल में चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### विद्यालय में मनाई चंद्रशेखर आजाद की जयंती

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाईस्कूल में मंगलवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई। शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता सेनानी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके बताए हुए मार्ग को अपना कर देश हित में कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने छात्र-छात्राओं को चंद्रशेखर आजाद के जीवन पर आधार कथाएं बताईं और उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, सुशील यादव, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा, कीर्ति भारद्वाज, मंजरी दीक्षित, खुशबू शर्मा, अंकुर राजपूत आदि मौजूद रहे।



पौधा लगाते विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, साथ में अन्य।

### अपने जन्मदिन पर मां के नाम का पौधा लगाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर निवासी विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने अपने जन्मदिन पर अपनी माता के नाम एक पौधा लगाया। नगर वासियों से पौधरोपण करने की अपील की। उन्होंने अपने जन्मदिन पर एक पौधा, अपनी मां राजबाला अग्रवाल के नाम पर रोपित किया। बताया कि वह हमेशा अपने जन्मदिन एवं महापुरुषों की जयंती पर पौधरोपण करते हैं। मंगलवार को भी बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती है। इस दौरान प्रखंड संयोजक राहुल, देवानंद वर्मा, पुरोहित बब्बू शर्मा, मनोज कुमार सागर, संजय अग्रवाल, खंड अध्यक्ष विजय पारछा, प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख भूपेंद्र चौहान, हसनपुर एससी मोर्चा मंडल महामंत्री अमित सागर, दीपू सागर, नन्हे सागर आदि उपस्थित रहे।



संगठन के प्रदेश संयोजक को स्मृति चिह्न भेंट करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**हसनपुर, अमृत विचार :** व्यापारियों की बैठक में प्रदेश संयोजक खत्री मनोज टंडन ने कहा कि व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान प्रदेश में व्यापारियों की आवाज बुलंद कर रहा है। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल के नेतृत्व में नगर संगठन मंत्री पंडित मोहित शर्मा के आवास पर हुई। इसमें व्यापारियों ने प्रदेश संयोजक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। नवनियुक्त पदाधिकारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश संयोजक ने कहा कि यह संगठन व्यापारियों की पीड़ा समझता है। इस दौरान सचिन गुप्ता, समीर खान, पंकज भटनागर, मुकेश गुप्ता, आयुष रस्तोगी, महेश प्रजापति, लोकेश अग्रवाल, अजय रस्तोगी, योगेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## आम के हरे पेड़ काटने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** रात में बिना अनुमति आम के चार पेड़ काट लिए गए। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सोमवार देर रात भानपुर खालसा में आम के चार हरे पेड़ काट दिए गए। मंगलवार सुबह चार बजे सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके का वीडियो बनाया। वहां पड़ी लकड़ी को भी कब्जे में ले लिया।

प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में वन दरोगा सुमित कुमार की तहरीर पर भानपुर खालसा निवासी हरवीर, यशवीर उर्फ टोनी व हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी निवासी तसलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# खेत पर करंट से किसान की मौत, मां भी झुलसी

संवाददाता, ढबारसी

- गांव भूवरा में हुई घटना
- पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में धान की पौध धोते समय करंट लगने से किसान की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



उदयचंद।

क्षेत्र के गांव भूवरा निवासी किसान जयराम सिंह अपनी पत्नी प्रभा देवी और बेटे उदयचंद (32) के साथ मंगलवार सुबह अपने खेत पर धान की रोपाई करने के लिए गए थे। इस दौरान उदयचंद और उसकी मां प्रभा देवी खेत पर नलकूप के हौद में धान की पौध धो रहे थे। तभी दोनों करंट की चपेट में आ गए। इससे उदयचंद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गईं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सूचना देकर बिजली घर से आपूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों ने उदय को देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थीं। ग्रामीणों ने झुलसी प्रभा देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि उदयचंद की अभी शादी भी नहीं हुई थी। वह पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था। वह कृषि कार्य में पिता का सहयोग करता था। थानाध्यक्ष शौकेन्द्र सिंह बालियान ने बताया कि खेत पर काम करते समय करंट से युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बालिका से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी पकड़ा

**अमरोहा, अमृत विचार :** 50 वर्षीय व्यक्ति ने मजदूर की 10 साल की बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। दरअसल, यहां का निवासी एक मजदूर धर्मस्थल में प्रसाद बेचकर परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि 20 जुलाई की दोपहर चार बजे परिवार के लोग घर से बाहर थे। मजदूर की 10 साल की बेटी घर में अकेली थी। आरोप है कि इस दौरान मोहल्ला इस्लामनगर निवासी 50 वर्षीय राशिद मजदूर के घर में घुस आया। उसने बालिका के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने तहरीर पर आरोपी राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# शहर में गंदगी से बीमारी फैलने का सता रहा है डर

संवाददाता, गजरौला

- ईओ बोलीं- कूड़ा मिलने पर संबंधित कर्मी पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** शहर में जगह-जगह गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ रहा है। दुर्गंध से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। शिकायत के बाद भी नगर पालिका परिषद के अधिकारी अनजान बने हुए हैं।

शहर के मुख्य चौराहे पर कूड़े के ढेर लगे हैं। गली-मोहल्लों में भी कूड़ा रोजाना नहीं उठने से सफाई व्यवस्था चरमराई है। मंगलवार को शहर के रेलवे स्टेशन रोड, बुध बाजार मार्ग, मायापुरी, आंबेडकर नगर समेत अन्य मोहल्लों में गंदगी नजर आई। नागरिकों का आरोप है कि गली व रास्तों में नियमित सफाई नहीं हो रही है। इसकी शिकायत कई बार नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से कर चुके हैं।



सड़क किनारे पड़ा कूड़ा।

लेकिन अभी तक रोजाना कूड़ा नहीं उठ रहा है। इससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है। ईओ दीपिका शुक्ला ने बताया कि कूड़ा रोजाना उठ रहा है। जहां भी कूड़े के ढेर हैं, उन्हें जल्द ही उठाया जाएगा। जहां भी कूड़े के ढेर लगे मिले तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



हसनपुर कोतवाली के बाहर मौजूद पीड़ित परिजन व अन्य। ● अमृत विचार

# स्विमिंग पूल संचालकों पर बच्चों को बंधक बनाकर पीटने का आरोप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** स्विमिंग पूल संचालकों ने नहाने गए बच्चों को बंधक बनाकर मारा पीटा। इस मामले में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला लालबाग में रहने वाले बच्चे रविवार को संभल-हसनपुर मार्ग स्थित स्विमिंग पूल में नहाने के लिए गए थे। स्विमिंग पूल संचालकों ने बच्चों पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें बंधक बनाकर एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि स्विमिंग पूल संचालकों ने उनके साथ मारपीट की। घंटों बंधक बनाए रहने के बाद कुछ लोगों ने बच्चों को छुड़ा दिया। इसे लेकर मंगलवार को लोग कोतवाली पहुंचे और कोतवाल सनोज प्रताप को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि स्विमिंग पूल संचालकों की पिटाई से बच्चे सहम गए थे। कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिली है। शहर इंचार्ज को मौके पर भेजा गया है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**मांग** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुरु किया अनशन

# बिजली घरों में किया क्रमिक अनशन

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन विभिन्न बिजली घरों पर मंगलवार को भी जारी रहा। चुचैला कला के बिजली घर में राजीव देवल के नेतृत्व में अनशन शुरू किया गया।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार नलकूपों के बिजली बिल माफी के नाम पर किसानों के साथ धोखा कर रही है। केंद्रीय बजट में किसान को राहत देने के नाम पर उनके कंधों पर बंदूक रखकर छोड़ी जा रही है। डीजल, पेट्रोल जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार नहीं किया गया। बजट किसानों की आशाओं के खिलाफ है। किसान-मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने तक अनशन जारी रहेगा।




खाद गुर्जर के बिजलीघर में क्रमिक अनशन पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

खाद गुर्जर में इन्द्रपाल सिंह पूर्व प्रधान, गंगदासपुर में भगवत सिंह पाल, दौलतपुर नहरी में चौधरी वली सिंह, जोजखेड़ा में सावेन्द्र सिंह, मलेशिया में राजकुमार त्यागी, कौराल में कमलजीत सिंह डींगरा में हसन रजा, काफूरपुर में महावीर सिंह, चुचैला कलां में राजीव देवल के नेतृत्व में अनशन किया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# समावेशी बजट

मंगलवार को मोदी सरकार 3.0 का पूर्ण बजट पेश हुआ। बजट में सरकार की ओर से सभी वर्गों को लुभाने की कोशिश की गई। बजट में युवा, किसान, उद्यमी, महिलाओं व नौकरी पेशा लोगों का ध्यान रखा गया है। साथ ही व्यापार तथा विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। नौकरी पेशा लोगों को पहले की तरह ही 3 लाख तक कोई टैक्स नहीं देना होगा। 3 लाख से 7 लाख की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स देने का प्रावधान रखा गया है। पहले यह छूट 3 लाख से 6 लाख की आय पर थी। न्यू टैक्स रिजीम के अन्य स्लैब में भी बदलाव किया गया है। इन दोनों बदलावों से टैक्सपेयर्स को 17,500 रुपए तक का फायदा होगा। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के लिए लोन गारंटी योजना का प्रावधान किया है,जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के लोन के लिए गारंटी की जरूरत नहीं होगी। संकट से गुजर रहे एमएसएमई की कर्ज जरूरत सरकार समर्थित कोष से पूरी की जाएगी। साथ ही सरकार एमएसएमई खरीदारों के लिए टीआरईडीएस मंच पर अनिवार्य रूप से जुड़ने के लिए कारोबार की सीमा को 500 करोड़ रुपये से घटाकर 250 करोड़ रुपये करेगी। सरकार के इस प्रावधान से निश्चित ही एमएसएमई क्षेत्र के उद्योग को बढ़ाने करने में मदद मिलेगी।

बजट में स्टार्टअप्स इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एंजल टैक्स हटाने का प्रावधान किया गया है। एंजल कर को हटाने से स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि इससे उनके लिए अधिक अनुकूल माहौल बनेगा। एंजेल टैक्स को देश में साल 2012 में लागू किया गया था। तब से इसको हटाने की मांग की जा रही थी। यह टैक्स उन अनलिस्टेड बिजनेस पर लागू होता था, जो एंजेल निवेशकों से फंडिंग हासिल करते थे। बजट में इसके अतिरिक्त महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। ग्रामीण विकास को ध्यान रखते हुए बजट में ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचा के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सरकार के हर व्यक्ति को छत देने के इरादे की झलक भी बजट में दिखी। बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाने का भी प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही बजट में छात्रों के लिए शिक्षा ऋण व रोजगार शुरू करने के लिए सरल ऋण प्रक्रिया अपनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना कि चाहिए बजट के द्वारा सरकार ने सभी वर्गों को कुछ न कुछ दिया है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए व्यापक वित्तीय रोडमैप



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2024 का भारतीय बजट एक आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत के लिए बनाया गया एक व्यापक वित्तीय रोडमैप है। यह बजट आत्मनिर्भर रक्षा, आत्मनिर्भर कृषि, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) विकास, निर्यात वृद्धि, ग्रामीण उपभोग वृद्धि, युवा रोजगार क्षमता और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जोर देता है।

आत्मनिर्भर रक्षा क्षमताओं को बढ़ानाः रक्षा बजट आवंटन में वृद्धि 2024 के बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 5.94 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। यह आवंटन भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बजट रक्षा क्षेत्र के भीतर 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करता है, जिसका लक्ष्य आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना है। स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू रक्षा निर्माताओं को वित्तीय प्रोत्साहन, कर छूट और सब्सिडी प्रदान करना। बजट नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने, रक्षा अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित करता है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) जैसे संगठनों के लिए धन में वृद्धि। रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली कंपनियों के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन प्रदान करना।

एमएसएमई विकासः बजट में एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच में सुधार के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं, ऋणदाताओं के लिए जोखिम को कम करने और एमएसएमई के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ाने के लिए क्रेडिट गारंटी योजनाओं को बढ़ाना। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एमएसएमई को उनकी पूंजी की लागत कम करने और उनके विकास और विस्तार का समर्थन करने के लिए सब्सिडी वाले ऋण प्रदान करना। एमएसएमई को नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने में मदद करने के लिए बजट में 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। डिजिटल परिवर्तनः ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और डिजिटल भुगतान प्रणालियों को अपनाने सहित एमएसएमई के डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने के लिए कार्यक्रम। बजट में एमएसएमई की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए उपाय पेश किए गए हैं, जिनमें निर्यात-संबंधी लागत को कम करने और अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एमएसएमई को सब्सिडी प्रदान करना।

**मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है।**

निर्यात वृद्धि : बजट में व्यापार बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बंदरगाहों की क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए उनका आधुनिकीकरण करना, टर्नअराउंड समय को कम करना और व्यापार रसद में सुधार करना। माल की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और लॉजिस्टिक बाधाओं को कम करने के लिए सड़क, रेलवे और हवाई अड्डों सहित परिवहन नेटवर्क का विकास करना। निर्यात वस्तुओं के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले आयातित इनपुट पर सीमा शुल्क वापस करने के लिए शुल्क वापसी योजनाओं को बढ़ाना। वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से बजट में 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। एमएसएमई और अन्य निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने में सहायता करना, उनकी विश्वसनीयता और विपणन क्षमता को बढ़ाना। ग्रामीण उपभोग विकास : बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं किसानों के लिए उत्पादन लागत कम करने के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करना। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आरआईडीएफ को 40,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें कनेक्टिविटी और बाजारों तक पहुंच में सुधार के लिए ग्रामीण सड़कों का निर्माण और उन्नयन है। कृषि के लिए विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और फसल की पैदावार में सुधार करने के लिए सिंचाई परियोजनाओं को वित्त पोषित करना।

बजट में मनरेगा के लिए फंडिंग को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना और ग्रामीण गरीबों के लिए आय का एक स्थिर स्रोत सुनिश्चित करना है। युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए, बजट में कौशल भारत मिशन के विस्तार पर जोर दिया गया है, स्टार्टअप्स को विकास के शुरुआती चरणों में मदद करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीड फंडिंग बढ़ाना। उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को संसाधन, सलाह और नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करने के लिए और अधिक इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करना।

महिला सशक्तिकरणः बजट में महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए कई उपाय पेश किए गए हैं। 10,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला उद्यमियों के लिए ऋण तक आसान पहुंच को शामिल किया गया। बजट में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करना। बजट में शिक्षा में लिंग अंतर को पाटने और अधिक महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, विशेष रूप से एसटीईएम क्षेत्रों में महिला छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और अनुदान बढ़ाया गया है। बजट में महिलाओं की सुरक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई पहलों के लिए 5,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार का सामना करने वाली महिलाओं के लिए हेल्पलाइन और सहायता केंद्र स्थापित करना, उन्हें तत्काल सहायता और सहायता प्रदान करना।

कृषि क्षेत्रः कृषि सब्सिडी के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। किसानों पर लागत का बोझ कम करने और फसल उत्पादन के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक सब्सिडी का आवंटन बढ़ाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। कीट-संबंधी मुद्दों के समाधान और फसल की पैदावार की सुरक्षा के लिए कीटनाशक सब्सिडी के लिए धन बढ़ाया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए बजट में एमएसपी तंत्र को मजबूत करने के उपायों की रूपरेखा दी गई है। किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गेहूं, चावल और दालों जैसी प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

बजट में एक गारंटी योजना शुरू करने का प्रस्ताव है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाजार की कीमतें गारंटी स्तर से नीचे आने पर भी किसानों को एमएसपी मिले। फसल की किस्मों, कीट नियंत्रण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में अनुसंधान का समर्थन करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) जैसे संस्थानों के लिए धन में वृद्धि। बदलते मौसम के मिजाज के अनुकूल होने और स्थिर कृषि उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए जलवायु-लचीला फसल किस्मों के अनुसंधान और विकास में निवेश करना। सिंचाई परियोजनाओं के लिए 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फंडिंग को नई नहरों, जलाशयों और पाइप लाइनों के निर्माण सहित सिंचाई कवरेज का विस्तार करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 40,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बाजार पहुंच में सुधार करने के लिए कृषि बाजारों और भंडारण सुविधाओं का विकास। कहा जा सकता है कि बजट से सभी वर्गों को लाभ होगा।

## प्रसंगवश

# बजट से बैसाखियों की मजबूती

वर्ष का पूर्ण आम बजट आ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो नारे याद आ गए। पहलाः "सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास"। दूसराः"न खाएंगे न खाने देंगे"। ये नारे हमें अकारण नहीं याद आए हैं।

बजट देखकर प्रतिक्रिया स्वरूप ये स्मरण हो आए। बताते चलें कि वर्तमान में केन्द्र में पदस्थ मोदी सरकार का अपने दल का बहुमत नहीं है। वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नाइडू की तेलगू देशम पार्टी की बैसाखियों पर टिकी है। बजट में इन राज्यों को दिल खोलकर वित्तीय पैकेज दिए गए। बिहार को 26 हजार करोड़ तो अकेले सड़क निर्माण हेतु ही दिए। कुछ और भी। कुल मिलाकर 58900 करोड़ की सौगात दी गई। नाइडू को विभिन्न मदों में पचास हजार करोड़ की मदद का ऐलान हुआ है। अब सवाल यह है कि कहीं तो मणिपुर जैसा राज्य है, जहां हिंसा और अभद्रता का तांडव चल रहा है और पीएम ने कोई सुधि नहीं ली। वहां झांकने तक नहीं गए और जिन राज्यों के मुखिया मोदी की सरकार संभाले हैं, उन्हें सब कुछ। क्या देश चलाने का यही सिद्धांत होना चाहिए कि जिससे तात्कालिक स्वार्थ सिद्ध होता हो वही अपना। तब तो नारा यह होना चाहिए, "जो हमारा खास,बस उसका विकास"। अब हम दूसरे नारे पर आते हैं। खाने कमाने से संबंधित। नीतीश का शासन बिहार में लंबे समय से है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों जिस तरह धड़ाधड़ पुल टूटे बहे, उससे नीतीश के सुशासन की कलई खुल गई। केवल कुछ इंजीनियर निलंबित हुए। क्या इन घटिया पुलों के निर्माण में की गई कमाई अकेले इंजीनियर हजम कर सके होंगे? नहीं। हिस्सा ऊपर तक गया होगा, लेकिन फंदा पतली गर्दन में आसानी से पड़ता है। उन्हें तो अल्पांश ही मिलता है। कहावत है "खाए बांदर। मरैं कूकुर"। अब फिर से भारी रकमें मिल रही हैं। कार्यों की जैसी गुणवत्ता होगी,आगे चलकर मालूम हो जाएगा। हां प्रसन्न नीतीश मोदी सरकार के बैसाखी लगाए रहेंगे। रही चन्द्रबाबू नाइडू की बात, तो वे तो घोटालों में जेल में रह चुके हैं। जो भी हो बजट से मोदी ने अपनी बैसाखियां मजबूत कर लीं।

# आस्था और सामाजिक सद्भाव



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

**देश व हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में है।**

प्रसिद्ध सावन मास आरंभ हो चुका है। इसके साथ शुरू हो चुकी है, शिव भक्तों की कठिन कांवड़ यात्र,जिसमें कई दिनों की हजारों लोग पैदल यात्रा कर हरिद्वार या अन्य गंगा घाटों से गंगाजल लाकर महादेव का अभिषेक करने की परंपरा है। यूपी सरकार के आदेश के बाद कि कांवड़ियों के मार्ग में जितनी भी दुकाने, ठेले और होटल इत्यादि हैं उनमें कारोबारी का नाम व पहचान अंकित करना आवश्यक है, राजनीतिक हलचलों के साथ सोशल मीडिया में चर्चाओं का बाजार गर्म है। उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव की भांति आदेश के समर्थन व विरोध में लामबंदी भी शुरू हो गई है। यूपी सरकार के पश्चात उत्तराखंड सरकार ने भी इसी प्रकार का आदेश जारी कर दिया था।

हालांकि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर अंतरिम रोक लगा दी है। आदेश के पक्ष में सरकार व प्रशासन के अपने तर्क हो सकते हैं,परंतु आदेश के पश्चात जो सब्जियों पर थूकने, खाद्य सामग्री पर मूत्र विसर्जन के वीडियो व संदेश वायरल हो रहे हैं,वे दोनों ही समुदायों में पारस्परिक नफरत और अविश्वास का बीज बोने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही गंगा जमुना तहजीब को भी ध्वस्त करने में धीमे जहर का कार्य कर रही है। हम सभी जानते हैं सोशल मीडिया के इस दौर में सच और झूठ का प्रोपेगेंडा विभिन्न समूहों द्वारा निहित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है। सरकार व प्रशासन को चाहिए कि ऐसे वीडियो और संदेशों की सत्यता की जांच करवाए और दोषी व्यक्ति चाहे किसी भी समुदाय के हों,उन्हें उचित दंड दिया जाए,क्योंकि मुट्ठी भर लोगों के उन्माद की कीमत सांप्रदायिक सौहार्द नहीं हो सकती। साथ ही खान-पान की शुचिता व पवित्रता हिंदुओं के साथ साथ मुसलमानों के लिए भी उतनी ही आवश्यक है। खान-पान की रोजमर्रा की वस्तुओं के उत्पादन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण की प्रक्रिया में विभिन्न रसायनों के रूप में धीमे जहर का पहले से ही प्रयोग हो रहा है,जिसका परिणाम गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आ रहे हैं। अब उन्हें इस प्रकार नफरत रूपी जहर से विकृत करना शारीरिक व मानसिक रूप से तकलीफदेह तो है ही,सामाजिक समरसता पर भी आघात करने वाला घृणित कार्य है। इसका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ दोनों समुदायों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

हमारी तरक्की का आधार सांप्रदायिक सद्भाव तथा शांति है। हम विलेज अर्थव्यवस्था से बहुत आगे निकलकर ग्लोबल अर्थव्यवस्था की रेस में हैं। यदि इसी प्रकार नफरती जहर फैलता रहा तो शायद अपनी-अपनी जाति और धर्म की प्रधानता पर आधारित आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ओर पलायन करना होगा। रही बात कांवड़ यात्रा की तो यह गहन आस्था और आत्मिक संयम का प्रतीक है। इसमें खान-पान के साथ जीवनशैली में शुद्धता तथा पवित्रता का ध्यान कांवड़िया ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार रखता है। आप आस्था को चाहे अंधविश्वास का नाम दें, लेकिन यह यात्रा सनातनी परंपरा का अहम हिस्सा है। इस यात्रा के दौरान संभव है कि हिंदुओं के होटलों के जिन बर्तनों में एक समय लहसुन प्याज का भोजन बनाया जाता है, थोड़ी देर पश्चात उन्हीं बर्तनों में शाकाहार के नाम पर कांवड़ियों का भी भोजन बनाया जाए। उपवास के दिनों में ऐसे भोजन के मामले में मैं स्वयं मुक्तभोगी हूं,जहां होटल के सामने बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है व्रत का खाना,लेकिन कहीं न कहीं प्याज का उपयोग पहले से खाना पकाने के लिए हुआ होता है। अतः आवश्यक है इस यात्रा मार्ग में अधिक से अधिक शिविर लगाया जाएं।

यद्यपि ऐसे शिविर हमेशा से लगाए जाते हैं,जहां खान-पान की पूरी सुविधा और शुचिता के साथ कांवड़ियों के स्वास्थ्य और आराम की भी सुविधा का ध्यान रखा जाता है। अब ऐसे शिविर कम से कम दूरी में लगाने चाहिए, जिससे कांवड़ियों को भोजनालय या अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ज्यादा सोचना और भटकना न पड़े। आम लोगों को भी तन मन धन से सेवा का अवसर मिले। जब गुरुद्वारे में सिख लोग रोज लंगर लगा सकते हैं तो उचित दूरी पर शिविर भी अधिकाधिक मात्रा में लगाए जा सकते हैं,क्योंकि कई बार जबरन नियमों को थोप कर सामाजिक अविश्वास उत्पन्न करने से बेहतर है, मध्यम मार्ग निकालना,जिससे न भावनाएं भड़के,न विश्वास आहत हो और सात्विकता के साथ सांप्रदायिक सौहार्द भी बरकरार रहे। वैसे भी सावन का पवित्र माह सृजन का प्रतीक है न की विध्वंस का।

## सोशल फोरम

# धैर्य और समर्पण का महीना

जब बादल इकट्ठे होकर जमीन को नहलाने लगें। जमीन हरी घास सी तौलिया बांध मंद-मंद मुस्काए। बीज अखुए फोड़कर सलाम करने खड़े हो जाएं। नदियां भर पेट पानी पीकर इतराएं। तालाब शरारती बच्चों की तरह जगह-जगह खिलकर फैले हों। मिट्टी मक्खन बनकर फूली हो। हरी-हरी काई,मखमल की तरह जमीन पर टंकी हो। हवा जब खुद में नमी का वजन लेकर बदन को ताजगी दे जाए। तब जर्रा-जर्रा मुस्कुरा के कहता है,यही तो सावन का स्वाद है। जो दिल सावन में न झूमे, जिसे सावन की नरमी तरावट न दे, जिसमें सावन का भोलापन मासूमियत न भरे, जिसका दिल बड़ा और बराबरी की गवाही न दे,वह भला फुहारों के बीच नाचते सावन को समझा ही कब। सावन तो हर एक को बराबर आनंद देने का उत्सव है।



हफीज किदवई
लेखक

धरती पर मौजूद हर हृदय, जिसमें प्रेम है, उसमें ही तो सावन की आहट होगी। हे सावन मेरे दिल को ढक लो ताकि इसमें मोहब्बत के सिवा कुछ न रह जाए। मेरे दिल को ऐसा कर दे,जो संसार भर का जहर पी तो सके मगर दूसरों पर उगल न सके। मुझे खुद में समाकर मेरा वजूद मिटा दो मेरे सावन। पार्वती जी ने सबसे खूबसूरत महीनों में से एक सावन में तप करके दुनिया का सबसे शक्तिशाली, मासूम और समर्पित प्रेम शिव हासिल किया था, इसलिए मेरे लिए यह माह प्रेम को पाने का महीना है।

यह महीना धैर्य और समर्पण का महीना है। खुद के अंदर से सुई की नोक बराबर भी नफरत को खत्म करने का महीना है और सबसे बड़ी बात पिछले पूरे चक्र में की गई गलतियों के प्रायश्चित का महीना है,जब दिल प्रायश्चित के बाद साफ हो जाए, तब उसमें पहला पांव शिव रखते हैं और जिस हृदय में शिव पांव रख दें,वहां और कुछ रह ही क्यों जाएगा सिवाए शिव शिव के। सावन मंद-मंद मुझे खुद में घोल दे रहा है। अगर सावन गुजरता रहे और इसकी आहटें दिल में मचलती रहें, तब भी किसी हृदय में नफरत रह जाए, तो पृथ्वी पर उससे अभागा भला कौन सा हृदय होगा। यह तो खुद को मिटकर प्रकृति के साथ झूमने का वक्त है। मेरे शिव के पैतियाने बैठकर,हरी चादर ओढ़े भारत भूमि को निहारते रहने कह वक्त है। -फेसबुक वॉल से

# समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास जरूरी



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

**सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते,तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है,जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए।**

प्रयाग विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र से एमए करने तथा भारतीय संस्कृति का अध्ययन करके धर्म और दर्शन के ज्ञान में कुछ वृद्धि की। तीर्थराज प्रयाग तथा देश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक राजधानी काशी में नियुक्ति के समय कुछ विद्वत जनों का स्नेह मिला। पुलिस अधीक्षक पौड़ी की नियुक्ति काल में मैं अधिकतर लक्ष्मण झूला, ऋषिकेश एवं हरिद्वार के बहुत से संत-महात्माओं के प्रवचनों को सुनने तथा उनसे वार्ता कर जिज्ञासा दूर करने का अवसर मिला, यद्यपि उन वार्ताओं में निराशा अधिक मिलती।

वर्ष 2010 में मुरादाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक था। एक दिन प्रातः घर के फोन ड्यूटी ने बताया कि शंकराचार्य जी आवास के फाटक पर खड़े हैं और सुरक्षा न मिलने से रुष्ट हैं। मैंने शंकराचार्य के विषय में पूछा तो वह नहीं बता सका, उनके सहायक ने फोन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शंकराचार्य जी हरिद्वार जा रहे हैं रास्ते के सभी जिलों में उन्हें सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट गाड़ी मिली, लेकिन यहां नहीं मिली जबकि डीजीपी कार्यालय ने वायरलेस से इसका आदेश दे दिया था। मैं तुरंत उनकी सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट लगा दूं और आकर उनसे माफी मांगू। मैं सोकर उठा ही था। मैंने दिखवाया तो पता चला ऐसा कोई आदेश नहीं आया है। मैंने उनके सहायक को आदेश न मिलने की बात बताकर पूछा कि वह कहां के शंकराचार्य हैं तो वह बोले कि काशी के हैं। मैंने कहा कि देश में कुल चार पीठ ही हैं, जहां शंकराचार्य जी होते हैं, उनमें काशी नहीं है। तब वह मुझे बरगलाना चाहा तो मैंने धमकाया कि फर्जी शंकराचार्य बनने पर जेल भेज दूंगा तब वह गलती मान गए। बात से पता चला सहायक जी मेरे गांव के पड़ोस के रहने वाले सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी थे। उनके आग्रह पर मैंने जनपद की सीमा तक एस्कॉर्ट लगा दी। उन्होंने मुझे बुलाकर शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने को कहा जिसे मैंने विनम्रता से मनाकर दिया।

देश में न जाने कितने स्वयंभू शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, विश्वगुरु, महामंडलेश्वर आदि हिंदुओं को बरगला रहे हैं और शिष्यों को धन का मोह त्याग ने का उपदेश देकर अपनी संपत्ति बढ़ा रहे हैं। आशाराम, राम रहीम तो कुछ ऐसे संत हैं, जिनको न्यायालय ने दंडित किया। देश में बहुत से ऐसे संत हैं जिन पर आरोप नहीं लगे या आरोप दबा दिए गए। बड़े नेताओं, अधिकारियों से संपर्क बढ़ाकर अकूत संपदा के स्वामी होने के बाद भी ऐसे धर्माचार्य जनहित या हिन्दू हित में शिक्षा, अस्पताल, अनाथालय, लंगर आदि चलाने में कोई रुचि नहीं लेते। यही नहीं, हिंदू धर्म में सदियों से व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में भी रुचि नहीं लेते।

सावन के कांवड़ मेले में ही रास्ते में सैकड़ों लंगर चला देते तो कांवड़ियों की भोजन समस्या समाप्त हो जाती और हिंदू-मुस्लिम होटलों का विवाद न होता। हिंदू धर्म में वर्ण तथा जाति व्यवस्था नासूर बनी हुई है, जिसके कारण बहुत से पिछड़े व दलित समाज के लोग ईसाई, मुस्लिम, बौद्ध धर्म में दीक्षित हो रहे हैं। यदि घूम-घूम कर ये संत इस व्यवस्था की आलोचना कर सभी हिंदुओं को बराबरी का संदेश देते, तो इस कुप्रथा का अंत हो गया होता। कुंभ मेलों मे संतों का स्नान जुलूस "शोभा यात्रा" निकालने में आगे पीछे चलने में ही विवाद होता रहता है, जबकि संतों को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, राग द्वेष आदि दुर्गुणों से मुक्त होना चाहिए। देश में बहुत से विद्वान, अनासक्त संत हैं, उन्हें आकर हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने हेतु ठोस प्रयास करना चाहिए।

हिंदू धर्म में प्रतिदिन नए पंथ, संप्रदाय बनते रहे हैं, उनके आचार्यों में शास्त्रार्थ होते रहते थे और पराजित संत जीते हुए का पंथ स्वेच्छा से स्वीकार कर लेता था। आदि शंकराचार्य का मीमांसक मंडन मिश्र से हुए शास्त्रार्थ में मंडन पराजित होकर शंकराचार्य के शिष्य बन गए थे। धर्मांधता हिंदुओं का गुण कभी नहीं रहा। हम समझ लें कि "धुआं भरा हो जिन आंखों में नफरत का,उनसे कोई ख्वाब न देखा जाएगा।" सैकड़ों वर्षों देश पर मुस्लिम और ईसाई के द्वारा राज करने के बाद भी हिंदू धर्म न केवल बचा है, अपितु पल्लवित-पुष्पित हो रहा है। हमारे संत विश्व में हो रहे नव जागरण, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक उन्नति को दृष्टि में रखकर हिंदुओं को जागृत करें, जिससे देश और समाज प्रगति कर सके।

# जरूरतों को सीमित करना आवश्यक

दुनिया में बढ़ रहा है मिनिमलिज्म यानी कम सामानों में बेहतर जिंदगी कैसे जिए,अगर आप अपने जीवन को सरल और सहज बनाने की सोच रहे हैं तो जरूरतों को सीमित करना होगा। यह तनाव कम करने और बचत करने का बेहतर तरीका होगा। इसका अर्थ है जीवन जीने के लिए कम से कम वस्तुएं खरीदना और उनका उपभोग सही तरीके से करना। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का उदाहरण है,जिन्होंने अपना जीवन बहुत साधारण तरीके से जिया बहुत कम कपड़ों में गुजारा किया। अति सूक्ष्मवाद को अपनाया और अपना सारा पैसा दान कर दिया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

मिनिमलिज्म की शुरुआत आप अपने विचारों में परिवर्तन कर उपयोग में न आने वाली चीजों को दानकर अलमारी में भरे हुए अनावश्यक कपड़ों, जूतों, चप्पलों आदि को दूसरों को देकर कर सकते हैं। सभी इंसानों को और अधिक की चाह होती है, अधिक कपड़े, नए नए गजेट, ज्यादा घूमना, ज्यादा शॉपिंग, ज्यादा पार्टियां और न जाने क्या क्या, इसके लिए हम ज्यादा कमाना चाहते हैं और ज्यादा खर्च करना भी, लेकिन इससे अगर खुशी मिलती तो ऐसा करने वाले सब खुश दिखाई देते।

रिसर्चगेट की एक स्टडी में बताया गया है कि मिनिमनिज्म एक लोकप्रिय जीवनशैली है। इसे अपना कर लोग अपनी खुशी से कम संपत्ति और सीमित संसाधन के साथ जी सकते हैं। ऐसे लोगों में जागरूकता सहनशीलता व सकारात्मक सोच पैदा होती है और मानसिक शांति मिलती है। मिनिमलिज्म का मंत्र है, 'कम ही ज्यादा' है। मिनिमलिज्म का मतलब है कि आप अपनी जरूरत की चीजें ही खरीदें, बजाय इसके कि आप जो चाहें वो खरीद लें। कोई भी सामान लेने पहले एक बार जरूर सोचे।

# केंद्रीय बजट को व्यापारियों ने सराहा, किसानों ने जताई नाराजगी

## व्यापारी बोले- सोना-चांदी, मोबाइल फोन और दवाइयां सस्ती होने से लोगों को मिलेगा लाभ, भाजपा नेताओं ने की प्रशंसा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा में मंगलवार को पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसानों, युवाओं, बच्चों के अभिभावकों और व्यापारियों को साधने की कोशिश की। बजट देखने के लिए सुबह से ही लोग टीवी की स्क्रीन पर निगाह बनाए रहे।

इस बजट से लोगों को काफी उम्मीदें थीं। इसे लेकर व्यापारी वर्ग सुबह से ही टीवी स्क्रीन के सामने बैठकर बजट देखते रहे। सुबह 11 बजकर कुछ मिनट पर बजट पेश होना शुरू हुआ तो लोगों की धड़कनें तेज हो गईं। किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। हालांकि, बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि में बढ़ोतरी और एमएसपी को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई है। इस पर किसानों ने नाराजगी जताई।

उधर, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत माता-पिता अपने नाबालिग बच्चे के नाम पर निवेश कर सकेंगे। नई कर व्यवस्था के तहत कर दर संरचना में 0 से 3 लाख रुपये तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे कम आय वाले लोगों को राहत मिलेगी। मोबाइल फोन, चार्जर पर सीमा शुल्क घटाया जाएगा। इससे मोबाइल और उसके उपकरण सस्ते होंगे। कैंसर के मरीजों के लिए तीन और दवाओं को सीमा शुल्क से मुक्त किया जाएगा।

सोने और चांदी पर सीमा शुल्क छह फीसदी और प्लेटिनम पर 6.4 फीसदी सीमा शुल्क घटाया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त घरों की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत लोगों को नया व्यापार शुरू करने के लिए बिना गारंटी के 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। हालांकि, इस बजट में अब इस सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। इसे लेकर लोगों ने प्रशंसा की है।


हसनपुर में टीवी की स्क्रीन पर बजट देखते व्यापारी। ● अमृत विचार


वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में करदाताओं को उम्मीद से बहुत कम राहत दी गई है। वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ाकर 75 हजार कर दिया गया है। इससे उन्हें राहत मिलेगी। व्यापारियों के लिए टैक्स की दरों को थोड़ा कम किया गया है। दोनों कर व्यवस्था को एक करने की घोषणा की गई है। इससे करदाताओं को लाभ होगा। **-मशकूरुल हसन एडवोकेट, अध्यक्ष, सेक्रेटरी जिला टैक्स बार एसोसिएशन**


केंद्रीय बजट में विकास की रफ्तार तेज करने पर फोकस किया गया है। युवाओं, किसानों व व्यापारियों के लिए बजट अच्छा है। मोबाइल, सोना-चांदी सस्ता होने से आम आदमी खुश है।
**- उदयगिरी गोस्वामी जिलाध्यक्ष, भाजपा**


बजट जनविरोधी है। इसमें किसानों, युवाओं व व्यापारियों के लिए कुछ नहीं है। किसान कर्ज माफी की उम्मीद लगाए बैठे थे। युवाओं को रोजगार की उम्मीद थी। सबको निराशा मिली है।
**- ओंमकार सिंह कटारिया जिलाध्यक्ष, कांग्रेस पार्टी**


बजट किसान, नौजवान, मजदूर सभी के लिए महत्वकांक्षी है। अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों की आय बढ़ेगी। गरीब, मजदूरों के मकान बनेंगे। बजट सभी वर्गों के लिए खास है।
**- डॉ. हरि सिंह ढिल्लो एमएलसी**


बजट अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। हर वर्ग के लोगों का विकास होगा। रोजगार का प्रावधान है। व्यापारियों के लिए भी अच्छा है। मोबाइल, सोना चांदी सस्ता होगा। जनहित का बजट है।
**- अभिनव कौशिक, जिला महामंत्री, भाजपा**


बजट विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आर्थिक दस्तावेज है। यह बजट सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी है। किसानों, युवाओं की आशाओं व संकल्पों को सिद्ध करने वाला है।
**- सत्यपाल तोमर, जिलाध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी**


इस बजट से निराशा मिली है। सबसे ज्यादा उम्मीद किसानों, युवाओ, महिलाओं को थी। महंगाई कम करने के लिए प्रावधान की उम्मीद थी। निवेशों पर भी टैक्स बढ़ा दिया गया।
**- मोहम्मद हैदर, प्रांतीय अध्यक्ष रुहेलखंड प्रांत आम आदमी पार्टी**


व्यापारियों के लिए बजट निराशाजनक है। इनकम टैक्स स्लैब में प्रावधान नहीं है। सोना, चांदी सस्ता होने पर सर्राफ व्यापारियों व आम आदमी को भी लाभ मिलेगा। यह अच्छा फैसला है। **- कुंवर विनीत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष, पश्चिमी उप्र उद्योग व्यापार मंडल**


बजट में किसानों को हताशा और निराशा ही हाथ लगी। एमएसपी पर फसलों की खरीद की गारंटी का जिक्र नहीं है। किसानों की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर बजट खरा नहीं उतरा।
**- नरेश कुमार, जिला प्रवक्ता भाकियू (असली)**


खेती को घाटे से उभारने के लिए व्यवस्था नहीं की गई। किसानों को 50 फीसदी मार्जिन मनी देने का वादा पूरा किया गया है। महंगाई समायोजित करने के बाद बजट में वृद्धि नाममात्र की है। **- नरेश चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा)**


किसान की अनदेखी कर सरकार दूसरे सहयोगियों से मिलकर चल रही है। महंगाई बढ़े तो किसान की कमाई भी बढ़नी चाहिए। रोजगार घटने का असर बजट पर दिखाई दिया है।
**- गुरमीत सिंह, युवा प्रदेश महासचिव भाकियू (अराजनैतिक)**


बजट से किसानों व मजदूरों को निराशा मिली है। उनकी आय दोगुनी नहीं होगी। फसल का उचित मूल्य कैसे मिले। गांवों में शिक्षा व चिकित्सा में कैसे सुधार हो। इनके लिए प्रावधान नहीं किया गया।
**- डॉ. सुमित कुमार नागर, राष्ट्रीय सचिव, भाकियू (लोकशक्ति)**


इस बजट से आयकर रिटर्न की जटिलता कम होगी। वेतन पर लगने वाले कर में कमी आएगी। लेकिन कर दाताओं में निराशा है। हालांकि बजट से कई उम्मीदें पूरी हुई हैं। **-सैफुल हसन एडवोकेट ज्वाइंट सेक्रेटरी, जिला टैक्स बार एसोसिएशन**

## एक नजर

### रहरा पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**बुरावली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। थाना रहरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि ओमदत्त निवासी गांव पथरा एक मुकदमे में वारंटी थी, उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया।

### जेई पर रिश्वत मांगने का आरोप, शिकायत की

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 14 के सभासद चौधरी कपिल सिंह ने मुख्यमंत्री के नाम भेजे शिकायती पत्र में जेई पर एस्टीमेट बनाने के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। बताया कि कई बार बताने के बाद भी उनके वार्ड भानपुर में पुलिया का कार्य जेई ने पूरा नहीं कराया है। आरोप है कि जेई भाजपा से जुड़े सभासदों को परेशान कर रहा है। उन्होंने जेई को बदलने की मांग की है।

### मनीष बने थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मंगलवार को इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना को सिविल लाइंस थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। मनीषा सक्सेना इससे पहले जनपद के कई थानों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। एसएसपी ने दो दिन पहले ही आनलाइन मीटिंग में लापरवाही बरतने वाले सिविल लाइंस थाने के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया था।

# विशेष लोगों को फायदा पहुंचाने वाला बजट

संवाददाता, गजरौला/ हसनपुर

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट को विपक्षी पार्टियों के नेताओं व किसान नेताओं ने विशेष लोगों को फायदा पहुंचाने वाला बताया है। सपा के जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक ने कहा कि बजट में किसानों के साथ अन्याय किया गया है। स्वास्थ्य और रक्षा बजट में भी कटौती, शिक्षा पर विशेष ध्यान नहीं, पहले रोजगार पर कांग्रेस के घोषण पत्र की आधी कॉपी, स्थायी रोजगार देने पर सरकार का फोकस नहीं रहा।

सरकार बचाने के लिए बिहार और आंध्र को विशेष पैकेज, उद्योगपति मित्रों को फायदे के प्रावधान, मंहगाई को कम करने में सरकार की रुचि नहीं दिखी। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष नफीस मेवाती ने कहा कि बजट हमेशा की तरह देश के पूंजीपतियों को खुश करने के लिए बनाया गया है। बजट से किसान, मजदूर व युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। बजट पूरी तरह निराश करने वाला रहा है। उधर, हसनपुर में बजट से कुछ लोगों की उम्मीदें पूरी हुई हैं तो कुछ ने उससे नकार दिया है। बजट को व्यापारियों ने हित में बताया तो कुछ ने कहा कि कुछ और सकता था लेकिन सरकार नहीं किया। किसानों ने कहना है कि यह बजट सिर्फ उनके के लिए दिखावा है।


विपिन, जिला कोषाध्यक्ष, सपा


नफीस, जिलाध्यक्ष भाकियू (चढ़ूनी)


बजट जनता की उम्मीदों को देखकर पेश किया गया है। इसमें हर वर्ग के लिए प्रावधान है। हालांकि व्यापारियों को लाभ मिलने की अधिक उम्मीद थी। लेकिन उतनी मिल नहीं पाई है।
**- मुकेश गुप्ता, व्यापारी**


बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें व्यापारी, किसान, आम जनता के लिए बहुत कुछ है। लेकिन इसमें व्यापारी वर्ग के लिए और भी लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा सकता था।
**- तरुण अग्रवाल , व्यापारी**


केंद्रीय बजट में व्यापारी वर्ग के लिए टैक्स में छूट दी गई है। तीन लाख तक की आय पर व्यापारी को अब कोई भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा। बजट पूरी तरीके से व्यापारी हित में है। यह सराहनीय है।
**- अंकुर अग्रवाल, व्यापारी**


हर वर्ग को राहत पहुंचाने वाला बजट है। आर्थिक विकास की गति देने वाला, शिक्षा और स्किल को नई ऊर्जा देने वाला बजट है। इसमें विकसित भारत बनाने के लिए लक्ष्य को ध्यान में रखा गया है।
**- सुरमित गुप्ता, अधिवक्ता**

## टूटीं सड़कों और गंदगी के बीच होकर जा रहे कांवड़िये

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर में कांठ रोड़ पर स्थित पेपर मिल के मोहल्ला शान्तिनगर के कांवड़ियों का जत्था मंगलवार को रवाना हो गया। कांवड़ियों को यहां की जर्जर सड़क व कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ा। कांवड़ियों को विदाई देने पहुंचे लोगों ने गंदगी और कीचड़ को लेकर नाराजगी जताई।

पेपर मिल के मोहल्ला शान्तिनगर की टूटी सड़क, कीचड़ और गंदगी की समस्या को लेकर भाजपा नेता अभिनव गुप्ता ने छह जुलाई को अधिशासी अभियंता रजनी सिंह व नगर अध्यक्ष गुलरेज खान से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की थी। अभिनव गुप्ता व मोहल्ले के लोगों ने आठ जुलाई को जिलाधिकारी अनुज सिंह को ज्ञापन देकर सड़क के गड्ढों की मरम्मत की मांग की थी।

# बजट में कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहल प्रशंसनीय

संवाददाता, मंडी धनौरा/अमरोहा

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट को महिलाओं ने अपने हित में बताया है। इसके लिए उन्होंने प्रशंसा की है। भाजपा नेताओं ने इसे देश की तरक्की में अहम भूमिका निभाने वाला बजट बताया है।


यह बजट युवा, महिला किसान, गरीबों को समर्पित है। इसमें विकसित भारत की नींव है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत में अहम साबित होगा। - **राजीव तरारा , विधायक, मंडी धनौरा**


बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें महिलाओं व आम जनता के लिए बहुत कुछ है। देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर फोकस रखा गया है। **- नैना अग्रवाल**


बजट में युवाओं, किसानों के लिए घोषणा नहीं की गई। अल्पसंख्यकों के लिए योजना नहीं है। महंगाई को कम करने के लिए कोई उपाय नहीं है।
**-परवेज अली, पूर्व एमएलसी**


केंद्रीय बजट झुनझुना है। इस बजट से आम लोगों को लाभ नहीं होगा। किसान सम्मान निधि की राशि में बढ़ोतरी नहीं की है। मुफ्त बिजली, सस्ती खाद, खेती के उपकरणों पर राहत देनी चाहिए। **- मानव त्यागी**


बजट सराहनीय है। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास स्थापित करेगी। **- कुसुम अग्रवाल जिला महामंत्री, महिला मोर्चा भाजपा**

# आवासों पर कार्रवाई न करने की मांग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नागरिकों ने एमडीए के सहायक अभियंता को मुरादाबाद मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन सौंपा। मास्टरप्लान लागू होने से पहले सृजित हुई कॉलोनियों व आवासों पर कार्रवाई नहीं करने और उनके स्वामियों को परेशान न करने की मांग की।

मंगलवार को नागरिक एमडीए कॉलोनी स्थित एमडीए कार्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने बताया कि मास्टरप्लान लागू हुए कुछ ही माह हुए हैं। लेकिन आवासों के स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं। उनकी कालोनियों व आवासों को एमडीए अवैध बताया रहा है। इससे नागरिक परेशान हैं। नागरिकों ने मंडलायुक्त से अनुरोध किया कि वह एमडीए को आदेश करें कि मास्टरप्लान से पूर्व में सृजित हो चुकीं कॉलोनियों व बने आवासों पर कार्रवाई न हो। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौधरी वेदपाल सिंह, ब्रजपाल सिंह, विचित्र भाटी, आयुष चौधरी, नवीन गर्ग, राजवीर सिंह, दीपक सिंह, निसार सैफी, अहसान सैफी, गोपाल अग्रवाल, देशवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, अनुज कुमार, सोमवीर सिंह, अरविंद वर्मा आदि मौजूद रहे।


गजरौला में एमडीए के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

## युवती से दुष्कर्म के बाद शादी से मुकरा मंतेगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना नागफनी क्षेत्र की युवती से बिजनौर निवासी मंगेतर ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत करके मदद की गुहार लगाई है।

नागफनी क्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि उसका रिश्ता बिजनौर के नगीना थाना क्षेत्र के मोहल्ला पंजाबीयान निवासी युवक से हुआ था। पांच दिसंबर 2020 को मंगनी करने के बाद निकाह के लिए 28 जून 2024 की तारीख तय की गई थी। आरोप है कि मंगेतर उससे फोन पर बातें करने लगा। सिविल लाइंस की जिगर कालोनी में उसके भाई का घर है। दो फरवरी 2023 वह उसी घर में आया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# बारिश से मौसम सुहाना, गर्मी से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले के कई हिस्सों में मंगलवार शाम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। उधर, बारिश के पानी से शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया। बुधवार को भी बूंदाबांदी के आसार हैं।

जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई तो कई जगहों पर सूखा रहा। मंगलवार को दिन भर धूप खिली। लेकिन शाम को ठंडी हवा चलने लगी। शाम छह बजे आसमान में काले बादल उमड़ आए। तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई। एक घंटे की तेज बारिश से शहर का मुख्य बाजार, कोतवाली, आजाद रोड, बिजनौर रोड, कोतवाली गेट सहित अन्य इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया।

उधर, लोगों को भी आवागमन में दिक्कत हुई। हालांकि बारिश से मौसम सुहाना हो गया। उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की। इसके अलावा झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे। इस सप्ताह से गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती के चलते फसों की सिंचाई नहीं हो पा रही थी। मंगलवार को हुई बारिश फसलों के लिए अमृत बनकर बरसी।


बारिश के बीच मार्ग पर जाते वाहन सवार। ● अमृत विचार

# ब्लॉकों में दो दिन बनेंगे दिव्यांगों के प्रमाणपत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **मंगलवार को दो स्थलों पर लगे शिविर, कुल 55 आवेदकों की जांची गई दिव्यांगता**

**अमृत विचार :** दिव्यांगों के प्रमाणपत्र बनाने और उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। यह शिविर प्रत्येक ब्लॉक में लगातार दो दिन लगेंगे। सीएमओ ने ब्लॉक वार तिथियां का निर्धारण करते हुए रोस्टर भी जारी कर दिया है।

संबंधित तिथियों पर शिविर के आयोजन में उपस्थित होने वाले डॉक्टरों की ड्यूटी भी लगा दी हैं। इसी क्रम में रोस्टर के तहत पहले दिन सोमवार-मंगलवार को महानगर में जिगर कॉलोनी में स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय में शिविर लगा। यहां दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकिशोर, आर्थो सर्जन डॉ. शेर सिंह कक्कड़, नेत्र सर्जन डॉ. मानिका शैल ने दिव्यांगों की दिव्यंगता का मूल्यांकन किया। मंगलवार को शिविर में इन विशेषज्ञों ने 6 दिव्यांगों के प्रमाण पत्र जारी करने की संस्तुति की है। इसी तरह दूसरी कांठ सीएचसी क्षेत्र में उमरी कलां में दिव्यांग शिविर लगाया। यहां ईएनटी सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, नेत्र सर्जन डॉ. जूही सक्सेना, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद वसीम खान, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.धनंजय ने दिव्यांगता का मूल्यांकन किया है। शिविर में 49 दिव्यांग शामिल हुए। जिनमें 40 व्यक्तियों में दिव्यांगता 40 प्रतिशत या इससे अधिक पाए जाने पर उन्हें दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने के लिए संस्तुति जारी की है। सात लोगों के आवेदन निरस्त हुए हैं।

**विरोध** लेखपाल संघ के सदस्यों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# लेखपाल का निलंबन निरस्त कराया जाए

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव नगलिया मेव में लेखपाल को बंधक बनाकर पीटने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस मामले में लेखपाल के निलंबन को निरस्त कराने की मांग को लेकर लेखपाल संघ के सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

बताया गया कि बीते दिनों लेखपाल तरेश राणा अवैध निर्माण की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा था कि लेखपाल शराब के नशे में अवैध हथियार लेकर मौके पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने धमकाते हुए बदसलूकी की थी। जांच में अल्कोहल की पुष्टि होने पर उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने लेखपाल तरेश राणा को निलंबित कर दिया था। इस मामले में मंगलवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के सदस्य धरने पर बैठ गए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि साथी लेखपाल तरेश राणा उच्चाधिकारियो के आदेश पर अवैध निर्माण की सूचना के बाद मौके पर गए थे। जहां उनको बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की गई थी। मामले में गजरौला थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी। लेकिन अभी तक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। लेखपाल तरेश राणा के निलंबन के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। मांगे पुरी नहीं होने तक तहसील धनौरा के समस्त लेखपाल कार्य बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन देने वालों में विकास यादव, अनुज सैनी, विमल शर्मा, अमित वर्मा, अमित कुमार, मुज्जमिल खान, आदर्श आदि शामिल हैं।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लेखपाल संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

# लाखों रुपये का माल, नकदी स्मैक के साथ शातिर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** आदर्श कालोनी में रहने वाले स्मैक तस्कर व चोरी के आरोपी को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 ग्राम स्मैक के साथ ही 39 तोला सोना, आधा किलो चांदी, 2.64 लाख की नकदी बरामद की है। इस मामले में आरोपी अमित समेत पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर की है।

सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि फकीरपुरा चौकी प्रभारी रीता तेवतिया की टीम ने गश्त के दौरान सोनकपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास से आदर्श कालोनी निवासी अमित को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 40 ग्राम स्मैक, भारी मात्रा में सोने-चांदी के गहने और सोने के तीन हार, दो कंगन, चेन समेत तीन लॉकेट, दो सादा लॉकेट, एक चैन, 13 अंगूठी, छह जोड़ी झुमके, एक टाप्स, एक बाली, नथ समेत 38.6 तोला सोना, 508 ग्राम चांदी और दो लाख 64 हजार 100 रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी अमित अपने साथी आदर्श कालोनी निवासी अरविन्द, उसकी पत्नी सुमन के साथ मिलकर चरस और स्मैक की खरीद फरोख्त करता था। अरुण और अमित पुत्र प्रदीप के साथ आसपास के जिलों और राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता हैं।

सीओ अर्पित कपूर ने बताया कि चोरी किए गए गहनों को ठिकाने लगाने के लिए वह अरविंद और उसकी पत्नी सुमन को दे देता था।

## 5 अगस्त को होगी सांगीतिक प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अगर आपका बच्चा संगीत में रूचि रखता है। तो उसके कॅरिअर के लिए सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र सुनहरा मौका लेकर आया है। केंद्र की ओर 5 अगस्त को प्रदेश स्तरीय सांगीतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र की संचालिका संगीता सिक्का ने बताया कि कक्षा 7 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रदेश स्तर की सांगीतिक प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत भवन सिविल लाइंस में 5 अगस्त को होगा। केंद्र द्वारा निशुल्क सातवीं अंतर प्रादेशिक सांगीतिक प्रतियोगिता हैं। देश के दस शहरों में यह प्रतियोगिता निशुल्क आयोजित होगी।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

## एक नजर

### एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा 2024 का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा की आंसर की और मेरिट भी जारी कर दी गई है। प्रमुख समन्वयक प्रवेश परीक्षा प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मेरिट देख सकते हैं। एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को हुई थी। परीक्षा में एलएलबी में 3330, एलएलएम में 822 और एमएड में 650 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

### कोर्ट के आदेश पर चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट

काशीपुर, अमृत विचार : बोरिंग के लिए कार्य पर लाए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। मामले में मृतक की पत्नी ने चार लोगों पर हत्या किये जाने का शक जताया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चारों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला मुरादाबाद थाना भगतपुर के ग्राम बढ़ापुर मंझरापुरी निवासी किरनवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि भूपेंद्र सिंह व हरिओम सिंह निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी, अशोक सिंह व हरि सिंह निवासी ग्राम बढ़ापुर मंझरापुरी जिला मुरादाबाद उसके पति रामपाल सिंह को बोरिंग करने की बात कहकर काशीपुर लेकर आए थे। बीती 30 अप्रैल को बोरिंग के कार्य में देरी होने पर भूपेंद्र सिंह व हरिओम सिंह ने उसके पति को लक्ष्मीपुर पट्टी स्थित भूपेंद्र सिंह के मकान में रोक लिया था। एक मई 2024 की सुबह उसके जेठ धर्मपाल सिंह को अशोक सिंह ने बताया तुम्हारे भाई रामपाल सिंह की छत से गिरकर मौत हो गई है।

### बाइक सवारों ने खनन कर्मी पर किया हमला

रुद्रपुर, अमृत विचार : करतापुर रोड स्थित चेक पोस्ट पर अपनी ड्यूटी कर रहे खनन कर्मी पर बाइक सवार बदमाशों ने हमला बोल दिया और कर्मचारी के सिर पर ईंट मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्राम बिडऊ थाना कैमरी बिलासपुर निवासी आदेश कुमार ने बताया कि वह सहकर्मी अजय सिंह, विजय कुमार, विशाल सिंह के साथ ग्राम करतापुर रोड स्थित कैलाश रिवर बेड मिनरल्स एलएलपी के समीप माइनिंग चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहा था कि 21 जुलाई की रात्रि 11 बजे बाइक पर सवार तीन युवक आये और बिना रॉयल्टी दिखाए गाड़ियां निकालने की बात कहने लगे। बाद में हमला कर दिया।

# छात्रा से छेड़छाड़ के दोषी को 7 साल की सजा

## स्कूल में सफाई कर्मी ने की थी छेड़छाड़, कोर्ट ने 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने छात्रा से छेड़छाड़ करने के आठ साल पुराने मामले में आरोपी को दोषी माना है। दोषी को सात साल की कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार एक महिला ने पुलिस को 6 दिसंबर 2016 को तहरीर देकर बताया कि उनकी पांच साल की बेटी शहर के प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ती है। दो दिसंबर को वह स्कूल से वापस घर आई थी। छात्रा ने बताया कि वह बाथरूम करने जाती है तो स्कूल के स्वीपर रमेश अंकल पोंछा धोने की बात कहकर उसे पीछे बाथरूम में चले आते हैं। उसके साथ अश्लील हरकतें करते हैं। उसके प्राइवेट पार्ट भी छूते हैं। किसी को बताने पर बाथरूम में बंद करने और जान से मारने की धमकी देते हैं। महिला ने अगले दिन स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया लेकिन बात नहीं हो सकी। महिला ने स्कूल प्रशासन को घटना से अवगत कराया। अपनी बेटी के बयान भी दिलाए। स्कूल प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो घटना सही निकली। महिला को आरोपी स्वीपर के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना सही होने के बाद भी स्कूल प्रशासन ने आरोपी स्वीपर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। महिला का आरोप था कि स्वीपर पर कार्रवाई न करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि गंभीर प्रकरण के बाद भी स्कूल प्रबंधन लापरवाह और अपराध को बढ़ावा दे रहा है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने स्कूल के स्वीपर शहर के मोहल्ला लोटनपुरा निवासी रमेश पुत्र प्यारे के खिलाफ पॉक्सो, छेड़छाड़ और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। जिसके बाद वह जमानत पर जेल से रिहा हो गया था। विवेचक संत प्रसाद उपाध्याय ने जांच करके रमेश के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी, वीरेंद्र वर्मा, प्रदीप भारती और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी को दोषी माना। उसकी जमानतें निरस्त करते हुए सजा सुनाई। जेल में व्यतीत की गई अवधि उसकी सजा में समायोजित की जाएगी।

### मुश्किल से बताते हैं बच्चे, उसमें भी की गई लापरवाही

फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश दीपक यादव ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में सत्यता साबित होने पर स्वीपर के खिलाफ स्कूल प्रबंधन द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए थी। पीड़िता किसी को बताएगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। ऐसे मामलों में बच्चे बड़ी मुश्किल से कोई बात अपने माता-पिता को बता पाते हैं। उसके बाद भी कार्रवाई के नाम पर लीपापोती का प्रयास किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि पीड़िता का स्कूल में काम करने वाले सफाईकर्मी ने लैंगिक उत्पीड़न किया। अबोध बालिका घटना से सदमे में रही है। विद्यालय प्रबंधन जिसका पहला दायित्व बच्चों की सुरक्षा करना होता है ने कि अपने दायित्वों से पल्ला झाड़ लेना। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज होने के बावजूद न तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की और न ही पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज उपलब्ध कराई।



# थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से लापता हुईं दो युवतियां

रुद्रपुर, अमृत विचारः थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में दो युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। बताया कि एक युवती कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी, जबकि दूसरी युवती घर के बाहर घूमने गई थी और मानसिक रूप से बीमार भी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

फुलसुंगी थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 22 जुलाई की शाम पांच बजे कोचिंग सेंटर गई थी और जब देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

उधर, थाना ट्रांजिट कैंप के गांधी नगर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 10 जुलाई की शाम सात बजे उसकी भांजी घर के बाहर घूमने गई थी और जब काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बताया कि उसकी बेटी मानसिक रूप से कमजोर भी है।

## सार संक्षेप



जीत की खुशी में मिठाई खिलाते चेयरमैन। ● अमृत विचार

### चिकित्सालय समिति एवं नगर पालिका ने मुकदमा जीता

बिलारी, अमृत विचार : राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की भूमि के मामले में राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय संघर्ष समिति एवं नगर पालिका परिषद की जीत हुई है। जिस पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं सभासद दिवेश शर्मा सभी को बधाई दी। मुकदमा जीतने पर डॉ. राकेश रफीक, प्रेम कुमार प्रेम, नोमन जमाल, डॉ. जितेंद्र दक्ष, तिलक राज चांदना, केपी सिंह राना, बबलू मसूदी, हसीब अहमद, आफाक हुसैन, सुमित टंडन, प्रदीप शर्मा, अशोक शर्मा, वारिस पाशा, विक्रांत, विशाल, हिलाल अकबर ने खुशी जताई।

### दो घरों से हजारों का सामान चोरी

कांठ, अमृत विचार : चोरों ने तीन घरों में नकब लगाकर हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। पुलिस ने घटनास्थल का दौराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्राम बेगमपुर निवासी भूरे पुत्र बुद्धू के घर में चोरों ने नकब लगाया। परंतु वहां उन्हें कोई सामान नहीं मिला। चोरों ने रिजवान एवं उसके सगे भाई इंतजार के घर में पीछे की दीवार में नकब लगाया, जिसमें रिजवान के घर से जेवर एवं 6000 रुपये की नकदी, कपड़े ले गए। इसके बाद मौलाना शमशेर के स्कूल में नकब लगाकर दो पंखे चुरा लिए। मंगलवार को सुबह चार बजे रिजवान की आंख खुली तो वह दंग रह गया। उसने घटना की जानकारी पत्नी एवं भाई को दी। ग्रामीणों ने जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर उपनिरीक्षक मदनपाल सिंह राणा, रमेश चंद्र यादव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और मुआयना किया। पुलिस ने ग्रामीणों को चोरी की घटना का खुलासा कर माल बरामद करने का आश्वासन दिया।

### आधार कार्ड बनाने की मशीन ठीक कराने को दिया ज्ञापन

कुंदरकी, अमृत विचार : डाकघर में लंबे समय से खराब पड़ी आधार कार्ड बनाने की मशीन को सही कराने के संबंध में कुंदरकी के सभासदों ने एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा गया। सभासदों ने बताया कि राशन कार्ड की केवाईसी कराई जा रही है, जिसमें कुछ लोगों को आधार कार्ड अपडेट कराने की जरूरत है। लेकिन कुंदरकी के डाकघर में आधार कार्ड बनाने वाली मशीन लंबे समय से मशीन खराब है। लोगों को इसके लिए मुरादाबाद या बिलारी जाना पड़ रहा है। जिससे उनका बहुत समय बर्बाद होता है। ज्ञापन देने वालों में सभासद मोहम्मद नदीम, नजीर अहमद, अख्तर रजा, रूबी, निशा परवीन, चांद बाबू, रफीक अहमद, रुखसार परवीन और नाजिम उस्मानी, राशिद सैफी मुख्य रूप से शामिल रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर,अमृत विचार :पॉक्सो कोर्ट से गैर जमानती वारंट प्राप्त कर थाना आईटीआई पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीती 22 जून को थाना आईटीआई के अंतर्गत एक गांव की महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई थी। इस पर पुलिस ने धारा 363, 366, 376, 452, 504, 506 आईपीसी व 3/4 पॉक्सो अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान आरोपी बादल निवासी ग्राम मुकंदपुर थाना आईटीआई अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था।

# मां के पास सोया था बच्चा सुबह चारपाई पर मृत मिला

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

- बच्चे का गला सूजा था, परिजनों को हत्या की आशंका, पोस्टमार्टम में बीमारी से मौत की पुष्टि

अमृत विचार : मानसिक मंदित मां के साथ रात में सोया छह साल का बच्चा अगले दिन सुबह मृत मिला। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। बच्चे की गला दबाकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई है।



कुलदीप का फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मिठामई निवासी मोहित की शादी 14 साल पहले थाना उसहैत क्षेत्र के गांव असमय रफतपुर निवासी प्रीति से हुई थी। उनकी एक बेटी मोहिनी, दूसरे नंबर का बेटा कौशल, सबसे छोटा बेटा कुलदीप (6) था।

सोमवार रात कुलदीप अपने पिता मोहित के पास जाकर सो गया। रात लगभग एक बजे प्रीति मोहित के पास आई और कुलदीप को उठाकर ले गई। जिसके बाद मंगलवार सुबह कुलदीप मृत मिला। बच्चे की मौत से घर में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां मोहित ने बताया कि प्रीति मानसिक मंदित है। पांच साल से उसका इलाज चल रहा है। वह कई बार बच्चों के अलावा उन पर और परिजनों पर हमला कर चुकी है। परिजन उससे बचकर रहते हैं। रात में प्रीति उनके पास से कुलदीप को ले गई थी। मंगलवार सुबह देखा तो कुलदीप का शव मिला। उसका गला सूजा हुआ था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गला दबाकर हत्या की गई हो। वहां उसकी मां के अलावा कोई और नहीं था।

# जल्द ही तुझे गोली मारकर निपटा देंगे

रुद्रपुर, अमृत विचारः थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में खाकी का खौफ खत्म होता जा रहा है। जिसके चलते वहां के रहने वाले एक युवक ने आप बीती वीडियो बनाकर वायरल की है। पीड़ित का कहना था कि युवक ने साथियों के साथ मिलकर दो बार जानलेवा हमला कर घायल कर दिया और अब धमकी दे रहा है कि उसने चार पिस्टल मंगवा ली है, जल्द ही गोली मारकर हत्या की जाएगी। उधर पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद जांच शुरू कर दी है।

ट्रांजिट कैंप के साक्षी पुरम निवासी राजीव गंगवार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर जीविका चलाता है, लेकिन वहीं का रहने वाला एक युवक बेवजह रंजिश रखता है। 10 जून को जब वह सामान खरीदने बाजार गया था तो आरोपी युवक ने साथियों के साथ मिलकर उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आरोप था कि हमले के बाद लगातार आरोपी युवक फोन पर धमकी दे रहा है कि उसने चार पिस्टल मंगवा ली है और जल्द ही गोली मारकर हत्याकांड को अंजाम दिया जाएगा।

# बीए व बीएससी जीव विज्ञान की चौथी मेरिट हुई जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में मेरिट में शामिल विद्यार्थी बुधवार को प्रवेश ले सकेंगे
- प्रथम चरण में पंजीकृत छात्रों के कल तक होंगे प्रवेश

अमृत विचार : बरेली कॉलेज ने स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की चौथी मेरिट जारी कर दी है। मेरिट में शामिल छात्रों को बुधवार को ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश लेना होगा। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रथम चरण में पंजीकृत छात्रों के प्रवेश 25 जुलाई तक कर सीट लॉक करने के निर्देश महाविद्यालयों को दिए हैं। इसके बाद द्वितीय चरण के प्रवेश होंगे।

कॉलेज की मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष की चौथी मेरिट की कटऑफ सामान्य महिला 59.100-58.395, ओबीसी ओपन-60.577-59.395, महिला-59.315-58.849, एससी ओपन-49.898-44.284, महिला-44.172-41.309 रही है। वहीं बीएससी जीव विज्ञान की चौथी कटऑफ सामान्य महिला-70.648-70.188, ओबीसी ओपन-73.211-71.575, महिला-71.457-71.053, एससी ओपन-64.599-61.350, महिला-61.053-60.324 रही है।

### बीएससी जीव विज्ञान की दूसरी मेरिट की जारी

बरेली, अमृत विचार : रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की है। मेरिट में शामिल छात्राओं को 24 से 26 जुलाई तक सुबह 10 :30 से दोपहर 2 :30 बजे तक प्रवेश ले सकेंगी। छात्राओं को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए शैक्षिक और अन्य दस्तावेज की मूल और छायाप्रति लानी होगी। प्राचार्य के मुताबिक बीएससी जीव विज्ञान की अनारक्षित वर्ग की कटऑफ 68 .2 प्रतिशित, अन्य पिछड़ा वर्ग की 61 .4 प्रतिशत और अनुसूचित जाति और जनजाति की 44 .2 प्रतिशत रही है।

# ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से पिकअप चालक की मौत, एक घायल

संवाददाता, संभल

अमृत विचारः सदर कोतवाली क्षेत्र में ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से पिकअप चालक की मौत हो गई। जबकि पिकअप में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया।

नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला दीपासराय निवासी चालक मोहम्मद अली 60 वर्ष सोमवार की रात साढ़े आठ बजे सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी फैजान के खाली मिठाई के डिब्बे पिकअप में भरकर बिल्सी जा रहा था। पिकअप में फैजान भी सवार था। मोहम्मद अली पिकअप लेकर जैसे ही कोतवाली क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर मुहल्ला लाडम सराय पहुंचा। सड़क किनारे रखे बजरपुट से बचने के चक्कर में सामने से आ रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मोहम्मद अली व फैजान गंभीर रुप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली मौके पर ही छोड़कर भाग गया। मोहम्मद अली को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मुरादाबाद जाते समय मोहम्मद अली की मौत हो गई।

### सांड़ के हमले से बाइक सवार घायल

संभल, अमृत विचार : चंदौसी निवासी शिवम मंगलवार की रात हापुड जिले के गढमुक्तेश्वर से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। शिवम बाइक लेकर जैसे ही सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर हसीना बेगम अस्पताल के पास पहुंचा। सड़क पर खड़े सांड़ ने चलती बाइक पर हमला कर दिया। जिससे शिवम सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने लाठी डंडे दिखाकर सांड़ को भगाया और शिवम को उठाकर आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

# आपत्तिजनक वीडियो मामले ने पकड़ा तूल

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को आरोपी युवक ने अपने परिजनों व उत्तराखंड बेरोजगार संघ सहित अन्य लोगों के साथ कुंडेश्वरी चौकी पर धरना दिया। साथ ही मुकदमा वापस लेने और झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोपी आयुष रावत के समर्थन में सैकड़ों लोगों ने कुंडेश्वरी चौकी का घेराव किया। इस दौरान घेराव करने वालों ने आयुष रावत पर गलत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का पुलिस पर आरोप लगाया। साथ ही आयुष रावत की ओर से क्रॉस रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए एक तहरीर सौंपी। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने तहरीर लेकर कहा कि आपका प्रार्थना पत्र रिसीव कर लिया है। इस पर वहां प्रदर्शन कर रहे लोग भड़क गए। उनका कहना था कि यह प्रार्थना पत्र नहीं तहरीर दी गई है, जिस पर मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही हो। इस पर पुलिस ने लोगों को समझाते हुए जांच कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। जिसके बाद लोग पुलिस को मोहलत देते हुए वहां से चले गये और कार्यवाही नहीं होने पर अग्रिम कार्यवाही की चेतावनी दी। मौके पर आयुष रावत, उत्तराखंड बेरोजगार संघ के कुमाऊं मंडल संयोजक भूपेंद्र सिंह कोरंगा, शंभू लखेड़ा, पीयूष जोशी, कुसुमलता बोड़ाई, अंजू रावत, बबीता देवी, सुनीता, जगदेश्वरी देवी, उमा रावत, आदि मौजूद रहे।



कुंडेश्वरी चौकी में धरने पर बैठे लोगों को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- आरोपी युवक के परिजनों व उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने कुंडेश्वरी चौकी पर दिया धरना
- मुकदमा वापस लेने और वादी के खिलाफ झूठी सूचना पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

# प्वाइंट फेल होने से गरीब रथ का संचालन प्रभावित

बरेली, अमृत विचार : प्वाइंट फेल होने से सोमवार देर रात गरीबरथ एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित हो गया। ट्रेन को रामपुर स्टेशन पर रोक दिया गया। इसकी वजह से बरेली जंक्शन पर ट्रेन देरी से पहुंची। इससे परेशान यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से एक्स पर शिकायत की तो उन्हें प्वाइंट फेल होने की जानकारी दी गई।

12210 काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल गरीबरथ एक्सप्रेस को सोमवार देर रात रामपुर स्टेशन पर खड़ा कर दिया गया। समय पर आने के बावजूद ट्रेन को यहां करीब एक घंटा खड़ा रखा गया। इस पर एडवोकेट आशीष कुमार सिंह ने एक्स पर शिकायत की कि काफी समय से ट्रेन को रामपुर में खड़ा कर दिया गया है और दूसरी ट्रेनें गुजारी जा रही हैं। उन्होंने सुबह अपना केस कोर्ट में होने की बात भी बताई। इसके बाद डीआरएम के एक्स हैंडल से बताया गया कि प्वाइंट फेल हो जाने के कारण ट्रेन को रोका गया है।

# दरोगा की बेटी को दोस्तों ने किया गायब

बरेली, अमृत विचार : संभल में तैनात बरेली निवासी दरोगा की बेटी को उसके दिल्ली निवासी दोस्तों ने गायब कर दिया। आरोपियों से पूछताछ करने पर घर में घुसकर घायल दरोगा और बेटे के साथ मारपीट की। दरोगा की पत्नी की शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के फनसिटी एन्क्लेव निवासिनी महिला ने बताया कि उनके पति संभल में दरोगा हैं। पति चुनाव ड्यूटी में सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। डॉक्टरों की सलाह पर वह बेड रेस्ट ले रहे हैं। उनकी बेटी दिल्ली के वसुंधरा में अपने दो दोस्तों के साथ एक अपार्टमेंट में रहती थी लेकिन वहां से वह गायब हो गई।

# जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने किया ट्रेडर्स की दुकान का सर्वे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः सेंट्रल गुड सर्विस टैक्स की इंटेलिजेंस की टीम ने रुद्रपुर स्थित एक ट्रेडर्स की दुकान का औचक सर्वे किया। टीम को देखकर जहां फर्म संचालक सकपका गए। वहीं सूचना मिलते ही व्यापारी नेता भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से वार्ता के बाद लौट गए। बताया जा रहा है कि फर्म संचालक के पास कई बड़ी कंपनियों के एजेंसी होल्डर हैं और प्रतिदिन लाखों का लेनदेन होता रहता है।

मंगलवार की सुबह 10 बजे देहरादून नंबर की दो इनोवा कार में सवार जीएसटी इंटेलिजेंस के सीनियर अफसर संजय सिंह राणा और विकास शुक्ला के नेतृत्व में टीम श्याम टाकीज रोड स्थित मां वैष्णो ट्रेडर्स फर्म पहुंची। प्रवेश करते ही आदान-प्रदान कक्ष में डेरा डाल दिया। जिसे देखकर फर्म संचालक भी सकपका गए। वहीं सूचना मिलते ही प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित व्यापारी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने जीएसटी अधिकारियों से मुलाकात की और थोड़ी देर बाद वापस लौट गए।इस दौरान महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि जीएसटी इंटेलिजेंस के अधिकारियों का यह सामान्य सर्वे है। कारण ट्रेडर्स के स्वामी हरीश घई अस्वस्थ हैं और अपनी फर्म को बंद कर रहे हैं।

# निवेश के बहाने व्यापारी से 15.69 लाख रुपए ठगे

बरेली, अमृत विचार : साइबर ठगों ने शेयर बाजार में निवेश कराने के बहाने व्यापारी से 15.69 लाख रुपये की ठगी कर ली। व्यापारी ने साइबर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रेमनगर के एकतानगर निवासी राजीव कुमार ने बताया कि 12 जून को उन्होंने फेसबुक पर एक लिंक को लाइक किया था। लिंक लाइक करते ही उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ लिया। वह बारलेस स्टॉक पुल ग्रुप स्टॉक मार्केट से जुड़े हुए थे। आरोपियों ने टीना मित्तल कंपनी और बसंत कंपनी के हेड बनकर उनसे कई खातों में 15 लाख 69 हजार 46 रुपये जमा करा लिए। आरोपियों का जो एप रुपये दर्शाता था, उसमें उनकी रकम हर दिन अधिक दिख रही थी। जबकि वह फेक थी।

# बिजनौर के बुध बाजार को लेकर दाखिल याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचारः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिजनौर में बुधवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक बाजार को रविवार को प्रदर्शनी मैदान में स्थानांतरित करने के मामले में दाखिल याचिका को खारिज करते हुए कहा कि तथ्यात्मक स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि पहले से ही साप्ताहिक बाजार रविवार को लगाने की अनुमति दी गई है। अतः कथित रूप से जनहित में दाखिल याचिका पर कोई आदेश पारित करने का औचित्य नहीं बनता है, इसलिए याचिका को आधारहीन मानते हुए खारिज कर दिया गया।

उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने परवेज अख्तर द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

दरअसल जनहित में दाखिल वर्तमान याचिका में संबंधित अधिकारियों के लिए निर्देश की मांग की गई थी कि वह स्ट्रीट वेंडरों को वेंडिंग जोन या निजी स्थान पर 'बुध बाजार' में साप्ताहिक बाजार आयोजित करने की अनुमति दें। हालांकि नगर पालिका परिषद की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि बाजार नियमित रूप से रविवार को संचालित होता है, जिसमें 250 से अधिक विक्रेताओं को पंजीकृत किया गया है और इस आशय से 500 विक्रेताओं का हलफनामा भी प्रस्तुत किया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# रिश्वत लेते बेसिक शिक्षा विभाग का लेखाकार हुआ गिरफ्तार

## कर्मचारी का वेतन जारी करने के लिए मांगे थे 12 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत लेखाकार अजमत अकरम को विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। अजमत ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का वेतन जारी करने के लिए 12 हजार रुपये रिश्वत मांगा था। टीम ने सोमवार को विकास भवन स्थित बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय में छापा मारकर कार्रवाई की। इस दौरान कर्मचारियों ने हंगामा किया और टीम को कार्रवाई करने से रोकने का प्रयास किया।

शाजियाबाद थाना क्षेत्र के खतीबपुर निवासी सुरेश सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, वाराणसी में लिखित शिकायत की थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसकी पत्नी प्राथमिक विद्यालय डिहवां लखमनपुर क्षेत्र मनिहारी में प्रधानाध्यापिका के पद पर नियुक्त थी, जिनकी मृत्यु हो गई है। उनकी जगह पर मृतक आश्रित के रूप में उसकी नियुक्ति दस जनवरी 2024 को कंपोजिट विद्यालय डिहवां लखमनपुर क्षेत्र मनिहारी में परिचारक के पद पर हुई। लेकिन, अभी तक वेतन जारी नहीं किया जा रहा है। वेतन का प्रकरण वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा विभाग) के यहां लंबित है। जिसे लेखाकार अजमत अकरम देख रहे हैं। आरोप है कि लेखाकार वेतन जारी कराने के नाम पर 12 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। लेखाकार ने कहा था कि जब तक रुपये नहीं दोगे वेतन निर्गत नहीं होगा। इस पर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, वाराणसी ने अपने स्तर से जांच कराई। इसमें आरोपों को सही पाया गया। इसके बाद विजिलेंस वाराणसी की ट्रैप टीम सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे विकास भवन पहुंची। यहां से लेखाकार अजमत अकरम को शिकायतकर्ता से 12 हजार रुपये का रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### कर्मचारियों और विजिलेंस टीम में नोकझोंक, हाथापाई

विजिलेंस विभाग की टीम ने छापा मारकर अजमत को पकड़ लिया। इसकी जानकारी होते ही विकास भवन में हड़कंप मच गया। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग के कर्मचारी नाराज हो गए। उन्होंने टीम को घेर लिया। इस दौरान नोंकझोंक और हाथापाई भी हुई। शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का आरोप है कि कार्यालय में अजमत को जब पकड़ा गया तो उसके पास से रुपये नहीं मिले थे। इसके बाद कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया।

# अवैध टेलीफोन एक्सचेंज चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. एटीएस ने जौनपुर में इंटरनेशनल गेटवे को बाईपास कर मिडिल ईस्ट के देशों से आने वाली अंतर्राष्ट्रीय कॉल्स को अवैध टेलीफोन एक्सचेंज के माध्यम से लोकल कॉल्स में परिवर्तित करने के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एटीएस अधिकारियों ने बताया कि इंटरनेशनल गेटवे को बाईपास करने के कारण कॉलर की पहचान करना सम्भव नहीं होता, एटीएस द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालक अभियुक्त अशरफ अली, जौनपुर को अवैध सिमबॉक्स एवं उसके सहवर्ती उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अशरफ अली ने बताया कि मुंबई में उसकी मुलाकात भिवंडी मुंबई निवासी जहांगीर से हुई, जिसने सऊदी अरब में रहने वाले मो. अली द्वारा सिमबॉक्स के सम्बन्धित उपकरण उपलब्ध कराये एवं एनीडेस्क साफ्टवेयर के माध्यम से कॉनफिगर किया गया, और इंटरनेशनल गेटवे को बाईपास कर अंतर्राष्ट्रीय कॉल्स को अवैध टेलीफोन एक्सचेंज के माध्यम से लोकल कॉल्स में परिवर्तित कर देते थे।

# दहेज के लिए निकाह से किया मना, युवती के पिता की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर से अभद्रता कर निकाला सदमे से हुए बेहोश
- कॉर्डियोलॉजी में इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित किया

**अमृत विचार :** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में बेटी की शादी की तारीख तय करने गए मजदूर पिता से लड़के पक्ष ने दहेज में कार और 5 लाख की अतिरिक्त मांग कर दी। असमर्थता जताई तो लड़के पक्ष ने निकाह करने से मना कर दिया। हाथ-पैर जोड़ने के बावजूद लड़का पक्ष नहीं पसीजा और युवती के पिता को अभद्रता कर घर से भगा दिया। पिता सदमे से बेहोश हो गए। रिश्तेदार उन्हें कॉर्डियोलॉजी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई।

कर्नलगंज केले वाली मस्जिद के पास रहने वाले साजुद्दीन मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी, दो बेटे व तीन बेटियां हैं। भांजे नौशाद ने बताया कि साजुद्दीन ने दूसरे नंबर की बेटी का निकाह बगाही निवासी रेलवे में गार्ड के पद पर कार्यरत युवक से तय किया था। दोनों पक्षों के बीच लेन-देन तय होने के बाद रोका की रस्म पूरी हो चुकी थी। नवंबर में शादी होनी थी। लड़के पक्ष ने सोमवार को निकाह की तारीख और लेनदेन के लिए बुलाया था। जिस पर साजुद्दीन और नौशाद रिश्तेदारों संग लड़के के घर पहुंचे। आरोप है कि लड़के पक्ष की ओर से दहेज में एक कार व 5 लाख रुपये नकदी की मांग की गई, जिस पर साजुद्दीन ने असमर्थता जताई। जिसके बाद लड़के पक्ष ने निकाह करने से मना कर दिया। अभद्रता कर घर से निकाल दिया। बेटी की शादी टूटती देखा साजुद्दीन सदमे में आ गए और गश खाकर गिर पड़े। रिश्तेदार उन्हें कॉर्डियोलॉजी ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। भांजे नौशाद ने लड़के पक्ष के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर ने आत्महत्या की

**मथुरा, एजेंसी :** जिले के हाईवे थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रह रहे सुल्तानपुर के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर ने अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक, हाईवे थाना क्षेत्र की श्रीराधापुरम एस्टेट कॉलोनी निवासी प्रोफेसर विमल कुमार गुप्ता (47) के सोमवार दोपहर अपने आवास पर फांसी के फंदे से लटका मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। कुमार के अनुसार, घटना के समय गुप्ता के बच्चे बगल के कमरे में पढ़ाई कर रहे थे, जबकि उनकी शिक्षक पत्नी सीमा स्कूल गई हुई थीं। कुमार ने बताया कि सीमा जब स्कूल से घर लौटीं, तो उन्होंने कमरे में गुप्ता का शव फंदे से लटका हुआ पाया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और मामले की जांच की जा रही है।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**प्रतापगढ़, एजेंसी :** जिले में पट्टी थानाक्षेत्र के एक गांव में गत शुक्रवार को एक किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि 16 वर्षीया एक किशोरी एक सप्ताह पूर्व पट्टी कस्बा में मोबाइल खरीदने आई थी, जहां उसका संपर्क बेलसण्डी गांव के वसीम से हुआ। सिंह के अनुसार किशोरी का आरोप है कि वसीम ने उसे बेलसण्डी बुलाया और अपने दोस्तों मकबूल, लाल बाबू एवं सोनू के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सोमवार को किशोरी ने तहरीर देकर वसीम सहित चार लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वसीम, मकबूल, लाल बाबू एवं सोनू के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### हत्या के 25 साल पुराने मामले में 6 लोगों को उम्रकैद

**महाराजगंज, एजेंसी :** जिले की एक अदालत ने मंगलवार को 25 साल पुराने हत्या के एक मामले में छह लोगों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फणींद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विशेष न्यायाधीश शाकिर हसन ने 27 मई 1999 को छोटेलाल की डंडे से पीट-पीटकर की गयी हत्या के मामले में छह आरोपियों सुरेश यादव, भूपेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, रमेश और घनश्याम यादव को दोषी ठहराया एवं उन्हें उम्रकैद की सजा सुनायी। न्यायाधीश ने प्रत्येक अभियुक्त पर 19 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि अगर आरोपी जुर्माना जमा नहीं करता है तो उसे एक साल की और सजा भुगतनी होगी। इस मामले में 1999 में कोल्हुई थाने में कुल नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिनमें से तीन की मुकदमे के दौरान मौत हो गई और शेष छह को दोषी ठहराया गया है।

### शाइन सिटी घोटाले में एक आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** शाइन सिटी घोटाला मामले में ईडी ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हिमांशु कुमार पर आरोप था कि उन्होंने 25 करोड़ रुपये सेल कंपनियों में लगवाए थे। जिस निवेशक का 25 करोड़ रुपये लगा था उसने हिमांशु कुमार के खिलाफ शिकायत की थी। ईडी की जांच में भी हिमांशु कुमार जद में थे। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि हिमांशु कुमार ने स्वयं को शाइन सिटी से अलग कर लिया था।

### कृषि फीडर पर दो घंटे अधिक बिजली मिलेगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए कृषि फीडर पर दो घंटे अधिक बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने कृषि फीडरों पर 10 की जगह 12 घंटे बिजली देने का आदेश जारी किया। शासन के सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में कम बारिश को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि धान की रोपाई में किसानों को पानी की दिक्कत न हो सके।

# बाढ़ राहत में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि

**अमृत विचार :** बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ को निलंबित कर दिया गया है, जबकि पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इन अधिकारियों को दो दिनों में जवाब देने को कहा गया है। आपदा से हुई जनहानि व क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही पर शासन स्तर से यह कार्रवाई की गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ अश्विनी कुमार को निलंबित कर दिया है। जिन पांच एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, उनमें बांदा, चित्रकूट, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर और मुजफ्फनगर के एडीएम एफआर क्रमशः संतोष सिंह, उमेश चंद्र निगम, उमा शंकर, एस सुधाकरन व गजेंद्र कुमार शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सिद्धार्थनगर की सदर तहसील के एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, हाथरस की शादाबाद तहसील के एसडीएम संजय कुमार सिंह व अलीगढ़ की अतरौली तहसील के एसडीएम अनिल कुमार कटियार से जवाब-तलब किया है। इन अधिकारियों को भी दो दिन में जवाब देने को कहा गया है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में आपदा से हुई जनहानि का सर्वे पूरा कर 24 घंटे में मुआवजा दिया जा रहा है, वहीं इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# 500 अवैध सिम विदेश भेजने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने मंगलवार को फर्जी आईडी पर सिम लेकर उन्हें एक्टिवेट कर भारत के बाहर विभिन्न देशों में सप्लाई करने वाले गैंग के एक सक्रिय सदस्य राहुल सिन्हा निवासी प. बंगाल को नेपाल से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक आरोपी को 10 हजार प्री एक्टिवेटेड अवैध सिम विदेशों में भेजने का लक्ष्य मिला था, जिसमें से 500 सिम वह भेज भी चुका था। राहुल सिन्हा की 2022 में सुनील खडका निवासी सोलुखुम्ब, नेपाल से मुलाकात हुई थी। सुनील खडका कम्बोड़िया में कॉल सेन्टर से धोखाधड़ी से पैसा ट्रान्सफर कराता था। इस धोखाधड़ी के लिए सिम कार्ड की जरूरत पड़ती थी। इस उद्देश्य के लिए राहुल सिन्हा का काम भारत से 10 हजार सिम सुनील खडका को थाइलैण्ड भेजने का था।

# पत्नी सहित 7 पर हमला, बच्ची की मौत

संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में सोमवार रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई। सनकी पति ने पत्नी, सौतेले बच्चों और पत्नी के परिवार पर बांका से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें छह वर्षीया एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र देवीपाल की करीब 5 वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद सुरेंद्र की पत्नी पूजा ने अपनी बहन के देवर दीपू के साथ शादी कर ली थी। दीपू पिपरी में ही पत्नी और उसके बच्चों के साथ रहने लगा था। सोमवार की रात करीब 11:30 बजे दीपू ने मकान की छत पर सोते समय पत्नी पूजा, उसके पुत्र सूरज (11), उमंग (15) पर बांका से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाला पूजा का देवर महेंद्र बचाने के लिए दौड़ा तो दीपू ने महेंद्र और उसकी पत्नी बीना, बेटी काव्या (6) और बेटे सूर्यांश (8) पर बांके से हमला कर जख्मी कर दिया। पड़ोसियों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

### पूरे परिवार को खत्म करना चाहता था दीपू

**कानपुर देहात, अमृत विचार :** आरोपी दीपू पूरे परिवार को खत्म करना चाहता था। इसी मकसद से उसने पत्नी, दोनों सौतेले बेटों, देवर-देवरानी और उनकी बेटी-बेटे पर हमला किया। हमले में देवर की बेटी की जान चली गई, जबकि बाकी लोग जिंदगी-मौत से जूझ रहे हैं। पिपरी गांव के लोगों ने बताया कि दीपू अक्सर गांव की दुकानों पर बैठता था तो बताता था कि पूजा उसके बच्चे की मां नहीं बनना चाह रही है। आरोपी दीपू ने यह बात पुलिस की पूछताछ में भी बताई। उसने बताया कि गर्भ ठहरने पर पूजा गोलियां खा लेती थी, जिससे गर्भपात हो जाता था। पूजा के दोनों बच्चे उसके साथ गालीगलौज करते थे और उसे घर से भगाने की बात करते थे। पूजा का देवर महेंद्र और उसकी पत्नी बीना भी सौतेले बच्चों को भड़काती थी कि दीपू को यहां से भगा दो। इसी बात को लेकर दीपू परेशान रहता था। आरोपी दीपू को पूजा और देवर महेंद्र के संबंधों पर भी शक था। इन्हीं वजहों से उसने पूरे परिवार को खत्म करने का इरादा बनाया था।

# सख्त हुए मुख्यमंत्री तो रोहित पांडेय के हत्यारोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस ने आरोपियों के घर चलाया बुलडोजर
- बहराइच में भी युवती से छेड़छाड़ के आरोपी हुए गिरफ्तार



**अमृत विचार:** बलिया के बांसडीह कोतवाली गेट के सामने दिन दहाड़े रोहित पांडेय की हत्या के मामले में सीएम की फटकार के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि मुख्य आरोपी रोहित यादव ने अपने एक साथी के साथ कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इस दौरान प्रशासन ने मुख्य आरोपी संग दो सहयोगियों के घर बुलडोजर चला दिया। सभी आरोपियों के मकान का कुछ हिस्सा पीडल्ब्यूडी की जमीन पर बना हुआ था।

यही नहीं आरोपियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने वाले दो आरक्षियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं बहराइच में युवती से छेड़छाड़ करने वाले एवं माहौल बिगाड़ने वाले नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि सीएम योगी को सोमवार को आजमगढ़ में समीक्षा बैठक के दौरान विधायक केतकी सिंह ने उक्त मामले से अवगत कराया था। इस पर सीएम ने अधिकारियों को फटकार लगाई थी और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उधर, बहराइच के नानपारा स्थित बुधवा के साप्ताहिक बाजार में 21 जुलाई शाम को कुछ शोहदों ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ की थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने विशेष टीम गठित कर 24 घंटे के अंदर सभी नौ आरोपियों सलमान कुरैशी पुत्र कलीम कुरैशी, असलम कुरैशी पुत्र कलीम कुरैशी, इब्राहिम पुत्र हलीम, हलीम कुरैशी पुत्र रज्जब अली, गुलफान पुत्र चंगुल उर्फ नईम, रहीश पुत्र हनीफ उर्फ बरसाती, अबरार पुत्र इसरार, शमशेर पुत्र शरीफ और मुबारक अली पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम बोधवा थाना कोतवाली नानपारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# प्रत्येक गांव से 10 निर्धन परिवारों को मिलेगा आवास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यसचिव मनोज कुमार सिंह ने बैठक के दौरान दिए आदेश

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा सर्वे कराकर प्रत्येक ग्राम पंचायत से 10 निर्धन परिवारों का डाटाबेस तैयार कराया गया है। इसमें लगभग छह लाख परिवार के सभी सदस्यों का विवरण है। इन परिवारों को आवास सहित ऐसी योजनाओं जिसके लिये वह पात्र है, उससे संतृप्त कराया जाए।

मुख्य सचिव ने मंगलवार को निर्धन परिवारों को आवास सहित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के सम्बन्ध में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को इस डाटा का एक्सेज यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से दिया जाए। सभी सम्बन्धित विभाग अपने जनपदस्तरीय अधिकारियों के माध्यम से निर्धन परिवारों को सरकार की योजनाओं से आच्छादित करें।बैठक में एसीएस देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. शंमुगा सुंदरम सहित कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-140

**बाएं से दाएं**

1.1. एक होने की अवस्था या भाव, अविरोध 2. मिलकर एक होना, समूहबद्धता, संगठन, (यूनिटी) 3. उद्देश्य

3. माल-विभाग का वह कर्मचारी जो ज़मीन की पैमाइश और बंटवारे आदि का प्रबंध करता है।

4.1. केवल एक अंगवाला 2. विकलांग।

6.1. सूखा फल, फल 2. किशमिश

7.1. जो फुसलाने या उकसाने का काम करता हो 2. छलपूर्ण, भरमाने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. छोटी इकाई, किसी बड़े संस्थान का एक विभाग।

2.1. हिजड़ा, नपुंसक 2. वह व्यक्ति जिनमें शारीरिक अक्षमता के कारण बच्चे उत्पन्न करने की शक्ति न हो 3. वह व्यक्ति जिसका हाव-भाव

3.1. बेमेल होना 2. अनौचित्य 3. अर्थालंकार का एक भेद

4. पृथ्वी के किसी देश-महादेश या स्थान विशेष के नक्शे की पुस्तक, मानचित्रावली।

5. पांव की चमड़ी का फटना, बेवाई, पैर की एड़ियों में दरारें पड़ना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | ■ | 6 | |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -139 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मि | से | ज़ | ■ | ■ | 2 भृ |
| ल | ■ | ■ | 3 झ | ■ | गु |
| नी | ■ | 4 सु | प | ठ | ■ |
| ■ | 5 शिं | ■ | टा | ■ | ■ |
| ■ | 6 शि | व | ना | 7 मी | ■ |
| ■ | या | ■ | ■ | टिं | ■ |
| ■ | ■ | 8 मं | जु | ग | ति |

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | 9 |
| | 4 | | 1 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | 4 | | | | |
| 9 | 8 | | | | | | 2 | 3 |
| | | | | 2 | | 1 | | 6 |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | |

### सुडोकू -52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 4 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 5 | 7 | 1 | 2 | 3 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष- कृष्ण पक्ष, तिथि- तृतीया 07.30 तक तत्पश्चात चतुर्थी 25 जुलाई 04.39 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** – आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

**वृष** – आज अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग उच्च पद पर आसीन हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लेना अत्यंत हितकारी होगा।

**मिथुन** – आज आप प्रकृति के बीच समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें। लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है।

**कर्क** – आज मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है। उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें।

**सिंह** – आज जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के बढ़िया अवसर मिलेंगे। अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** – आज नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। धार्मिक स्थल की यात्रा का विचार बनाएंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक** – आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। पिता का मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा। जॉब की स्थितियां आपके लिए काफी प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। आप घर पर आराम की और फिल्मों का आनंद उठाने की योजना बना सकते हैं।

**मकर** – आज सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कुंभ** – आज जोखिम भरे कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। व्यवसायियों को अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आप अपनी प्रतिभा को लोगों के सामने ला पाएंगे। महत्वपूर्ण मीटिंग का हिस्सा बन सकते हैं।

**मीन** – आज कर्मचारियों के साथ अच्छा तालमेल बनाकर रखें। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें। किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। तनाव का असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद होगा।

## आज का पंचांग

बु. 5, के. 6, शु. सू. 4, 3, मं. 2 गु., 7, 1, 10, 8, 9, 11 चं., 12 रा. श.

दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- शतभिषा 18.14 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्मा — सुबह : 11.14
- प्रेम — रात : 07.00

&pictures
- बादल — सुबह : 11.02
- फोरेंसिक — रात : 08.00

SONY PIX
- वर्टिकल लिमिट — सुबह : 10.25
- घोस्ट राइडर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- वलाटी — दोपहर : 12.18
- फुकरे 3 — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- मुंबईकर — सुबह : 11.08
- इंस्पेक्टर विजय — शाम : 05.49

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोस की भाभी को देखने के लिए गप्पू पेड़ पर चढ़ गया।
तभी आंटी ने गप्पू को देख लिया
आंटी- बेटा पेड़ पर क्या कर रहे हो ?
गप्पू- बिजली देखने का इरादा है पर नागिन दिख गई।
फिर क्या पेड़ से उतरने पर गप्पू की जमकर कुटाई हुई।

इंटरव्यू में बॉस ने पूछा- क्या आपको ब्रिटिश भाषा आती है?
लड़का- हां
बॉस- कुछ बोल के दिखाओ
लड़का- डूगना लागान डेना पड़ेगा बुवन।
बॉस- बॉस बेहोश...

## विजय दिवस का जश्न



बीकानेर के आर्मी क्षेत्र में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस का जश्न मनाया गया। एक के बाद एक कर्तव्य करते हुए भारतीय सेना के जवानों ने लोगों में जोश भर दिया। • एजेंसी

## जाली नोट गिरोह में शामिल व्यक्ति को पांच साल कैद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय मुद्रा के उच्च गुणवत्ता के जाली नोट चलाने के एक प्रमुख आरोपी को यहां की एनआईए अदालत ने पांच साल कठोर कैद की सजा सुनाई। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। राज्य के मालदा में गोपालगंज इलाके के निवासी फैजुल एसके पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। राशि जमा करने में विफल रहने पर तीन महीने की अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। एक फरार बांग्लादेशी नागरिक समेत तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ मामले की सुनवाई जारी है।

### यूपीएससी परीक्षा में माता-पिता के अलग होने का दावा कर ट्रेनी आईएएस ने गलत तरीके से लिया लाभ

# केंद्र ने वैवाहिक स्थिति की जानकारी मांगी

**पुणे, एजेंसी**

केंद्र ने पुणे पुलिस को निर्देश दिया है कि वह विवादों में घिरीं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता की वैवाहिक स्थिति से उसे अवगत कराए।

अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने यह निर्देश पूजा पर यह आरोप लगने के बाद दिया है जिसमें कहा गया है कि उन्होंने माता-पिता के अलग होने का दावा कर यूपीएससी परीक्षा में गलत तरीके से ओबीसी गैर क्रीमी लेयर का लाभ लिया। खेडकर पर महाराष्ट्र के पुणे जिला कलेक्टरेट में प्रशिक्षण के





दौरान ऐसी सुविधाएं और भत्तों की मांग करके ताकत और विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप है, जिनकी वह हकदार नहीं थीं। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान आस-पास के सभी लोगों को धमकाया और अपनी निजी ऑडी (एक लग्जरी कार) कार के ऊपर लाल-नीली बत्ती (उच्च पदस्थ अधिकारी को दर्शाती) लगाई। पूजा खेडकर के खिलाफ पिछले हफ्ते दिल्ली में गलत जानकारी देने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

### यूपीएससी ने कारण बताओ नोटिस किया जारी

यूपीएससी ने भी 2022 की परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं में भाग लेने से रोकने पर विचार कर रहा है। पुणे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि केंद्र सरकार ने यह बताने को कहा है कि क्या पूजा खेडकर की मां मनोरमा और पिता दिलीप का तलाक हो गया है। उन्होंने कहा हमें यह पता लगाने और केंद्र सरकार को सूचित करने को कहा गया है कि क्या पूजा खेडकर के माता-पिता का तलाक हो गया है। संक्षेप में हमसे उनकी शादी/तलाक की वास्तविक स्थिति को सत्यापित करने के लिए कहा गया है। यूपीएससी ने पिछले सप्ताह पूजा खेडकर के खिलाफ फर्जी पहचान के आधार पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी से शामिल होने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराने सहित कई कार्रवाई की थी।

## एक नजर

### रक्षा मंत्री को दी युद्धपोत में आग के कारण हुई क्षति की जानकारी

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नौसेना के युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के कारण हुई क्षति की जानकारी दी है। आईएनएस ब्रह्मपुत्र में सोमवार को आग लग गई थी। इस हादसे में युद्धपोत को काफी नुकसान पहुंचा है। नौसेना के अनुसार बाद में यह युद्धपोत एक तरफ झुक गया और कोशिशों के बावजूद इसे सीधा नहीं किया जा सका। एडमिरल त्रिपाठी ने सिंह को सोमवार शाम को इस हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### अज्ञात बदमाशों ने रेलवे लाइन पर सरिया डाला, हादसा टला

**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले में कुछ अज्ञात बदमाशों ने रविवार देर रात रेलवे लाइन पर सरिया डाल दिया। हालांकि, वहां से गुजरने वाली ट्रेन के चालक ने समय पर ब्रेक लगा दिया, जिससे संभावित हादसा टल गया। पुलिस ने बताया कि असारवा-जयपुर एक्सप्रेस के रविवार रात करीब 11 बजे डूंगरपुर स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद यह घटना घटी। पुलिस के मुताबिक, लगभग चार किलोमीटर की यात्रा के बाद लोको पायलट ने पटरियों पर पड़े सरिये को दूर से देख लिया और ब्रेक लगा दिए।

### मुंबई में इमारत ढहने से तीन लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मध्य मुंबई के धारावी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा नजदीक की चॉल पर गिर जाने से तीन लोग घायल हो गये। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि घटना सोमवार देर शाम को हुई। निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा पास के एक घर पर गिर गया, जिसमें एक महिला अनीता सिंह (28), एक शिशु कियांश पटवाल (नौ) और एक बालक मनप्रीत सिंह (पांच) घायल हो गये।

### प्रख्यात गायक रमन बरुआ का नहीं लगा सुराग

गुवाहाटी। असम पुलिस ने सोमवार से लापता प्रख्यात गायक, संगीतकार और निर्देशक रमन बरुआ की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुवाहाटी के लतासिल इलाके में रहने वाले 84 वर्षीय बरुआ सोमवार सुबह मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन जब देर शाम तक नहीं लौटे तो उनके परिवार के सदस्यों ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक वह मंदिर के नजदीक स्थित गुवाहाटी उच्च न्यायालय की नई इमारत के पास सुबह करीब सवा 10 बजे आखिरी बार देखे गए थे।

# नीट-यूजी : आईआईटी के विशेषज्ञों ने कहा- केवल एक उत्तर ही सही था

### भौतिकी के प्रश्न को लेकर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के तीन विशेषज्ञों की समिति ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 में पूछे गए भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर था, न कि दो। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को आईआईटी-दिल्ली के निदेशक को भौतिकी के इस विवादित प्रश्न को लेकर तीन विषय विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने तथा मंगलवार दोपहर तक सही जवाब पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

सुनवाई शुरू होने पर सीजेआई ने रिपोर्ट में लिखी बातों का हवाला दिया और कहा हमें आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट मिली है। आईआईटी निदेशक रंगन बनर्जी ने भौतिकी विभाग की एक समिति गठित की और वे बताते हैं कि तीन विशेषज्ञों की एक टीम ने प्रश्न की जांच की। टीम का कहना है कि चौथा विकल्प सही जवाब है। सीजेआई ने कहा कि चौथा विकल्प, जो कहता है कि 'पहला कथन सही है, लेकिन



दूसरा कथन गलत है, सही जवाब है। पीठ ने कहा समिति ने साफ तौर पर कहा है कि केवल एक सही विकल्प था, जो कि चौथा विकल्प है। इसलिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) अपनी उत्तर पुस्तिका में सही थी, जिसमें चौथे विकल्प को सही बताया गया था। अभी इस मामले की सुनवाई जारी है। केंद्र और एनटीए की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दलीलें पेश कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें विवादों में घिरी इस परीक्षा को इस आधार पर दोबारा कराने का अनुरोध करने संबंधी याचिका भी शामिल है कि इसका प्रश्न पत्र लीक किया गया तथा परीक्षा के आयोजन में अन्य अनियमितताएं भी थीं। सोमवार को पीठ को दिन भर चली बहस के दौरान भौतिकी के एक प्रश्न को लेकर असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ा। ऐसी दलील दी गई कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिसने दो सही उत्तर में से एक विशेष उत्तर दिया था, उसे चार अंक दिए गए। कुछ वकीलों ने यह भी कहा कि अभ्यर्थियों के तीन समूह थे, और एक समूह को सही उत्तर के लिए माइनस पांच अंक मिले, दूसरे समूह को दूसरे सही उत्तर के लिए चार अंक मिले, और तीसरे समूह में वे लोग शामिल थे, जिन्होंने या तो जवाब पता न होने या नेगेटिव अंक मिलने के डर से इसे छोड़ दिया था। पीठ को बताया गया कि इसका सफल अभ्यर्थियों की योग्यता सूची पर काफी असर पड़ेगा। इस दलील के बाद कोर्ट ने आईआईटी के निदेशक से तीन विषय विशेषज्ञों की समिति गठित करने को कहा था।

### वकील से हुई तीखी नोंकझोंक, प्रधान न्यायाधीश ने कहा- सुरक्षाकर्मी को बुलाइये

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में, नीट-यूजी 2024 पर सुनवाई के दौरान मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और अपनी बारी आने से पहले बोलने पर आमादा एक वकील के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसपर सीजेआई ने उन्हें अदालत कक्ष से बाहर निकाल देने की चेतावनी दी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह किसी भी वकील को अदालत में मनमर्जी नहीं करने देंगे। प्रधान न्यायाधीश ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित वकील मैथ्यूज जे नेदुम्परा को उस समय फटकार लगाई, जब उन्होंने बार-बार आग्रह किया कि उन्हें बहस करने की अनुमति दी जाए, जबकि याचिकाकर्ताओं के मुख्य वकील वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र हुड्डा अपनी दलीलें पेश करने वाले थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने नेदुम्परा से कहा कि पीठ हुड्डा द्वारा अपनी दलीलें पेश करने के बाद उन्हें बहस करने की अनुमति देगी। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा आप कृपया बैठ जाइए। मुझे आपको अदालत से बाहर निकालना पड़ेगा। उन्होंने गुस्से में कहा मैं आपको चेतावनी दे रहा हूं। हालांकि, नेदुम्परा लगातार शिकायत करते रहे कि उन्हें अदालत में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। इस बात से नाराज प्रधान न्यायाधीश ने कहा कृपया सुरक्षाकर्मियों को बुलाइये। हम उनसे इन्हें अदालत से बाहर ले जाने को कहेंगे। वकील ने अपने सहयोगियों की ओर रुख किया, जिसपर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा आप गैलरी में बात नहीं करेंगे। आप मेरी बात सुनेंगे।

## आईएएस की पत्नी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में लिखा मैं निर्दोष

**अहमदाबाद।** गुजरात के आईएएस अधिकारी रंजीत कुमार जे. की अलग रह रही पत्नी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में उन्होंने दक्षिणी राज्य में उनके खिलाफ दर्ज दो मामलों में खुद को निर्दोष बताया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूर्या (45) की 21 जुलाई को गांधीनगर के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। एक दिन पहले उन्होंने अपने पति के सरकारी आवास के पास एक उद्यान में जहर खा लिया था। कुमार 2005 बैच के आईएएस अधिकारी है। कुमार वर्तमान में गुजरात विद्युत नियामक आयोग (जीईआरसी) के सचिव के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि आठ महीने पहले पति को छोड़कर गईं सूर्या शनिवार को जब वापस लौटीं तो वह घर पर नहीं थे।

# अस्पताल में भर्ती की आड़ में विलासिता की अनुमति नहीं दे सकते

**मुंबई, एजेंसी**

- मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में 80 वर्षीय व्यवसायी याचिका खारिज की

मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार 80 वर्षीय व्यवसायी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की आड़ में किसी आरोपी को विलासिता की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीएमएलए अदालत ने सोमवार को एसोसिएट हाई प्रेशर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष मनोहरलाल अगीचा की अस्पताल में रहने की अवधि बढ़ाने की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

आरोपी व्यवसायी को ईडी ने नवंबर 2023 में एक बैंक से 149.89 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के आदेश के अनुसार, न्यायिक हिरासत में रहते हुए अगीचा को मार्च 2024 में 15 दिनों के इलाज के लिए बांद्रा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब से, आदेश को कई बार बढ़ाया गया और वह लगातार अस्पताल में भर्ती रहे।

हाल में, अगीचा ने आगे के इलाज के लिए अस्पताल में अपने रहने की अवधि को कुछ और महीनों के लिए बढ़ाने की याचिका दायर की। हालांकि, विशेष पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश ए.सी. डागा ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया और आर्थर रोड जेल अधिकारियों को आरोपी को मध्य मुंबई की जेल में वापस ले जाने का निर्देश दिया।

## मालेगांव विस्फोट : निर्णायक चरण में सुनवाई

- एनआईए अदालत 24 जुलाई से सुनेगी अंतिम दलील

**मुंबई।** मालेगांव में बम विस्फोट के करीब 16 साल बाद इस मामले की सुनवाई निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामलों की विशेष अदालत अंतिम दलीलों की सुनवाई बुधवार से करेगी।

वर्ष 2008 में हुए इस बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज इस मामले के सात आरोपियों में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर शामिल हैं। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने उनमें से एक समीर कुलकर्णी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। अदालत ने मंगलवार को बचाव पक्ष के अंतिम गवाह के परीक्षण के साथ साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग पूरी कर ली। न्यायाधीश ए के लाहोटी अब फैसला सुनाने से पहले अभियोजन और बचाव पक्ष की आखिरी बार दलील सुनेंगे।

## दुष्कर्म पीड़िता की प्रसव के दौरान मौत, मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** यहां के वाशी पुलिस थाने में 18 वर्षीय लड़की की प्रसव के दौरान मौत के बाद दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चूंकि कथित अपराध दिघी में हुआ था इसलिए इस संबंध में शून्य प्राथमिकी दर्ज कर उसे रायगढ़ जिले के दिघी पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रीवर्धन निवासी आरोपी हेमंत और पीड़िता की मुलाकात पिछले साल कंप्यूटर की कक्षा के दौरान हुई थी जिसके बाद दोनों दोस्त बन गए। लड़की के माता-पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार उसने कथित तौर पर दो मौकों पर उसके साथ दुष्कर्म किया जिसके बाद लड़की गर्भवती हो गई।

# मुस्लिमों के बिना अमरनाथ यात्रा संभव नहीं : उमर

**श्रीनगर, एजेंसी**

- कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर नाम लगाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का किया स्वागत

नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों पर उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम रोक लगाने का मंगलवार को स्वागत किया और कहा कि मुस्लिमों के सहयोग के बिना अमरनाथ यात्रा तक संभव नहीं है।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने संबंधी आदेश देना नहीं चाहिए था। वार्षिक अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्राओं का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि ये मुसलमानों के सहयोग के बिना संभव नहीं हैं। अमरनाथ यात्री मुसलमानों के कंधों पर यात्रा करते हैं। जो लोग माता वैष्णो देवी यात्रियों को घोड़ों या पिट्ठुओं पर ले जाते हैं, वे किस धर्म से ताल्लुक रखते हैं? उन्हें (भाजपा को) वहां धर्म नहीं दिखता। आरएसएस के कार्यक्रमों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे प्रतिबंध को हटाने के केंद्र के फैसले के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि अगर उन्हें ऐसा करना है तो सरकारी कर्मचारियों के राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में शिरकत से भी प्रतिबंध को हटाया जाना चाहिए(





भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को गोवा तट के पास एमवी मार्सक फ्रैंकफर्ट पर अग्निशमन अभियान चलाया। • एजेंसी

## राष्ट्रगान गाने को मजबूर किए गए युवक की मौत की जांच सीबीआई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 23 वर्षीय एक युवक की मौत से संबंधित मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया, जिसे 2020 में शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में हुए दंगों के दौरान कथित तौर पर पीटा गया और राष्ट्रगान गाने के लिए मजबूर किया गया था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में पुलिस कर्मियों द्वारा फैजान को चार अन्य मुस्लिम पुरुषों के साथ कथित तौर पर राष्ट्रगान और वंदे मातरम गाने के लिए मजबूर करते हुए एवं पीटते हुए देखा जा सकता है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने फैजान की मां द्वारा (एसआईटी से जांच कराने के लिए दायर याचिका पर कहा मैं याचिका को स्वीकार कर रहा हूं। मैं मामले को सीबीआई को स्थानांतरित कर रहा हूं। किस्मतुन ने 2020 में दाखिल याचिका में आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनके बेटे के साथ मारपीट की और उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा एवं उसे अति आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित किया। इसकी वजह से रिहाई के बाद उसी साल 26 फरवरी को उसकी मौत हो गई।

## आठ हजार रुपये की रिश्वत के आरोप में अधिकारी गिरफ्तार

**पालघर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पालघर जिले के विक्रमगढ़ में आठ हजार रुपये की रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी सहायक अभियंता (श्रेणी-2) संदीप जवाहर विक्रमगढ़ में तैनात है। पालघर एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद गावड़े ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपने पिता के नाम पर दो बिजली मीटर लगाने के लिए आवेदन किया था। स्थानीय लाइनमैन ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और स्वीकृति के लिए अपनी रिपोर्ट अनुभाग कार्यालय को भेज दी। लेकिन दो मीटर लगाने की स्वीकृति देने के लिए आरोपी इंजीनियर ने शिकायतकर्ता से आठ हजार रुपये की मांग की। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया और सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**सुनवाई** | आपत्तिजनक पोस्ट पर एक्स, गूगल व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नोटिस जारी

# लोस अध्यक्ष की बेटी के खिलाफ पोस्ट हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईआरपीएस अधिकारी की बेटी की तस्वीर हटाने के आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक्स कॉर्प और गूगल इंक को भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) अधिकारी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि बिरला के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति नवीन चावला ने अंतरिम आदेश में अज्ञात पक्षों को अंजलि बिरला द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में उल्लिखित कथित मानहानिकारक सामग्री को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पोस्ट करने, प्रसारित करने, संचारित करने, ट्वीट करने या रीट्वीट करने से भी रोक दिया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट को मध्यस्थों द्वारा 24 घंटे के भीतर हटाया जाएगा, और यदि वादी को समान तरह की किसी





अन्य पोस्ट के बारे में पता चलता है, तो वह इसके बारे में एक्स और गूगल को सूचित करेंगी। उच्च न्यायालय ने इस मामले में एक्स, गूगल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा अज्ञात पक्षों को भी नोटिस जारी किया तथा चार सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा। अधिकारी ने सोशल मीडिया पर उन पोस्ट को हटाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है, जिनमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने पिता के प्रभाव के कारण पहले ही प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास कर ली और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी बन गईं।

अंजलि के वकील ने बताया कि वह यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) में शामिल हुई थीं और उनका चयन 2019 की समेकित आरक्षित सूची में हुआ था। वह आईआरपीएस अधिकारी के रूप में भारतीय रेलवे में शामिल हुईं। सुनवाई के दौरान अंजलि की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने कहा तीन साल बाद, यह सोशल मीडिया अभियान फिर से शुरू हो गया है जो न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार को भी बदनाम करता है, जिसमें उनके पिता भी शामिल हैं जो एक राजनीतिक व्यक्ति होने के साथ संवैधानिक पद पर आसीन हैं।

### मॉडल का हवाला दे पोस्ट की जा रहीं थी निजी तस्वीरें

अधिवक्ता ने कहा कि उनकी मुवक्किल 2021 में एक अधिकारी बनी, लेकिन अब नीट और यूपीएससी परीक्षा विवाद के कारण अचानक ये चीजें फिर से सामने आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से ऐसा महसूस होता है जैसे हम सब इसका हिस्सा हैं। अधिवक्ता ने कहा कि अंजलि (वादी) की निजी तस्वीरें यह कहते हुए ऑनलाइन पोस्ट की जा रही हैं कि वह एक मॉडल हैं। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि साइबर अपराध विभाग में भी इसकी शिकायत की गई है। अंजलि ने एक्स कॉर्प, गूगल, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और अज्ञात व्यक्तियों को मुकदमे में पक्षकार बनाया है।

# मातृत्व अवकाश दो बच्चों तक सीमित रखने के नियम पर किया जाए पुनर्विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली हाईकोर्ट ने पूछा- तीसरे व उसके बाद के बच्चों का क्या दोष है, जो मातृ देखभाल से वंचित रहें

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को सीसीएस (अवकाश) नियम पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है, जिसके तहत महिला सरकारी कर्मचारियों को पहले दो बच्चों के जन्म के समय मातृत्व अवकाश दिया जाता है। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों से पूछा कि तीसरे और उसके बाद के बच्चों का क्या दोष है, जिन्हें उस मातृ देखभाल से वंचित होना पड़ता है, जो पहले दो बच्चों को मिली थी।

केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 1972 के नियम 43 के अनुसार, कोई महिला सरकारी कर्मचारी शुरुआती दो बच्चों के जन्म के समय दोनों बार 180 दिन की अवधि के लिए मातृत्व अवकाश की हकदार है। अदालत ने कहा तीसरे बच्चे को जन्म के तुरंत बाद और शिशु अवस्था के दौरान मातृ स्पर्श से वंचित रखा जाना ठीक नहीं है, क्योंकि नियम 43 के अनुसार उस बच्चे की मां से यह अपेक्षा की जाती है कि वह जन्म के अगले ही दिन ड्यूटी पर लौट आए। अदालत ने कहा यह याद रखना महत्वपूर्ण होगा कि किसी गर्भवती महिला के शारीरिक व मनोवैज्ञानिक परिवर्तन एक समान रहते हैं, चाहे वह पहली दो गर्भवास्था के दौरान हों, या तीसरे या उसके बाद की गर्भावस्था के दौरान।

### खारिज कर दिया था आवेदन

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने कहा कि तीसरा बच्चा पूरी तरह असहाय है, इसलिए न्यायालय का यह कर्तव्य है कि वह हस्तक्षेप करे। पीठ केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली पुलिस की अपील पर विचार कर रही थी, जिसमें पुलिस को तीसरे बच्चे को जन्म देने वाली महिला कांस्टेबल को मातृत्व अवकाश देने का निर्देश दिया गया था। महिला के पुलिस में भर्ती होने से पहले दो बच्चे थे। उसकी पहली शादी टूट गई और दोनों बच्चे अपने पिता के पास रहने लगे। दूसरी शादी से उसे तीसरा बच्चा हुआ, लेकिन मातृत्व अवकाश के लिए उसका आवेदन खारिज कर दिया गया।

# केंद्रीय बजट में खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ आवंटित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रमुख परियोजना खेलो इंडिया को एक बार फिर खेल मंत्रालय के लिए केंद्रीय बजट में सबसे अधिक राशि आवंटित हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मंगलवार को पेश केंद्रीय बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3,442.32 करोड़ रुपये में से खेलो इंडिया के लिए 900 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह रकम पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 880 करोड़ रुपये के संशोधित आवंटन से 20 करोड़ रुपये अधिक है।

इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक चक्र समाप्त होने वाला है और राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों अभी भी दो साल का समय है। ऐसे में खेल मंत्रालय के बजट में पिछले चक्र की तुलना में केवल 45.36 करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि की गई है। खेल मंत्रालय के लिए पिछले वित्तीय वर्ष के लिए पिछले चक्र का बजट 3,396.96 करोड़ रुपये था। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खेलो इंडिया में भारी निवेश किया है क्योंकि यह कार्यक्रम देश के सभी हिस्सों से प्रतिभाओं को सामने लाने का काम करता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खेलो इंडिया का वास्तविक आवंटन 596.39 करोड़ रुपये था। अगले साल (2023-24) के बजट में लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इसे हालांकि संशोधित कर 880 करोड़ रुपये किया गया था।



**596.39**

**करोड़ रुपये खेलो इंडिया के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में हुआ था आवंटित**

खेलो इंडिया युवा खेलों 2018 (केआईवाईजी) की शुरुआत के बाद से सरकार ने इसमें और खेल आयोजनों को जोड़ना जारी रखा है। मंत्रालय ने उसी वर्ष खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और 2023 में खेलो इंडिया पैरा खेलों शुरू करने के साथ 2020 में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की शुरुआत की। देश भर में सैकड़ों खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभाशाली उदीयमान खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करना है। खेलो इंडिया के कई एथलीट वर्तमान में भारतीय ओलंपिक दल में शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को सरकार की सहायता में भी 15 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। यह 2023-24 में 325 करोड़ रुपये से बढ़कर नवीनतम बजट में 340 करोड़ रुपये हो गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) का बजट भी 795.77 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 822.60 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसमें 26.83 करोड़ रुपये का उछाल है। साइ देश भर में अपने स्टेडियमों के रख रखाव अलावा वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का प्रबंधन भी करता है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को बजट में मामूली वृद्धि मिली है। नाडा और एनडीटीएल का काम खिलाड़ियों की डोपिंग जांच करना है। नाडा के बजट को 21.73 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22.30 करोड़ रुपये कर दिया गया है जबकि एनडीटीएल के बजट को 19.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 22 करोड़ कर दिया गया है।

# पाकिस्तान ने यूएई को हराकर किया सेमीफाइनल का दावा मजबूत

**महिला एशिया कप**

**दाम्बुला, एजेंसी**

बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा के नाबाद अर्धशतक से पाकिस्तान ने महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए में यूएई को 10 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। यूएई के 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुल की 55 गेंद में आठ चौकों से नाबाद 62 रन की पारी और मुनीबा अली (नाबाद 37) के साथ उनकी पहले विकेट की अटूट शतकीय साझेदारी से पाकिस्तान ने 14.1 ओवर में बिना विकेट खोए 107 रन बनाकर बेहद आसान जीत दर्ज की।

यूएई की टीम इससे पहले सादिया (11 रन पर दो विकेट), तुबा हसन (17 रन पर दो विकेट) और नासरा संधू (22 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 103 रन ही बना सकी। यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश ने 36 गेंद में पांच चौकों की मदद से सर्वाधिक 40 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज और कप्तान ईशा ओझा (16) और खुशी शर्मा (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। इस जीत से पाकिस्तान के तीन मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम का सेमीफाइनल में जगह बनाने का दावा मजबूत हो गया है। यूएई की टीम तीनों मैच हारकर बाहर हो चुकी है।

### भारत ने नेपाल को दिया 179 रन का लक्ष्य

**दाम्बुला।** भारत ने महिला एशिया कप टी-20 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में मंगलवार को यहां नेपाल के खिलाफ तीन विकेट पर 178 रन बनाये। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 81 जबकि दयालन हेमलता ने 47 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 14 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। नेपाल के लिए सीता राणा मागर ने दो विकेट चटकाए।

## खेल डायरी

### हरमनप्रीत, शेफाली 11वें स्थान पर, मंधाना पांचवें पर

**दुबई।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने आईसीसी टी-20 महिला क्रिकेट रैंकिंग में पांचवां स्थान बनाए रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। हरमनप्रीत को एक पायदान का फायदा मिला जबकि शेफाली बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर आ गई। शीर्ष 20 में भारत के चार खिलाड़ी हैं। जेमिमा रौड्रिग्स 19वें स्थान पर हैं। रिचा घोष 24वें स्थान पर है। बेथ मूनी 769 अंक लेकर शीर्ष पर है। गेंदबाजों की सूची में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर है जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह नौवे स्थान पर हैं। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव 20वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एस्सेलेटोन शीर्ष पर हैं।

### विश्व जूनियर टीम स्क्वाश में भारत के सामने इंग्लैंड

**ह्यूस्टन।** भारतीय लड़कों ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराया जबकि लड़कियों की टीम इंग्लैंड से इसी अंतर से हार गई। लड़कों की टीम का सामना पांचवें स्थान के लिए इंग्लैंड से होगा जबकि लड़कियों की टीम सातवें स्थान के लिये हांगकांग से खेलेगी। लड़कों की टीम में शौर्य बावा ने कोनोर एर्ल को 12-10, 7-11, 11-6, 11-7 से हराया जबकि अयान वाजिराली ने जुडा फिलिप्स को 11-4, 11-4, 11-8 से हराया। लड़कियों की टीम में शमीना रियाज इंग्लैंड की एमेली हावर्थ से 8-11, 4-11, 10-12 से हार गई जबकि उन्नति त्रिपाठी को एमिली कूचेर पोर्टर ने 11-8, 14-12, 11-4 से हराया।

### वोंड्रोसोवा और हुरकाज ने वापस लिया नाम

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक टेनिस रजत पदक विजेता मरकेटा वोंड्रोसोवा ने हाथ की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से नाम वापस ले लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने भी घुटने की चोट से कारण नाम वापिस लेने का फैसला किया है। पिछले साल विंबलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की वोंड्रोसोवा इस महीने विम्बलडन से पहले दौर में बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ओलंपिक से हटने की जानकारी देते हुए कहा कि उनका फोकस अगस्त में होने वाले अमेरिकी ओपन पर है। ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा के ड्रॉ बृहस्पतिवार को निकाले जायेंगे जबकि मैच शनिवार से शुरू होंगे।

### पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगे एंडी मर्रे



**पेरिस।** दो बार ओलंपिक पुरुष एकल चैंपियन एंडी मर्रे ने पुष्टि की कि पेरिस ओलंपिक के बाद वह खेल से संन्यास लेंगे। 37 वर्ष के मर्रे ने एक्स पर पोस्ट किया अपने आखिरी टेनिस टूर्नामेंट के लिए पेरिस पहुंच गया हूं। पेरिस ओलंपिक में टेनिस स्पर्धा रोलां गैरो पर शनिवार से शुरू होंगी। मर्रे ने पहला स्वर्ण पदक 2012 लंदन ओलंपिक में ग्रासकोर्ट पर जीता था जिसमें उन्होंने रोजर फेडरर को तीन सेटों में हराया था। इसके बाद 2016 में रियो दि जिनेरियो में हार्डकोर्ट पर जुआन मार्टिन देल पोत्रो को हराकर खिताब जीता था। मर्रे ने 2019 में कूल्हे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई थी।

# गंभीर के साथ श्रीलंका पहुंची भारतीय टीम

## तीन मैचों की शृंखला का पहला टी-20 मुकाबला 27 को होगा, वनडे शृंखला के लिए बाद में पहुंचेगे दिग्गज खिलाड़ी

**पाल्लेकल, एजेंसी**

नए मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम कोलंबो के रास्ते यहां पहुंच गई जिसका गर्मजोशी से स्वागत किया। पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम सहयोगी स्टाफ के साथ सोमवार को मुंबई से रवाना हुई।

इससे पहले गंभीर और चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने मीडिया को संबोधित किया था। कोलंबो में कुछ देर रूकने के बाद टीम सीधे पाल्लेकल पहुंच गई। भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 और वनडे शृंखला खेलनी है। पहला टी-20 मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा जबकि बाकी दो 28 और 30 जुलाई को होंगे। भारतीय टीम दो, चार और सात अगस्त को तीन वनडे खेलेगी। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा मुंबई से कोलंबो के रास्ते पाल्लेकल। टीम इंडिया श्रीलंका पहुंची।



## टी-20 विश्वकप जश्न पर द्रविड़ चीख और रो रहे थे : अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी**



स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद विराट कोहली का पूर्व कोच द्रविड़ को टी-20 विश्व कप ट्रॉफी सौंपना और कोच का खुशी में चीखना और रोना कुछ ऐसा था जो हमेशा उनकी यादों में रहेगा।

पिछले महीने भारत ने दक्षिण अफ्रीका को करीबी फाइनल में हराकर अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता था जिसके बाद पूर्व कोच द्रविड़ ट्रॉफी को हाथ में उठाकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते नजर आए थे। अश्विन ने स्वीकार किया कि यह 51 साल के द्रविड़ के लिए विशेष लम्हा था जो खिलाड़ी के रूप में आईसीसी का खिताब नहीं जीत पाए लेकिन अंततः कोच के रूप में ऐसा करने में सफल रहे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल कहा मेरे लिए सबसे शानदार लम्हा वह है जब विराट कोहली राहुल द्रविड़ को बुलाते हैं और उन्हें कप देते हैं। मैंने उन्हें कप को गले लगाते हुए और रोते हुए देखा।

## भारत के खिलाफ टी-20 में असलंका संभालेंगे श्रीलंका की कमान, 16 सदस्यीय टीम घोषित

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने 27 जुलाई से भारत के साथ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 शृंखला के लिए चरिथ असलंका को टीम का नया कप्तान बनाया है। श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के साथ होने वाली तीन टी-20 मैचों की शृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। वह हाल ही में कप्तानी से इस्तीफा देने वाले वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे। असलंका ने इस वर्ष की शुरुआत में बंगलादेश दौरे पर दो टी-20 मैचों में श्रीलंका टीम की कप्तानी की थी। उन्होंने श्रीलंका अंडर-19 की भी कप्तानी की है। 34 वर्षीय दिनेश चांदीमल की श्रीलंका की टी-20 टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2022 की शुरुआत में टी-20 मैच खेला था। इस साल एलपीएल में 168 .82 के स्ट्राइक रेट से आठ मैचों में 287 रन बनाए। जो कि उनके करियर के 123 .03 के स्ट्राइक रेट से कहीं अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में वानिंदु हसरंगा के छह महीने के कार्यकाल के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल जेनिथ परेरा (विकेटकीपर), अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), दिनेश चांडीमल, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना , चामिंडु विक्रमसिंघे, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, दुष्मंथा चमीरा और बिनुरा फर्नांडो को शामिल किया गया है।

# यातायात महंगा, सीन की सुरक्षा पर सवाल

**पेरिस, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक के लिये यहां पहुंचे करीब 45,000 वालिंटियर का यहां आना सार्थक हो गया जब उन्हें हवाई अड्डे पर टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से मिलने का मौका मिला। पेरिस में 100 साल बाद ओलंपिक हो रहे हैं और वालिंटियर्स के लिए यह जिंदगी में एक बार मिलने वाला अनुभव है। पेरिस हवाई अड्डे पर एक उत्साही वालिंटियर ने कहा मैं 60 साल का हो चुका हूं और मेरे जीवन में तो पेरिस में फिर ओलंपिक नहीं होने वाला। इसका हिस्सा बनना मेरे लिए जीवन भर नहीं भूलने वाला अनुभव है। बीस मिनट पहले अल्काराज यहां पहुंचे और मैंने उन्हें एक्रिडिटेशन (पहचान पत्र) दिलाने में मदद की। यह अनुभव यादगार हो गया है।

PARIS 2024

**ओलंपिक 2 दिन शेष**

**• 100 साल बाद पेरिस में ओलंपिक, गर्व पर दर्द का भी बना है सबब**

### स्थानीय यातायात महंगा

पेरिस में रहने वाले सभी लोग ओलंपिक के आयोजन से खुश नहीं है क्योंकि इसका उनके दैनंदिनी जीवन पर असर पड़ रहा है। स्थानीय यातायात 2.15 यूरो से बढ़कर 4 यूरो तक पहुंच गया है और आठ सितंबर को पैरालंपिक के खत्म होने तक यही किराया रहेगा। ओलंपिक आयोजन स्थलों के आसपास आवागमन पर भी पाबंदियां हैं। शहर के सबसे व्यस्त ट्रेन स्टेशन पर खड़ी विक्टोरी डेलारू ने कहा पेरिसवासियों के लिए ओलंपिक की मेजबानी गर्व का विषय है लेकिन इससे लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

### आधे होटल हैं खाली

ओलंपिक के दौरान होटलों की भारी मांग दिखाई गई जिससे पेरिस के कई लोगों ने कमाई के लिए अपने घरों को किराये पर लगा दिया लेकिन होटलों की उतनी मांग है नहीं। पेरिस में यह पर्यटन का मौसम है लेकिन मांग फिर भी कम है। एक होटल के मैनेजर समीर ने कहा इस समय हमारे होटल में एक रात का किराया 120 यूरो रहता है लेकिन हम आधे दाम पर लगा रहे हैं। ओलंपिक की मेजबानी हमारे लिए अच्छी नहीं रही। काफी पाबंदियां हैं और कई जगहों पर जाने के लिए क्यूआर कोड चाहिए।

### क्या वाकई साफ है सीन नदी

ओलंपिक के लिए स्थानीय प्रशासन का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट सीन नदी की सफाई था जहां उद्घाटन समारोह, ट्रायथलन और मैराथन तैराकी होनी है। इतिहास में पहली बार पानी पर उद्घाटन समारोह हो रहा है जिसमें सुरक्षा उपायों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सीन नदी में तैराकी पर 100 साल पहले प्रतिबंध लग गया था लेकिन इसकी सफाई पर डेढ़ अरब यूरो खर्च किए गए। पिछले सप्ताह बारंबार देरी के बाद आखिरकार डुबकी लगाकर इसे तैराकी के लिये सुरक्षित करार दिया।

# असम के मुख्यमंत्री ने अभिनव को ओलंपिक आर्डर मिलने पर दी बधाई

**गुवाहाटी, एजेंसी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक मूवमेंट में उनके असाधारण योगदान के लिये ओलंपिक आर्डर मिलने पर बधाई दी है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा उम्मीद है कि वह आने वाली पीढियों को खेलों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने बिंद्रा को बताया कि उन्हें ओलंपिक आर्डर दिया गया है और पुरस्कार समारोह 10 अगस्त को पेरिस में आईओसी के 142वें सत्र के दौरान होगा। असम सरकार ने गुवाहाटी और जोरहट में दो हाई परफार्मेंस खेल ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने के लिए असम सरकार के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश के 250 सरकारी और गुवाहाटी के निजी स्कूलों में ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) लागू करने के लिए भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद बदलती जीवन शैली, एकाग्रता के अभाव और स्कूल से बच्चों का नाम वापिस लेने जैसी समस्याओं से निपटना है।

# विश्वास, टीम भावना सफलता की कुंजी : क्रेग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पिछले साल भारतीय पुरुष हॉकी टीम से जुड़े कोच क्रेग फुल्टोन का लक्ष्य आपसी विश्वास मजबूत करना था और उन्हें यकीन है कि उनके प्रयासों का नतीजा पेरिस ओलंपिक में पदक के बेहतर रंग के रूप में मिलेगा।

14 माह पहले पदभार संभालने वाले फुल्टोन ने कहा मुझे नहीं पता कि तोक्यो ओलंपिक से पहले क्या तैयारियां थी लेकिन 14 महीने पहले मेरे आने के बाद से फोकस खिलाड़ियों में आपसी विश्वास बेहतर करने पर रहा है। उन्होंने बेहतर नतीजों के लिये दक्षिण अफ्रीका के मानसिक अनुकूलन कोच पैडी उपटन की सेवाएं ली जो 2011 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम कर चुके हैं। उपटन टीम के साथ पेरिस में हैं। मानसिक दृढता के लिये उन्होंने इस महीने की शुरूआत में स्विटजरलैंड के माइक होर्न्स बेस में तीन दिन का शिविर लगाया। फुल्टोन ने कहा मैने अल्पकालिन और दीर्घकालिन रणनीति बनाई और उसके हिसाब से काम किया।



**• भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टोन बोले- आपसी तालमेल को बेहतर करने पर रहा पूरा ध्यान केंद्रित**

उन्होंने कहा हमारी तैयारियां अच्छी रही और स्विट्जरलैंड में तीन दिन का शिविर बहुत अच्छा साबित हुआ। हमने आपसी विश्वास, टीम भावना और एकजुटता बढाने पर काम किया । इसके बाद नीदरलैंड में नौ दिन अभ्यास किया और कुछ अभ्यास मैच भी खेले। तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक विजेता से अपेक्षाओं के बारे में उन्होंने कहा मुझे अपेक्षाओं का पता है और मैं इसके लिए पूरी तरह से तैयार हूं। भारत का हॉकी का गौरवमयी इतिहास रहा है और हम उस विरासत को आगे बढाना चाहते हैं। मैं पोडियम पर रहने के बारे में कयास नहीं लगा सकता क्योंकि ओलंपिक में 12 टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। पहले तीन मैच अहम है जिन पर फोकस रहेगा।

### ओलंपिक से इतर हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सितंबर में चीन में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेंगलुरू में सीनियर पुरुष टीम के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में उन खिलाड़ियों को बुलाया है जो पेरिस ओलंपिक की टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसमें विकास ग्रुप और जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक टीम में शामिल खिलाड़ी छोटे ब्रेक के बाद 24 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे जो चार सितंबर तक चलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा सीनियर टीम पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरूआत की तैयारी में जुटी है लेकिन हमारे पास उससे इतर भी खिलाड़ियों का मजबूत पूल है जो भारत के लिये फिर खेलने के मौके के इंतजार में हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक के कुछ सप्ताह बाद ही है लिहाजा इसके लिये बेंगलुरू के साइ केंद्र में शिविर लगाया जा रहा है । ये खिलाड़ी उसके लिये तैयारी करेंगे और ओलंपिक टीम 24 अगस्त को उनसे जुड़ेगी।

## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म खेल-खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म खेल खेल में का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है ।कॉमेडी-ड्रामा खेल खेल में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, अम्मी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जैसवाल और फरदीन खान की अहम भूमिका हैं। फिल्म ''खेल खेल में'' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज फिल्म, वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन की फिल्म खेल खेल में का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया हैं। यह फिल्म भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित है। फिल्म खेल खेल में 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

### जियो सिनेमा पर 9 से स्ट्रीम होगी घुड़चढ़ी

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और अभिनेत्री रवीना टंडन की आने वाली फिल्म ''घुड़चढ़ी'' ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 9 अगस्त से स्ट्रीम होगी। निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित ''घुड़चढ़ी'' का पहला पोस्टर जारी हो गया है। साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। ''घुड़चढ़ी'' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त, रवीना टंडन, पार्थ समथान और खुशाली कुमार की अहम भूमिका है। ''घुड़चढ़ी'' सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 09 अगस्त से स्ट्रीम होगी। संजय दत्त ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म घुड़चढ़ी का पोस्टर शेयर किया है ।पोस्टर में रवीना-संजय और पार्थ-खुशाली रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया है, प्यार डबल और कन्फ्यूजन डबल।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### नेपाल में भारतीयों को टक्कर मारकर घायल वाला चालक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में एक कार चालक को नशे में वाहन चलाने और उससे (कार से) टक्कर मारकर तीन भारतीय राहगीरों को घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात कालीमाटी-कुलेश्वर सड़क खंड पर हुई। उन्होंने बताया कि गलत लेन से आ रही कार ने फुटपाथ पर चल रहे तीन भारतीयों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मेडिकल जांच में पता चला कि कार चालक भूपेंद्र श्रेष्ठ (40) ने मादक पदार्थ का सेवन कर रखा था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों की पहचान प्रियांशु कुमार (18), भोला कुमार (25) और श्याम बाबू ठाकुर (18) के रूप में हुई है।

### अमेरिका में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन प्रांत में सोमवार को एक एयर शो स्थल के पास खेत में विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। विन्नेबागो काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि कल दोपहर पूर्वी विस्कॉन्सिन शहर नेकिमी में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मृतकों के रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई है। मृतकों के नाम का अभी खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड विमान दुर्घटना की जांच में जुट गया है।

### म्यांमार के प्रधानमंत्री बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय प्रशासन परिषद के अध्यक्ष मिन आंग ह्लाइंग को राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद की गतिविधियों से संबंधित मामलों को हल करने के लिए अस्थायी रूप से कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियां दी गई हैं। एमडब्ल्यूडी न्यूज ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी। सैन्य सरकार ने कहा, "कार्यवाहक राष्ट्रपति के कर्तव्य राज्य प्रशासन परिषद के अध्यक्ष को सौंप दिए गए हैं।" रिपोर्ट के मुताबिक, म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति माइंट स्वे बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है।

### अमेरिका की अधीनस्थ अदालत पर साइबर हमला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका की सबसे बड़ी अधीनस्थ अदालत 'सुपीरियर कोर्ट ऑफ लॉस एंजिलिस काउंटी' पिछले सप्ताह रैनसमवेयर हमले के कारण कम्प्यूटर प्रणाली में खराबी आ जाने के कारण सोमवार को बंद रही। शुक्रवार की सुबह साइबर हमले का पता चलने पर अदालत की कंप्यूटर प्रणाली को बंद कर दिया गया था, जो सप्ताहांत तक बंद रही। अदालतें शुक्रवार को काम-काज के लिए खुली रहीं, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि काउंटी की सभी 36 अदालतें सोमवार को बंद रहेंगी।

### मशहूर कन्नड़ निर्देशक ने धोंडले ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** जाने-माने कन्नड़ टीवी सीरीज निर्देशक विनोद वी धोंडले ने अपनी पहली फिल्म के बढ़ते बजट और फिल्म के वास्ते लिए गए तीन करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण से कथित रूप से परेशान होकर 20 जुलाई को आत्महत्या कर ली। उनके साझेदार और फिल्म के निर्माता 'वृद्धि क्रिएशन' के वर्धन हरि ने कहा कि उन्हें वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि फिल्म की शूटिंग की अवधि निर्धारित दिनों से लगभग दोगुनी हो गई। हरि ने कहा, "हमारा मूल बजट करीब 1.5 करोड़ रुपये था, लेकिन हम कई गुना ज्यादा खर्च कर बैठे। अब हमें कुछ दृश्यों के साथ-साथ एक गाना और एक लड़ाई का दृश्य भी दोबारा शूट करना था। इन सबके लिए और अधिक पैसे की जरूरत थी।"

# अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की मुखिया चीटल का इस्तीफा

वाशिंगटन, एजेंसी

- डोनाल्ड ट्रंप पर हमले को बताया था सबसे गंभीर चूक



अमेरिकी खुफिया सेवा की निदेशक किंबरले चीटल ने एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास की घटना को लेकर मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया। चीटल ने विभाग के सहयोगियों को किए गए ई-मेल में यह जानकारी दी। चीटल ने अपने ई-मेल में कहा, 'मैं सुरक्षा चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। हाल की घटनाओं के मद्देनजर, भारी मन से मैंने निदेशक पद से इस्तीफा देने का कठिन निर्णय लिया है।'

ट्रंप पर हमले की घटना के बाद से ही खुफिया सेवा पर गंभीर चूक करने के आरोप लग रहे थे। इसे लेकर अगस्त, 2022 से ही निदेशक पद संभाल रहीं चीटल पर इस्तीफा देने का चौतरफा दबाव था। एक दिन पहले ही चीटल ने सांसदों के समक्ष स्वीकार किया था कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या का प्रयास, 1981 में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन को गोली मारे जाने की घटना के बाद से 'सबसे गंभीर' सुरक्षा चूक है। चीटल ने ट्रंप की हत्या के प्रयास को लेकर सदन की निगरानी व जवाबदेही समिति के समक्ष अपनी पेशी के दौरान यह बात स्वीकार की।

# भारत ने बजट में पड़ोसियों का भी रखा ख्याल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मालदीव को मदद बरकरार, भूटान के लिए सबसे ज्यादा आवंटन

भारत ने 'पड़ोसी पहले की नीति' के तहत बजट 2024-25 में भूटान को मदद का सबसे बड़ा हिस्सा दिया है। इस वित्तीय वर्ष में उसे 2,068 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भूटान में विभिन्न योजनाओं के लिए 2400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। वहीं, बांग्लादेश को मौजूदा आम बजट में 120 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपये था।

वहीं, मॉरीशस के लिए मदद भी 2024-25 के केंद्रीय बजट में वित्तीय मदद कम की गई है। उसके लिए 370 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। पिछले वित्त वर्ष



में यह राशि 400 करोड़ रुपये थी। म्यांमार के लिए भी इस साल का बजट 400 करोड़ रुपये से घटकर 250 करोड़ रुपये हो गया।

इस बीच, मालदीव के लिए आवंटन में कोई बदलाव नहीं किया गया। इस साल भारत सरकार ने केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए मालदीव को 400 करोड़ रुपये आवंटित किए।

मालदीव और भारत के बीच राजनयिक संबंध इस साल जनवरी की शुरुआत में तनावपूर्ण हो गए थे। दोनों देशों के बीच विवाद उस समय पैदा हुआ, जब मालदीव के कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान अपमानजनक टिप्पणी की। हालांकि, बाद में इन सांसदों को निलंबित भी किया गया। मोहम्मद मुइज्जी के मालदीव के राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद विवाद शुरू हुआ। चीन के समर्थन माने जाने वाले मुइज्जी ने मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध किया था। इस कदम ने भारत और मालदीव के बीच राजनियक संबंधों को और प्रभावित किया था। इसके अलावा, ईरान के चाबहार बंदरगाह के लिए भी 100 करोड़ रुपये का आवंटन बरकरार रखा गया है।

### नेपाल-श्रीलंका के लिए भी बजट आवंटन में वृद्धि

नेपाल और श्रीलंका के लिए बजट आवंटन में वृद्धि की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नेपाल को सहायता के रूप में 700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो कि पिछले साल 550 करोड़ रुपये था। श्रीलंका के लिए इस साल 245 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि पिछले साल यह राशि 150 करोड़ रुपये थी।

## इथियोपिया: भूस्खलन में बच्चों समेत 157 लोगों की मौत

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी जिले में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गोफा जोन के संचार कार्यालय के प्रमुख कासाहुन अबेयनेह ने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 157 हो गई। सोमवार रात तक 55 लोगों की मौत की सूचना थी। गोफा जोन वह प्रशासनिक इलाका है, जहां भूस्खलन हुआ है।

# कनाडा में एक और मंदिर में तोड़फोड़

## खालिस्तान समर्थकों ने स्वामीनारायण मंदिर की दीवार पर लिखे आपत्तिजनक नारे

ओटावा, एजेंसी

कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया। अलबर्टा प्रांत की राजधानी एडमॉन्टन में एक हिंदू मंदिर में मंगलवार को तोड़फोड़ की गई और उन पर घृणित भित्तिचित्र बनाए गए। इसके पीछे खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को विरूपित किए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, "पिछले कुछ वर्षों के दौरान ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में हिंदू मंदिरों को घृणित भित्तिचित्रों के साथ नष्ट किया जा रहा है।"

ऐसी घटनाओं को भड़काने वाले चरमपंथी तत्वों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बहुसांस्कृतिक मुद्दों पर अपनी वकालत के लिए जाने जाने वाले लिबरल सांसद का कहना है कि सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नून ने पिछले साल सार्वजनिक रूप से हिंदुओं को भारत वापस जाने के लिए कहा था। खालिस्तान समर्थकों ने ब्रैम्पटन और वैंकूवर में घातक हथियारों की तस्वीरें लहरा कर भारत की पूर्व



एडमॉन्टन में हिंदू मंदिर पर हमले में खालिस्तान समर्थकों का हाथ बताया जा रहा है।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का सार्वजनिक रूप से जश्न मनाया था।

आर्य ने जोर देकर कहा, "जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच जाते हैं।" उन्होंने मंदिर की क्षतिग्रस्त दीवार की एक तस्वीर के साथ आग्रह करते हुए अपनी पोस्ट समाप्त की, "एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह मैं फिर से कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं, इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू-कनाडाई लोगों के खिलाफ भौतिक कार्रवाई में तब्दील हो जाए।"

तोड़ी गई मंदिर की दीवार पर लिखा है, "प्रधानमंत्री मोदी सांसद आर्य हिंदू आतंकवादी कनाडा विरोधी हैं।" पिछले साल नवंबर में एक वकालत संस्था 'कनाडा-इंडिया फाउंडेशन' ने देश के राजनेताओं से अपनी चुप्पी तोड़ने और बहुत देर होने से पहले कट्टरपंथियों पर लगाम लगाने के लिए कहा था।

कनाडाई राजनेताओं और मीडिया ने हालांकि इस खतरे को नजरअंदाज कर दिया। स्थिति के जवाब में उन्होंने एक खुले पत्र में कहा था, "हमें इस बात से और भी निराशा हुई है कि हमारे नेताओं ने इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। आतंकवाद और खतरों से निपटने के लिए यह चयनात्मक दृष्टिकोण इस दुनिया को सुरक्षित जगह नहीं बनाएगा।"

हाल के दिनों में तोड़े गए हिंदू मंदिरों में मिसिसॉगा में राम मंदिर, रिचमंड हिल में विष्णु मंदिर, टोरंटो में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, सरे में लक्ष्मी नारायण मंदिर शामिल हैं। इन हमलों को धर्म की स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देखा जाता है और एक खतरनाक प्रवृत्ति माना जाता है। वकालत संस्था ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि चरमपंथियों ने आम हिंदुओं को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है और उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है।

### हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं: सांसद आर्य

सांसद चंद्र आर्य ने अपनी पोस्ट में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं एक बार फिर से बोलना चाहता हूं, हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं। मैं फिर से कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं। इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू कनाडाई लोगों के खिलाफ हमलों में तब्दील हो जाए।'

## जेल में अच्छी सुविधाओं के लिए कोर्ट पहुंचे इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में अंतर्राष्ट्रीय मानक की सुविधाएं दिए जाने का अनुरोध करते हुए इस्लामाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद इमरान और बुशरा ने वहां उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के अनुरोध को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को एक याचिका दायर की। इमरान को वर्ष 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किया गया था।

# ऋषि सुनक 2 नवंबर तक नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे

लंदन, एजेंसी

- नवंबर तक सुनक के उत्तराधिकारी का किया जाएगा चुनाव

ब्रिटेन की संसद में पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 2 नवंबर तक अंतरिम नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी की समय सारिणी के अनुसार नवंबर तक उनके उत्तराधिकारी का चुनाव किया जाएगा और इसके लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी। टोरी (कंजर्वेटिव पार्टी) का नेतृत्व कौन करेगा, यह तय करने के लिए संसद के बैकबेंच सदस्यों की 1922 समिति ने सोमवार शाम को दो चरण की चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी, जिसके तहत दो नवंबर को नए नेता की नियुक्ति की जाएगी।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक (44) ने आम चुनाव में पार्टी की सबसे बुरी हार के बाद 5 जुलाई को अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुना जाता, तब तक वह टोरी के अंतरिम नेता की जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहेंगे। सुनक ने कहा, 'पार्टी का नेतृत्व हासिल करने के उम्मीदवारों या इससे जुड़े अभियान के बारे में कोई भी टिप्पणी करना मेरे लिए अनुचित होगा।'



### अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंची कमला

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती देने के लिए अपनी डेमोक्रेट पार्टी के 'डेलीगेट' का समर्थन जुटाने के वास्ते मंगलवार को अपनी पहली रैली के लिए विस्कॉन्सिन पहुंचीं। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख नेताओं के हैरिस के पक्ष में लामबंद होने के बीच वह राष्ट्रपति चुनाव का उम्मीदवार बनने के लिए रविवार से शुरू किए गए अपने अभियान के तहत मिलवॉकी से समर्थन जुटाना शुरू करेंगी। बाइडन (81) ने गत रविवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की अचानक घोषणा कर सबको चौंका दिया था।

# फिलिस्तीन के दो विरोधी गुटों हमास और फतह में समझौता

रामल्ला (वेस्ट बैंक), एजेंसी

- वर्षों से जारी मतभेद खत्म करने के लिए बीजिंग में घोषणापत्र पर किए हस्ताक्षर

गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच फिलिस्तीन के प्रतिद्वंद्वी समूहों हमास और फतह ने वर्षों से जारी आपसी मतभेदों को खत्म करने के लिए बीजिंग में एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। गाजा पट्टी में गहराते युद्ध संकट के बीच यह घोषणापत्र फलस्तीनी क्षेत्र में मिलकर सरकार बनाने के मकसद से हमास और फतह को एकजुट करने के लिए जारी कई दौर की बातचीत का नतीजा है।

हालांकि दोनों पक्ष आपसी मतभेद दूर करने के लिए पहले भी कई ऐसे घोषणापत्र पर दस्तखत कर चुके हैं, जो विफल रहे हैं। ऐसे में इस बात को लेकर संदेह पैदा हो गया है कि क्या चीन प्रायोजित वार्ता से वास्तव में कोई समाधान निकल सकता है। इस घोषणापत्र पर ऐसे समय में हस्ताक्षर किए गए हैं, जब इजराइल और हमास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थित संघर्ष-विराम प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, जो गाजा पट्टी में नौ महीने से जारी युद्ध को समाप्त कर सकता है और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों की आजादी का रास्ता खोल सकता है। हालांकि, समझौते पर सहमति बनने के बावजूद युद्ध के बाद गाजा पट्टी की स्थिति को लेकर संशय बरकरार रहेगा, क्योंकि इजराइल इस क्षेत्र के शासन में हमास की किसी भी भूमिका के खिलाफ है। उसने युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा को फतह-प्रभुत्व वाले फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा संचालित करने के अमेरिका के आह्वान को भी खारिज कर दिया है।

## माली में हिंसक हमले में 26 ग्रामीणों की मौत

**बमाको।** बुर्किना फासो की सीमा के समीप माली के मध्य क्षेत्र के एक गांव पर एक सशस्त्र समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। बैंकोस कस्बे के मेयर मौलाये गुइंडो ने बताया कि डेंबो गांव में हमलावरों ने रविवार शाम को ग्रामीणों पर उस समय हमला कर दिया, जब उनमें से अधिकतर लोग अपने खेतों में काम कर रहे थे। देश की सैन्य सरकार उत्तरी क्षेत्र में हिंसा को रोकने के लिए संघर्ष कर रही है।

मध्य माली में ऐसे हमले लगातार बढ़ रहे हैं। रविवार के हुए हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन इसके पीछे अल-कायदा से जुड़े चरमपंथी संगठन 'जेएनआईएम' का हाथ माना जा रहा है, जो ग्रामीणों को अक्सर निशाना बनाता है। विद्रोहियों ने जुलाई में भी इसी तरह एक विवाह समारोह पर हमला किया था।

# ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' दोषी करार

## पाकिस्तान मूल के ब्रिटिश नागरिक अंजम चौधरी को हो सकती है उम्रकैद

लंदन, एजेंसी

- आतंकी संगठन अल-मुहाजिर में कार्यवाहक की भूमिका निभाता था

ब्रिटिश-पाकिस्तानी कट्टरपंथी इस्लामवादी उपदेशक अंजम चौधरी को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को दिशा-निर्देश देने का दोषी पाया गया है। संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय जांच के बाद ब्रिटेन में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। अंजम चौधरी को ब्रिटेन का 'जाकिर नाइक' भी कहा जाता है।

अंजम चौधरी (57) को अल-मुहाजिर (एएलएम) में कार्यवाहक की भूमिका निभाते पाया गया था और लंदन के 'वूलविच क्राउन कोर्ट' में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि उसने 2014 के बाद एक महत्वपूर्ण अवधि के लिए आतंकवादी समूह को दिशा-निर्देश दिए थे और ऑनलाइन माध्यम से की गई बैठकों को संबोधित करके संगठन के लिए समर्थन को



प्रोत्साहित किया था। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को उसे सजा सुनाई जाएगी। माना जा रहा है कि उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस, न्यूयॉर्क पुलिस विभाग और रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की ओर से की गई जांच के परिणामरूप दोषसिद्धि हो पाई।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस की आतंकवाद-रोधी कमांड के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने कहा, 'अल-मुहाजिर दुनिया भर में अपनी पहुंच बना चुका है और इसका जन सुरक्षा पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।' अल-मुहाजिर को पहली बार 2006 में अल घुरबा नाम से ब्रिटेन द्वारा प्रतिबंधित किया गया था। अल-मुहाजिर को 2010 में वैकल्पिक नाम के रूप में प्रतिबंध में शामिल किया गया। चौधरी इसके मूल तीन सदस्यों में से एक था।

पिछले साल जुलाई में लंदन के एक एयरपोर्ट से चौधरी के एक सहयोगी 29 वर्ष के खालेद हुसैन को हिरासत में लिया गया था। उसे एएलएम का सदस्य होने का दोषी पाया गया था। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि जून 2022 से अपनी गिरफ्तारी होने तक चौधरी ने छोटे-छोटे समूहों में ऑनलाइन उपदेश देकर ब्रिटेन में इस्लामिक स्टेट की स्थापना पर जोर दिया।

## श्रीलंका ने नौ भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को कथित तौर पर अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। इसी के साथ इस वर्ष श्रीलंका द्वारा ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की कुल संख्या 261 हो गई है। नौसेना ने कहा कि उत्तरी जाफना प्रायद्वीप के डेल्फ्ट द्वीप पर नौ मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी दो नौकाएं जब्त की गई। नौसेना ने 11 जुलाई को कहा था कि इस साल अवैध शिकार करने को लेकर 252 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। इस माह के आरंभ में श्रीलंका ने भारत के समक्ष एक नौसैनिक की मौत के मामले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की थी। दोनों देशों के मछुआरों को अक्सर अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसने के लिए गिरफ्तार किया जाता है।

# सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के जरिये करेंगे हल: ओली

काठमांडू, एजेंसी

- नेपाल के प्रधानमंत्री ने एक सांसद के सवाल का दिया जवाब

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा है कि भारत के साथ लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी जैसे क्षेत्रों सहित सीमा मुद्दों को राजनयिक तंत्र के माध्यम से हल करने के लिए समझ बनी हुई है। ओली ने प्रतिनिधि सभा में एक सांसद के सवाल का जवाब देते हुए सोमवार को उल्लेख किया कि नेपाल-भारत सीमा पर सीमा चौकियों का निर्माण और बहाली चल रही है।

'माई रिपब्लिका' ने ओली के हवाले से कहा, "संघीय संसद, नेपाल सरकार और सभी नेपाली नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के संबंध में स्पष्ट और दृढ़ रहे हैं। 17 जून, 2020 को नेपाल के संविधान में दूसरे संशोधन के माध्यम से नए मानचित्रों को संविधान की अनुसूची-3 में शामिल किया गया है और सीमा मुद्दों पर एक अभूतपूर्व राष्ट्रीय सहमति है। वर्ष 1816 की सुगौली संधि के अनुसार, नेपाल सरकार दृढ़ और स्पष्ट है कि लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित काली (महाकाली) नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र नेपाल के हैं।" उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं के अवसर पर हुई बैठकों के दौरान, स्थापित राजनयिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने पर सहमति बनी थी।

खोज-खबर


सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर के आपसी संपर्क को किया उजागर

# भौतिकीविदों का अंतिम पारसेक समस्या के निदान का प्रस्ताव

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** खगोल भौतिकीविदों ने अंतिम पारसेक समस्या के निदान के लिए नया समाधान प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में सुपरमैसिव ब्लैक होल व डार्क मैटर कनेक्शन को उजागर किया गया है। जर्नल फिजिकल रिव्यू लेटर्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

दरअसल, पारसेक एक खगोलीय मापन मात्रक है, जो सर्वाधिक दूरी को मापने के लिए उपयोग में लाई जाती है। मगर अंतिम पारसेक समस्या वैज्ञानिकों के लिए अभी तक रहस्य बना हुआ था। इसे नए शोध के जरिए सुलझाने का प्रयास किया गया है, जिसमें एक सुपरमैसिव ब्लैक होल बाइनरी सिस्टम द्वारा उत्सर्जित प्रकाश पर



ब्लैक होल की तस्वीर।

शोधकर प्रस्ताव दिया गया है। शोध में वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड की कुछ सबसे बड़ी और छोटी वस्तुओं के बीच एक संबंध पाया है।

यह संबंध सुपरमैसिव ब्लैक होल और डार्क मैटर कण के बीच है। उनकी नई गणना से पता चलता है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल (एसएमबीएच) के जोड़े डार्क मैटर कणों के पहले से नजरअंदाज किए गए व्यवहार के कारण एक बड़े ब्लैक होल में विलीन हो सकते हैं और यही अंतिम पारसेक समस्या के समाधान का प्रस्ताव है।

यह शोध प्रतिरूपित डार्क मैटर कणों के बीच परस्पर क्रिया गैलेक्टिक डार्क मैटर हेलो के आकार को भी स्पष्ट करता है। साथ ही डार्क मैटर के व्यवहार में भी प्रकाश डालता है। शोध में टोरंटो विश्वविद्यालय, मैकगिल विश्वविद्यालय, ट्रॉटियर अंतरिक्ष संस्थान, स्विट्जरलैंड के सीईआरएन सैद्धांतिक भौतिकी विभाग के वैज्ञानिक और शोध छात्र शामिल थे।

### खगोलीय मापन की इकाइयां

**नैनीताल:** खगोलीय मापन में तीन प्रकार की इकाइयां उपयोग में लाई जाती हैं। जिनमें सबसे छोटी इकाई को खगोलीय मात्रक यानी पृथ्वी व सूर्य के बीच की औसत दूरी को लिया जाता है। इसे एक खगोलीय इकाई कहा जाता है। दूसरी इकाई प्रकाश वर्ष यानी एक वर्ष में चलने वाले प्रकाश की दूरी होती है। इसके अलावा सबसे लंबी दूरी को मापने के लिए पारसेक इकाई का उपयोग किया जाता है। यह सबसे बड़ा मात्रक है। जिसका मान 3 गुणा 6 प्रकाश वर्ष होता है।

# मुस्लिमों के जबरन दाह संस्कार पर माफी मांगेगा श्रीलंका

कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंकाई सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति की थी लागू

श्रीलंका की सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह कोविड-19 से जान गंवाने वाले मुस्लिम व्यक्तियों के जबरन दाह संस्कार के लिए देश के मुस्लिम समुदाय से औपचारिक रूप से माफी मांगेगी। श्रीलंकाई सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति लागू की थी।

वर्ष 2020 में कोविड-19 पीड़ितों के दाह संस्कार का अनिवार्य आदेश जारी किया गया था, जिससे मुसलमानों सहित कई अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को उनके धार्मिक अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। हालांकि, बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बीच फरवरी 2021 में इस आदेश को रद कर दिया गया था। एक कैबिनेट नोट के अनुसार, श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने सोमवार को एक बैठक में मार्च 2020 में थोपे गए आदेश के लिए मुस्लिम समुदाय से माफी मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने सरकार की ओर से सभी समुदायों से माफी मांगने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल ने ऐसे विवादास्पद कदमों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कानून लाने का भी निर्णय लिया। बयान में कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने धर्म के आधार पर शवों को दफनाने या दाह संस्कार पर एक प्रस्तावित कानून को भी मंजूरी दे दी है।